हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

## उनसे सवाल था-नरोत्तम के आंसुओं में भाजपा बहेगी या कांग्रेस?

# उनका जवाब था- नरोत्तम के आंसुओं की धारा किसको बहाकर ले जाएगी.. ये आगामी दिनों में समझ में आ जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक का का कहना है कि लोगों को लगता था कि नरोत्तम मिश्रा को भोपाल से टिकट नहीं मिला तो उनके अमित शाह से इतने अच्छे संबंध हैं कि वे दिल्ली से टिकट ले आएंगे। सोशल मीडिया में लोग कह रहे थे 12 घंटे में, 24 घंटे में नरोत्तम को ही टिकट मिलेगा, परिवर्तन होगा। नामांकन नरोत्तम मिश्रा ही दाखिल भरेंगे। यदि भाजपा के कार्यकर्ता होते तो क्या नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद के नारे लगते? नरेंद्र सिंह तोमर मुर्दाबाद के नारे लगाते? क्या नरेंद्र मोदी को बुरा-भला कहते? क्या डॉ. मोहन यादव के बारे में गालियों का प्रयोग करते? आज मुझे टिकट नहीं मिला तो कमलनाथ जी, सुरजेवाला जी या दिग्विजय सिंह जी पिता समान हैं तो उनको क्या मैं उन्हें गाली दे सकता हूं या गाली देना चाहिए, नाराजगी हो सकती है। जो लोग होंगे उन्हें ऐसा समझाया होगा कि ऐसा ही करना है। नरोत्तमजी के प्रति मेरी सहानुभूति है। ऐसी पीड़ा जो उन्हें हुई है उन्होंने 2008 में मुझे दी थी। 2014 में ऐसी पीड़ा वो मुझे दे चुके हैं। उन्होंने मेरे प्रति सहानुभूति नहीं प्रकट की थी लेकिन मैं उनका छोटा भाई जैसा हूं, बड़े भाई के लिए सहानुभूति है और माई ऐसा किसी को भी न दिखाए। उनके आंसुओं की धारा किसको बहाकर ले जाएगी ये आगामी 3-4 दिनों में समझ में आ जाएगा। अभी कुछ कहना उचित नहीं है। नायक ने बात दतिया उप चुनाव में कांग्रेस की ओर से टिकट नहीं मिलने पर 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास बातचीत में कही।

### यह भी बोले अवधेश नायक

- *परिश्रम करने वाले चुनाव से बाहर और जो सक्रिय नहीं थे, आज वे चुनाव लड़ रहे*
- *दिग्विजय जी ने आरएएसएस का कार्यकर्ता कहकर दो बार टिकट कटवाया, यह अखरा*
- *नरोत्तम ने भाजपा के बड़े नेताओं को दरकिनार किया, ये उनकी सबसे बड़ी गलती*




### उनसे सीधी बात

**प्रश्नः कितना नाराज हैं हालात से, अपने आप से, अपनी पार्टी से, किस से नाराज हैं?**

**उत्तरः** निश्चित रूप से अपने आप से तो नाराज नहीं हो सकता हूं क्योंकि व्यक्ति के हाथ में परिश्रम होता है। इसकी मैंने पराकाष्ठा की और उसमें से सारे सर्वे मेरे पक्ष में थे इसलिए अपने आप से नाराज होने का कोई प्रश्न नहीं है। हां, कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व से निश्चित रूप से नाराजगी है। 2023 में जब मेरा टिकट घोषित हुआ और फिर काटा गया तो पूरे मनोयोग से प्राणप्रण से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में काम किया, कांग्रेस जीती, मेरा उसमें बड़ा योगदान रहा। 2023 में ही कमलनाथ और रणदीप सुरजेवाला ने यह आश्वासन दिया था कि अगला चुनाव आप लड़ोगे। चुनाव में इस बार भी निराशा हाथ लगी है तो निश्चित रूप से प्रदेश नेतृत्व से नाराजगी तो है ही। पिछली बार दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय सेवक संघ का कहकर टिकट कटवाया था। उन्हें लगता है कि जीतने के बाद में भाजपा में चला जाऊंगा तो यह अविश्वास जो उनके मन में है और वादा करने के बाद कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व की वादा खिलाफी की जो बात है उससे नाराजगी है और उसका परिणाम है कि मैं घर पर हूं और हमारे सब शुभचिंतक मुझे घेरे हुए हैं। देखिए, क्या निर्णय होता है।

परिस्थितियां होती हैं यह सब नियति का खेल है। बड़ी विडंबना है, इसका मैं कई बार शिकार हो चुका हूं। 2003 में पार्षद था, 25 साल की उम्र थी जब भाजपा का टिकट मिला। लेकिन, उमा भारती जी ने चुनाव में बेरूखी दिखलाई जिसके चलते बहुत कम वोटों से हार गया। दूसरे नंबर पर आया।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### रजनीश अग्रवाल ने ली राज्यसभा की सदस्यता



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को संसद भवन में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। भाजपा)के रजनीश कुमार अग्रवाल ने हिंदी भाषा में शपथ ग्रहण की। वह मप्र से चुनकर आए हैं। वहीं, कर्नाटक से निर्वाचित कांग्रेस के मंसूर अली खान ने अंग्रेजी में शपथ ली।

#### जज को फोन मामले में पाठक पर फैसला सुरक्षित



**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया की डिवीजन बेंच ने विधायक संजय पाठक के खिलाफ अवमानना मामले में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान पाठक खुद कोर्ट में मौजूद रहे। उनकी ओर से अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी।

ऐसा 'आनंद' : लखन पटेल को अचानक थमा दिया 'आनंद विभाग'

# सीएम ने लखन से लिया 'पशुपालन' पहले नागर से छिन चुका वन विभाग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*लखन को मंत्रिमंडल से हटाया नहीं गया। वे बिना विभाग के मंत्री न रहें, इसलिए मुख्यमंत्री ने उन्हें आनंद विभाग सौंप दिया*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य मंत्रिमंडल के गठन के बाद से अब तक अपनी टीम का विस्तार एवं फेरबदल नहीं कर पाए, अलबत्ता दूसरी बार मंत्री से उसका विभाग जरूर ले लिया गया। पहले नागर सिंह चौहान से वन विभाग लेकर कांग्रेस से आए राम निवास रावत को दिया गया था। नागर ने इस पर विरोध भी दर्ज कराया था। बाद में रावत विधानसभा का उप चुनाव हारे तो यह विभाग मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पास आ गया। अब मुख्यमंत्री ने अपने दूसरे मंत्री लखन पटेल से अचानक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ले लिया। यह कार्रवाई रातों-रात हुई।मंगलवार की शाम पहले गजट नोटिफिकेशन जारी हुआ, इसके बाद बुधवार की सुबह मुख्यमंत्री ने पटेल को सीएम हाउस बुलाकर इसकी जानकारी दी। चूंकि लखन को मंत्रिमंडल से हटाया नहीं गया। वे बिना विभाग के मंत्री न रहे, इसलिए मुख्यमंत्री ने उन्हें आनंद विभाग सौंप दिया। गौर हो कि लखन पटेल दमोह जिले के पथरिया से दूसरी बार विधायक हैं। पहली बार 2013 में विधायक बने थे। फिर 2023 के विधानसभा चुनाव में विधायक चुने गए थे। मोहन सरकार में वह पहली बार मंत्री बने हैं। विधायक बनने से पहले वह एसबीआई में कृषि अधिकारी थे।



लखन पटेल

- ▶▶ वन के बाद पशुपालन भी मुख्यमंत्री ने रखा अपने पास
- ▶▶ मुख्यमंत्री यादव के पास अब 11 विभागों का दायित्व



#### पहली बार किसी मंत्री के पास सिर्फ आनंद विभाग

मध्य प्रदेश देश का ऐसा प्रथम और एकमात्र राज्य है जिसने वर्ष 2016 में आनंद विभाग का गठन किया था। अपनी 10 वर्षीय यात्रा में आनंद विभाग कभी भी स्वतंत्र रूप से किसी मंत्री को आवंटित नहीं किया गया। इसे हमेशा किसी बड़े विभाग के साथ ही किसी मंत्री को दिया जाता रहा है। इस बार यह मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पास था। आनंद विभाग के गठन के 10 वर्ष बाद पहली बार एक मंत्री केवल आनंद विभाग के ही प्रभारी रहेंगे।

#### मुख्यमंत्री के पास अब 11 से ज्यादा विभाग

मुख्यमंत्री के पास पहले से ही कई अहम विभाग हैं। अब पशुपालन विभाग भी उन्हीं के पास चला गया है। उनके पास अभी सामान्य प्रशासन, गृह, जेल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन।

ये रहा कारण?

#### स्वावलंबी गो शालाओं पर फेल हो गए थे लखन पटेल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लंबे समय से गो-पालन के संरक्षण-संवर्धन, दूध के उत्पादन में मप्र को अव्वल बनाने की मुहिम चलाए हुए हैं। गो-पालकों और दूध उत्पादक किसानों को कई तरह की मदद दी जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## तीसरा बच्चा होने पर नहीं लड़ सकते चुनाव, कहा-अब बदल गया देश

***घटती फर्टिलिटी रेट के बीच नीति की समीक्षा को तैयार शीर्ष अदालत***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के लिए दो बच्चों के नियम की प्रासंगिकता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत का मानना है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए दशकों पहले बनाई गई यह नीति, देश में तेजी से घटती फर्टिलिटी रेट (टीएफआर) को देखते हुए शायद अपना उद्देश्य खो चुकी है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने महाराष्ट्र की एक पूर्व महिला सरपंच को तीसरा बच्चा होने पर अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

#### सुप्रीम कोर्ट के 2003 के फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत

जस्टिस नरसिम्हा ने साल 2003 के जावेद बनाम हरियाणा राज्य मामले के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इस नीति पर दोबारा विचार करने की जरूरत है, क्योंकि अब देश बदल चुका है।

### मध्य प्रदेश को मिली दो बड़ी सौगातें

## सीएम यादव ने इंदौर-अबू धाबी सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश के हवाई यातायात इतिहास में बुधवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रदेश की पहली सीधी अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा इंदौर से अबू धाबी का उद्घाटन किया। टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित इस सेवा के शुरू होने से अब मध्य प्रदेश के लोग हफ्ते में चार दिन सीधे अबू धाबी तक का सफर तय कर सकेंगे। इस ऐतिहासिक उद्घाटन समारोह का आयोजन एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल भवन में किया गया।



#### क्या रहेगा शेड्यूल और किराया?

यह अंतरराष्ट्रीय उड़ान सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होगी। सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को यह विमान शाम 7:50 बजे इंदौर से रवाना होगा।

## रीवा से कोलकाता के लिए 28 जुलाई से 'हवाई सेवा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

रीवा और पूरे विंध्य क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। आगामी 28 जुलाई से रीवा से कोलकाता के लिए नई विमान सेवा शुरू होने जा रही है। अलायंस एयर (विमान सेवा) का 72 सीटर विमान भोपाल होते हुए कोलकाता के लिए उड़ान भरेगा। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने खुद इस महत्वपूर्ण हवाई सेवा की शुरुआत की जानकारी साझा की है। शुक्ल ने बताया कि इस नई हवाई सेवा के शुरू होने से विंध्य क्षेत्र के यात्रियों को कोलकाता आने-जाने में आ रही बड़ी असुविधा से मुक्ति मिलेगी।

### प्रदेश में तीसरा दिन भी रहा सूखा, तीखी धूप ने कराया गर्मी का अहसास

कम बारिश का आंकड़ा बुधवार को बढ़कर 11 प्रतिशत

## जुलाई में मई जैसी तीखी धूप, सतना दतिया में पारा पहुंचा 36 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले तीन दिन से बारिश गायब है, जिसकी वजह से दिन और रात के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। हालात यह हैं कि जुलाई में लोगों को मई जैसी तीखी धूप का अहसास हो रहा है। बुधवार को भोपाल में सुबह से ही गर्मी सीजन जैसी धूप निकली। शहर में दिन के समय पारा बढ़कर 33.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि दो दिन पहले यह 31 डिग्री के आसपास चल रहा था। इधर जबलपुर, रीवा और पचमढ़ी में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन सतना में तापमान 36.5 डिग्री के साथ सबसे अधिक रिकॉर्ड किया गया। दतिया में भी पारा 36.4 डिग्री दर्ज किया गया।



#### बारिश का औसत आंकड़ा गिरा

पूरे प्रदेश में यह लगातार तीसरा दिन है, जब कहीं भी अच्छी बारिश नहीं हुई है। मानसूनी सीजन में बारिश नहीं होने से औसत बारिश का ग्राफ तेजी से नीचे आ रहा है। मंगलवार को जो बारिश का आंकड़ा औसत से 7 प्रतिशत कम था, वह बुधवार को बढ़कर 11 प्रतिशत कम हो गया है।



भाजपा संग गठबंधन के सवाल पर भी बोलीं सुप्रिया

# 'परिसीमन बिल' पर पवार गुट केंद्र सरकार के साथ, लोकसभा सीटों की संख्या में 50 फीसदी बढ़ोतरी का भी किया समर्थन

सब अटकलों के बीच बुधवार को एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन बिल का समर्थन करेगी। हालांकि इस दौरान उन्होंने एक बड़ी शर्त भी रखी है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की सियासत में शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) के भविष्य को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही है।



मीडिया में इस तरह की रिपोर्ट आई हैं कि शरद पवार की पार्टी ( राकंपा) के कई विधायक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होना चाहते हैं। इन सब अटकलों के बीच बुधवार को एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन बिल का समर्थन करेगी। हालांकि इस दौरान उन्होंने यह शर्त रखी कि केंद्र सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रावधान करे।

## भाजपा के सीनियर नेताओं संग पार्टी की बैठकें भी हो चुकीं

गठबंधन के लगाए जा रहे कयास



सुले का यह ऐलान इसलिए अहम हैं क्योंकि एनसीपी (एसपी) ने बजट सत्र के दौरान प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया से जुड़े केंद्र के संविधान संशोधन बिल के खिलाफ वोट किया था। अब इस समय शरद पवार की पार्टी के अंदर दल की राजनीतिक दिशा को लेकर चर्चा चल रही है। पिछले कुछ दिनों में एनसीपी (एसपी) के नेताओं की भाजपा के सीनियर नेताओं संग कई बैठकें भी हो चुकी हैं।

## केंद्र संशोधन करे तो हम समर्थन देने को राजी

सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर केंद्र सरकार परिसीमन बिल में सीटों की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ाने का संशोधन करती है, तो हम उसका समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं कोई नई बात नहीं कह रही हूं। हमने हमेशा यही कहा है कि अगर ये संशोधन किए जाते हैं तो हम बिल का समर्थन करेंगे। हमारे रुख में कोई बदलाव नहीं है। उन्होंने कहा कि जब संसद में यह बिल पहली बार पेश किया गया था, तब टीएमसी और डीएमके सहित कई विपक्षी दलों ने यह मांग उठाई थी। उन्होंने कहा कि टीएमसी और डीएमके सहित हम सभी ने यह रुख अपनाया था। ऐसा नहीं है कि यह बात पहली बार कही जा रही है।

## फडणवीस कर चुके पाटिल से मुलाकात

भाजपा संग गठबंधन की अटकलों को कम करने करने की कोशिश करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि जब वह संसदीय दल की मीटिंग के लिए लखनऊ में थी, तब उन्होंने सबके सामने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि अगर एनसीपी (एसपी) को बीजेपी के साथ गठबंधन करना होता तो वह खुलकर नहीं मिलतीं। सुप्रिया सुले द्वारा यह सफाई देवेंद्र फडणवीस और जयंत पाटिल की मुलाकात की बाद दी गई है। इससे पहले सुनीत तटकरे और प्रफुल्ल पटेल भी मुख्यमंत्री देवेंद्र से मिल चुके हैं। इसी वजह से एनसीपी (एसपी) और भाजपा के बीच गठबंधन के कयास लगाए जा रहे हैं।

## एनडीए में शामिल होने से किया इनकार

एनडीए में शामिल होने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए सुले ने कहा कि उनकी पार्टी मजबूती से इंडी गठबंधन के साथ बनी हुई है।

सुले ने जोर देकर कहा कि हमारे बारे में कई तरह की अफवाहें हैं। सारी जानकारी सूत्रों पर आधारित है। हमारी पार्टी की छवि खराब की जा रही है। हमारे कहीं और जाने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हम इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं।

## खबर संक्षेप

### राहुल को राहत, कोर्ट ने रद्द की निगरानी याचिका

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह पर कथित विवादित टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में कांग्रेस सांसद



राहुल गांधी को एमपी-एमएलए कोर्ट से राहत मिली है। स्पेशल जज राकेश यादव ने भाजपा नेता विजय मिश्र की निगरानी याचिका खारिज कर दी। अदालत नेआदेश में हस्तक्षेप से इनकार किया। मानहानि की सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है।

### दिल्ली में एसआईआर की प्रक्रिया आगे बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एसआईआरप्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। चुनाव आयोग ने बताया



कि अंतिम मतदाता सूची 19 अक्टूबर को प्रकाशित होगी। अभियान के 15 दिन पूरे होने तक चुनाव आयोग घर-घर गणना फॉर्म पहुंचाने में लगभग लक्ष्य हासिल कर चुका है, लेकिन ऑनलाइन दर्ज करने की रफ्तार अब भी धीमी है।

### टीएमसी के बागी गुट में शामिल हुए मित्रा

**कोलकाता।** टीएमसी के विधायक मदन मित्रा पार्टी के बागी गुट में शामिल हो गए हैं। इस बागी गुट का



नेतृत्व राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बेनर्जी कर रहे हैं। इस कदम से पार्टी के अंदर जारी विवाद और गहरा हो गया है। मित्रा को पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी का करीबी माना जाता है।मित्रा ने सभी समितियों से इस्तीफा दे दिया है।

### नीट यूजी फीस रिफंड की लास्ट डेट फिर बढ़ी

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से नीट यूजी फीस रिफंड के लिए लास्ट डेट को एक



बार फिर से 31 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसे में जो छात्र किसी कारणवश भी तक अपनी फीस वापसी के लिए आवेदन नहीं कर सके वे ऑनलाइन माध्यम से बैंक डिटेल अपडेट कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए

# एनएच-19,वाराणसी रिंग रोड के बीच 6 लेन एलिवेटेड कॉरिडोर से लाखों लोगों को होगा लाभ, समय बचेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और औद्योगिक विकास को एक नई ऊंचाई देने के लिए अब तक के सबसे बड़े निवेश प्रस्तावों में से एक को हरी झंडी दे दी है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई युगांतकारी निर्णय लिए गए, जिनकी घोषणा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। देश को वैश्विक विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) हब बनाने और कनेक्टिविटी को सुगम बनाने के उद्देश्य से कैबिनेट ने कुल 2,19,353 करोड़ के कुल बजट वाले सा बड़े प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। यह विशाल पैकेज देश की आर्थिक विकास दर को तेज करने और औद्योगिक परिदृश्य को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।

केंद्रीय कैबिनेट ने एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच 14,447.64 करोड़ की लागत से बनने वाले 6 लेन के ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी दी है।

## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

### 2,19,353 करोड़ की परियोजना स्वीकृत

एनएच-19 उत्तर प्रदेश के आगरा से शुरू होकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता (डंकुनी) तक जाता है। यह लगभग 1323 किलोमीटर लंबा मार्ग है जो उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर गुजरता है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 2,19,353 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।




### यातायात होगा सुगम,जाम से मुक्ति मिलेगी

**गंगा नदी के किनारे छह लेन का कॉरिडोर:** वाराणसी में भीड़ कम करने के उद्देश्य से कैबिनेट ने एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच गंगा नदी के किनारे कनेक्टिविटी के साथ एक लिंक/कनेक्टर कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दे दी है। 46.039 किमी लंबी इस परियोजना में 6 लेन का एलिवेटेड मेन कैरिजवे, एक प्रतिष्ठित केबल-स्टे ब्रिज, एक्स्ट्राडोज्ड फुट ओवर ब्रिज-कम-मेजर ब्रिज, लूप, रैंप, लिंक रोड और सर्विस रोड शामिल हैं। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएम) के तहत कुल 14,447.64 करोड़ की पूंजी लागत पर अमल में लाई जाएगी।

### वरुणा के किनारे कॉरिडोर

वाराणसी में यातायात जाम कम करने के लिए,वरुणा नदी के किनारे एनएत -31 और वाराणसी रिंग रोड को जोड़ने वाले 43.218 किमी लंबे लिंक/कनेक्टर कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दे दी है। इसमें मुख्य कैरिजवे, फ्लाईओवर, लूप, रैंप और सर्विस रोड सहित 6/4 लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल है। इसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत 10,998.32 करोड़ से बनाया जाएगा।

### ओडिशा-झारखंड की 2 रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी, 145 किमी बढ़ेगा रेल नेटवर्क

बैठक में रेलवे मंत्रालय की दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इनकी कुल अनुमानित लागत 3,907 करोड़ है और इन्हें 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें पारादीप-हरिदासपुर रेल लाइन का दोहरीकरणऔर राजखरसावां-डांगोआपोसी रेलखंड पर चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। ओडिशा और झारखंड के चार जिलों में भारतीय रेलवे नेटवर्क का करीब 145 किलोमीटर विस्तार होगा। इससे रेल मार्ग की क्षमता बढ़ेगी, ट्रेनों का संचालन अधिक सुचारु होगा और माल एवं यात्री परिवहन में सुधार आएगा।

### नई राष्ट्रीय निवेश नीति भी बनाई

कैबिनेट ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर भारत के लिए यूरिया-2026 की राष्ट्रीय निवेश नीति को मंजूरी दे दी। उर्वरक विभाग द्वारा प्रस्तुत इस नीति का मुख्य उद्देश्य देश में गैस-आधारित नई यूरिया निर्माण इकाइयों की स्थापना को आकर्षित करना है, ताकि घरेलू उत्पादन बढ़े और आयात पर निर्भरता कम हो।

### नीति के प्रमुख फायदे

- पारदर्शिता बढ़ेगीः निश्चित और परिवर्तनशील लागतों को अलग-अलग किया जाएगा।
- व्यावहारिक रिटर्नः इक्विटी पर रिटर्न के लिए 12% न्यूनतम और 16% अधिकतम सीमा तय।
- विदेशी मुद्रा जोखिम कमः चार साल बाद निश्चित लागत को रुपये में बदलने का प्रावधान।
- बड़ी बचतः प्रत्येक नए संयंत्र पर 250 करोड़ से अधिक की बचत होने का अनुमान।

### सेमीकॉन 2.0 मिशन को मंजूरी

वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने 1.27 लाख करोड़ के बजट के साथ इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन या सेमीकॉन 2.0 मिशन के दूसरे एडिशन को मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने चिप बनाने को बढ़ावा देने के साथ-साथ, मोबाइल पीएलआई स्कीम को बढ़ाने देने की भी घोषणा की।

### 62,500 करोड़ की एमपीएमएस योजना को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मंजूरी दे दी है। 62,500 करोड़ के बजट वाली यह योजना भारत में मोबाइल फोन का उत्पादन बढ़ाने, घरेलू स्तर पर अधिक पुर्जों के निर्माण को बढ़ावा देने, सप्लाई चेन मजबूत करने और भारतीय मोबाइल ब्रांडों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह योजना 5 वर्षों के लिए लागू रहेगी।

ममता का बागियों को संदेश

# अभिषेक बेनर्जी के हाथों में ही रहेगी टीएमसी की कमान

**कोलकाता।** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की संस्थापक और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री



ममता बेनर्जी ने साफ कर दिया है कि उनके भतीजे अभिषेक बेनर्जी ही भविष्य में पार्टी के नेता बनेंगे। उन्होंने बुधवार को वीडियो बयान जारी करके राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का खुलकर समर्थन किया। मदन मित्रा और सुदीप बंद्योपाध्याय जैसे दिग्गज नेताओं के द्वारा अभिषेक पर निशाना साधे जाने के बाद ममता का यह वीडियो बागी नेताओं को स्पष्ट संदेश दे रहा है।

### गद्दारों की ओर से मैं जनता से माफी मांगती हूं

ममता ने पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को 'गद्दार' करार दिया। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के जिन गद्दारों ने अपने निजी हितों के लिए इस कठिन समय में पार्टी की पीठ में छुरा घोंपा है, मैं उनकी ओर से बंगाल की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगती हूं। कुछ लोग केंद्रीय एजेंसियों के डर से या अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के कारण पार्टी को धोखा दे रहे हैं।

### आवाज का नमूना देने कोर्ट पहुंचे अभिषेक

सांसद अभिषेक बेनर्जी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए कथित धमकी भरे भाषण



से जुड़े मामले में बुधवार को विधाननगर एसडीजेएम (सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) अदालत में अपना आवाज का नमूना (वॉयस सैंपल) दिया। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश के बाद बेनर्जी दोपहर में अदालत पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे तक वहां मौजूद रहे।

नोएडा के ममूरा में 5 मंजिला मकान में भीषण आग

आग लगने से करीब 50 परिवार फंसे

# ईवी चार्जिंग के दौरान आग ने 2 की ले ली जान, 100 लोगों को बचाया

एजेंसी ▶▶ नोएडा

फेस-3 थाना क्षेत्र के सेक्टर-66 में ममूरा गांव के अंदर एक पांच मंजिला मकान में बुधवार को आग लगने से करीब 50 परिवार फंस गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत होने की सूचना है, जिसमें स्नेहा 26 वर्षीय महिला और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है। फेज-3 थाना इलाके के ममूरा गांव स्थित इमारत में लगी आग की चपेट में 2 लोगों की मौत हो गई। आग की शुरुआत एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में हुए धमाके से हुई थी। आग तेजी से फैल गई और आसपास खड़े



कई वाहन भी इसकी चपेट में आ गए। आग लगने के समय भवन के अंदर करीब 50 परिवार मौजूद थे। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग और पुलिस का दल मौके पर पहुंचा। दमकल कर्मियों ने तत्काल बचाव अभियान चलाकर भवन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### योगी ने बचाव कार्य में तेजी लाने को कहा

नोएडा में आग की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। घायलों के बेहतर इलाज और प्रभावित परिवारों तक हर संभव मदद समय पर पहुंचाने के लिए प्रशासन को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है। योगी ने कहा कि किसी तरह की कोई कमी नहीं होना चाहिए।



### सीजेआई को अपशब्द कहने वाले 2 लॉ स्टूडेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान हंगामा करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 कानून के छात्रों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर अदालत की कार्यवाही में बाधा डालने, अभद्र व्यवहार करने और सुरक्षाकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने का आरोप है। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं और मामले की जांच फिलहाल जारी है।

विशाल रथ, लाखों भक्त और एक अनूठी परंपरा

# आज से शुरू हो रही जगन्नाथ रथ यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा के पुरी में हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा बड़ी भव्यता के साथ निकाली जाती है। यह उत्सव हिंदू धर्म के अहम त्योहारों में शामिल है। इसे देखने के लिए देश-दुनिया से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुरी पहुंचते हैं। इसमें देवता मंदिर के बाहर आकर पुरी की गलियों से गुजरते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं। इस रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा तीनों लकड़ी के बने रथों पर विराजमान होते हैं, जिन्हें हजारों की संख्या में श्रद्धालु खींचते हैं। रथ यात्रा का आयोजन गुरुवार से हो रहा है।



'दक्षिण मोड़ा' रस्म

**पुरी।** पुरी में बुधवार को रथ यात्रा उत्सव से पहले, लोग जगन्नाथ मंदिर के सामने तीनों रथों को सही जगह पर लाने के लिए 'दक्षिण मोड़ा' रस्म निभाते हुए।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी ने कहा

# 150 लोगों के लिए 8 करोड़ को परेशान किया एसआईआर का मकसद सूची से नाम हटाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची से नाम हटाने पर अधिक केंद्रित है और इससे लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। अपनी नई किताब 'इंडिया एंड आईः ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट अ मेमॉयर' के विमोचन से पहले कुरैशी ने कहा कि मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में इस बात पर अधिक ध्यान



दिया जा रहा है कि कितने लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं, जैसे अधिक से अधिक नाम हटाने पर चुनाव आयोग को इनाम मिलने वाला हो। मतदाता के रूप में पंजीकरण कराना संवैधानिक अधिकार है, लेकिन ऐसी स्थिति बनाई जा रही है जैसे चुनाव आयोग लोगों को यह सुविधा इनाम के रूप में दे रहा हो।

### पहले छोटी-मोटी गलतियों को नजरअंदाज किया

कुरैशी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का ध्यान अधिकतर नाम हटाने पर है। ऐसा लगता है कि कितने लोगों को मतदाता सूची से बाहर किया जा सकता है, यही इसका मुख्य उद्देश्य बन गया है। उन्होंने अपने कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए जाते थे कि छोटी-मोटी गलतियों को नजरअंदाज किया जाए।

वांगचुक की भूख हड़ताल पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती

# केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस, सुनवाई आज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

## प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर मंतर पर प्रदर्शन

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। जलवायु कार्यकर्ता ांगचुक बीती 28 जुलाई से आमरण अनशन कर रहे हैं। वांगचुक द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है।दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने गुरुवार तक जवाब देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खंडपीठ सुनवाई कर रही थी।



### सैनी ने दायर की याचिका

याचिका सामाजिक कार्यकर्ता और वकील राकेश कुमार सैनी ने दाखिल की है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वांगचुक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए और उनकी जान बचाने के लिए जरूरत पड़ने पर उन्हें जबरन भोजन दिया जाए।

**वांगचुक का वजन 8.5 किलो घटा**

15 जुलाई को यह हड़ताल 18वें दिन पर पहुंच गई। सोनम का वजन 8.5 किलो घट चुका है। उनकी सेहत बिगड़ रही है, चलने-फिरने में तकलीफ हो रही है और ब्लड प्रेशर भी कम हो रहा है। डॉक्टर उनकी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### समर्थकों और सेलेब्स ने हड़ताल खत्म करने की अपील की

सीजेपी के अभिजीत दीपके और महुआ मोइत्रा समेत कई नेताओं, समर्थकों और आम लोगों ने सोनम वांगचुक से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की है। महुआ मोइत्रा ने कहा कि उनका उद्देश्य पूरा हो गया है और अब उनकी जान खतरे में है। वे हड़ताल तोड़ दें। उनके समर्थन में अब कई फिल्मी सितारे भी खुलकर सामने आए हैं। जीनत अमान , प्रकाश अभिनेता ओमी वैद्य ने सोनम का समर्थन किया है। वहीं नसीरुद्दीन शाह ने अनशन खत्म करने की अपील की।

जबलपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष :21, अंक : 75 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 29 न्यून. 24 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



राम मंदिर चढ़ावा केस एसआईटी जांच का दायरा बढ़ा

4 सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान




जबलपुर मैट्रो
14 बालिका अपहरण केस में...

# अब ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि की भूमिका की भी पड़ताल

वैदेही भवन पहुंची जांच टीम सेवादारों से की पूछताछ


एजेंसी ▶▶ अयोध्या



गोविंद देव गिरि

अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच अब एक नए मोड़ पर पहुंच गई है। एसआईटी ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए केवल तत्कालीन महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल राव तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि की भूमिका और उनकी वित्तीय जिम्मेदारियों की भी गहन पड़ताल शुरू कर दी है।

इसी सिलसिले में एसआईटी की टीम अयोध्याधाम स्थित वैदेही भवन पहुंची, जहां स्वामी गोविंद देव गिरि अक्सर ठहरते हैं। टीम ने वहां के महंत और सेवादारों से पूछताछ कर उनके प्रवास, ठहरने की व्यवस्था और चढ़ावा प्रबंधन में उनकी प्रशासनिक व वित्तीय भूमिका से जुड़े कई अहम सवाल पूछे।



## अंतिम रिपोर्ट पर टिकीं नजरें जल्द होगा बड़ा खुलासा

एसआईटी ने कोषाध्यक्ष से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों और वित्तीय अभिलेखों का बारीकी से सत्यापन किया है। हालांकि, जांच में क्या तथ्य सामने आए हैं और स्वामी गोविंद देव गिरि के संबंध में रिपोर्ट में क्या दर्ज किया गया है, इसका अभी कोई आधिकारिक खुलासा नहीं हुआ है। चढ़ावा चोरी प्रकरण की यह जांच अब अपने अंतिम चरण में है और एसआईटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपने की तैयारी कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच, अयोध्या से रवाना होने से पहले स्वामी गोविंद देव गिरि ने ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय से मुलाकात की थी।

## मुख्य आरोपी और पूर्व बैंककर्मी 14 घंटे की पुलिस रिमांड पर, पूछताछ शुरू

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी रमाशंकर मिश्रा और एसबीआई के रिटायर्ड बैंककर्मी सुभाष श्रीवास्तव को 14 घंटे की रिमांड पर लिया है। बुधवार सुबह 8 बजे फैजाबाद जेल से दोनों को पुलिस लाइन लाकर सुबह 9 बजे से सघन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने चढ़ावे की रकम कैसे चुराई और उसे कहां छिपाया। गौरतलब है कि रमाशंकर पर चढ़ावे को काउंटिंग रूम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी थी और उसके खाते में 7.32 लाख रुपए मिले हैं, जबकि सुभाष चढ़ावा गिनने वालों की निगरानी करते थे। कोर्ट ने पुलिस की 7 दिन की मांग के मुकाबले 14 घंटे की ही रिमांड मंजूर की।


## खबर संक्षेप

### मप्र में एनआरआई कोटे से एमबीबीएस प्रवेश नहीं



**भोपाल।** मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन लेने को लेकर मध्य प्रदेश सरकार नए नियम तैयार कर रही है। पहली बार एमबीबीएस और पीजी प्रवेश के लिए अलग-अलग नियम तय किए जाएंगे। एनआरआई कोटे के दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार पात्रता शर्तें सख्त और कड़ी करने जा रही है। अब कोई भी अपने रिश्तेदार का नाम बताकर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश नहीं ले सकता है, अब ब्लड रिलेशन तय किए हैं।

### आईआरसीटीसी का नया पोर्टल लॉन्च हुआ



**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च हो गया है। जो मौजूदा वेबसाइट के होमपेज पर भी दिया गया है। नए लुक में कोई अनावश्यक कैप्चा नहीं। कोई अनावश्यक पॉप-अप नहीं। कोई चमकते ग्राफिक्स नहीं। ध्यान भटकाने वाली कोई चीज नहीं। सीट की उपलब्धता: सभी क्लास में दिखाई देती है। बुकिंग के लिए जरूरी स्टेप्स की संख्या कम की गई है। यात्री की जानकारी सेव रहती है।

### रायसेन में कारोबारी की नरबलि! 7 दिन से था लापता



**रायसेन।** जिले में अंधविश्वास और लालच की एक वारदात सामने आई है। गैरतगंज से 7 जुलाई से लापता 42 वर्षीय साहूकार और प्रतिष्ठित व्यापारी विजय जैन की दफीना (गड़ा हुआ धन) निकालने के चक्कर में कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर नरबलि दे दी गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए महज छह दिनों के भीतर इस अंधविश्वास के चलते हुए कत्ल का सनसनीखेज खुलासा कर तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट भारत के 7 परमाणु संयंत्रों में सबसे बड़ा

**खतरे में देश की परमाणु सुरक्षा:** वर्ल्ड लीक्स नाम के दो हैकर ग्रुप ने इस पावर प्लांट की जानकारियों को पोस्ट किया

# भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम के 'डेटा' में सेंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु स्थित देश के सबसे बड़े कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट से जुड़े संवेदनशील डेटा लीक हो गए हैं। वर्ल्ड लीक्स नाम के दो हैकर ग्रुप ने इस पावर प्लांट की जानकारियों को पोस्ट किया है, जिसमें प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट (नक्शे), सप्लायर्स की जानकारी, मीटिंग और इंस्पेक्शन रिकॉर्ड्स, उपकरणों के रिव्यू और इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़े करीब 19,000 जरूरी दस्तावेज की डिटेल शामिल है।

वर्ल्ड लीक्स हैकर ग्रुप ने दावा किया है कि ये दस्तावेज अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के हैं, जो इस प्लांट में कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम कर रहा है। तमिलनाडु में स्थित कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट भारत के सात परमाणु संयंत्रों में सबसे बड़ा है। अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने बताया कि उसके डेटा में आंशिक सेंधमारी की गई है। कंपनी ने बताया कि यह डेटा थर्ड पार्टी डेटासेंटर सर्विस प्रोवाइडर योट्टा के सर्वर पर होस्ट था।

इस तरह की घटना ने कंपनियों पर सवाल खड़ा कर दिया है कि वे इन खतरों से निपटने में कितनी सक्षम हैं?

प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट समेत 19,000 जरूरी दस्तावेज की डिटेल सार्वजनिक की



**हैकर ग्रुप का दावा**

ये दस्तावेज अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के हैं, जो इस प्लांट में कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम कर रहा है

**भारत की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन भी मामले की जांच कर रही**

### इस प्लांट से 2 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन होगा

लीक हुए दस्तावेज साल 2016 से लेकर 2025 के बीच के हैं। वर्ल्ड लीक्स वेबसाइट पर मौजूद रिलायंस की कुल 858,000 फाइलों में से 19,000 फाइलें सबसे संवेदनशील और सीक्रेट लगती हैं। रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को साल 2018 में कुडनकुलम प्लांट की यूनिट 3 और यूनिट 4 के डिजाइन और कंस्ट्रक्शन का कॉन्ट्रैक्ट मिला था।

### आतंकी हमला तो कंपनी करेगी 11.2 करोड़ डॉलर तक के बीमे का दावा

लीक दस्तावेजों में कथित तौर पर यह भी उल्लेख है कि रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने इस तरह का बीमा कराया था, जिसके तहत अगर यूनिट-3 या यूनिट-4 पर आतंकी हमला होता है ।

**कौन है वर्ल्ड लीक्स ग्रुप?**

### डेटा चुराकर फिरौती वसूलता है ये समूह

इस हैकर ग्रुप का काम कंपनियों का डेटा चुराकर फिरौती वसूलना है। अगर इसे पैसे नहीं दिए गए तो यह डेटा को डार्क वेब पर सार्वजनिक कर देता है। इससे पहले यह ग्रुप नाइकी और भारत के टाटा ग्रुप को भी निशाना बना चुका है। इस ग्रुप ने जून में टाटा ग्रुप के डेटा लीक किया था, जिसमें एप्पल और टेस्ला जैसे बड़े ब्रांड्स के कॉन्फिडेंशियल कंपोनेंट डिजाइन शामिल थे। उस समय हैकर्स ने 15 लाख डॉलर की मांग की थी। कंपनी ने पैसे देने से इनकार किया तो डेटा लीक कर दिया गया था।

**छतरपुर गोलीकांड** पर पुलिस का एक्शन


## धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग समेत दो आरोपी गिरफ्तार

▶▶ जमीन विवाद मामले में किसान पर गोली मारने का आरोप

▶▶ धीरेंद्र शास्त्री बोले- मेरा शालिग्राम गर्ग या परिवार के ऐसे मामलों से कोई लेना देना नहीं



धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



शालिग्राम गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर


जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में गो-शाला के पीछे स्थित जमीन को लेकर हुए हिंसक विवाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले के 4 आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का भाई शालिग्राम गर्ग और उसका साथी अंकित मिश्रा शामिल हैं।

**27% ओबीसी आरक्षण** पर नियमित सुनवाई शुरू

कुल 91 याचिकाएं लगीं, अगली सुनवाई आज दोपहर ढाई बजे

## 50% की संवैधानिक सीमा पर अटकी बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



बहुचर्चित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण मामले में हाई कोर्ट ने मेरिट पर नियमित सुनवाई शुरू कर दी है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की विशेष पीठ के समक्ष पहले दिन याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने दलीलें पेश कीं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि ओबीसी आरक्षण को 14% से बढ़ाकर 27% करने का फैसला असंवैधानिक है, क्योंकि इससे कुल आरक्षण की सीमा निर्धारित 50% से काफी ऊपर निकल जाती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने अपनी बहस के दौरान संविधान के विभिन्न प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व में दिए गए ऐतिहासिक फैसलों का हवाला दिया।

## पीएम मोदी दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ईंधन संचालित ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

हरियाणा के जींद-सोनीपत मार्ग से ऐतिहासिक शुरुआत



**भारतीय रेलवे का नया सवेरा....कल पटरी पर उतरेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन**

*एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के इतिहास में 17 जुलाई की तारीख स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की पहली और ब्रॉड गेज पर चलने वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ईंधन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ऐतिहासिक क्षण से ठीक पहले, पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस अत्याधुनिक ट्रेन की बेहद आकर्षक तस्वीरें साझा कीं और गर्व से लिखा कि भारत की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन हरियाणा से चलने के लिए तैयार है। यह क्रांतिकारी कदम देश को कार्बन मुक्त और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन देने की दिशा में भारतीय रेलवे की सबसे बड़ी वैज्ञानिक और औद्योगिक सफलताओं में से एक है।*

दोहरे हत्याकांड का खुलासा : दानपत्र पर प्रॉपर्टी नाम करने खर्च किए 15 लाख

## प्रॉपर्टी हड़पने एक साल किया बुजुर्ग दंपती के मरने का इंतजार, नहीं मरे तो फिर गोली मार दी

▶▶ *प्रॉपर्टी ब्रोकर और उसका फिजियोथैरेपिस्ट भाई गिरफ्तार*

▶▶ *आगर मालवा से खरीदकर लाए थे पिस्टल*

▶▶ *डेढ़ हजार फुटेज और सौ से अधिक संदिग्धों से पूछताछ हुई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सुभाष नगर में रिटायर्ड दंपती की हत्या का खुलासा क्राइम ब्रांच और ऐशबाग की संयुक्त टीम ने कर दिया। हत्या उनके करीबी प्रॉपर्टी डीलर श्रीकांत चिचलिया ने अपने फिजियोथैरेपिस्ट भाई शशिकांत चिचलिया के साथ मिलकर की थी। दरअसल, प्रॉपर्टी डीलर ने दंपती की इटारसी वाली प्रॉपर्टी बेचने का कहकर दानपत्र पर साइन करा लिए थे। दानपत्र रजिस्टर्ड करने के लिए 15 लाख रुपए खर्च कर दिए। एक साल तक मरने का इंतजार किया, लेकिन इससे ज्यादा इंतजार नहीं हो सका और आरोपी प्रॉपर्टी डीलर ने अपने भाई के साथ मिलकर दो अलग-अलग पिस्टल से दंपती को गोली मार दी।

कांग्रेस की साइक्लोथॉन का भोपाल में समापन

## जीतू पटवारी का दावा- 200 किमी की यात्रा में '2 लाख' से ज्यादा लोग जुड़े

रॉयल मार्केट तिराहे पर जनसभा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जीतू पटवारी

प्रदेश कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'छात्रों की गूंज' अभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय 'युवा स्वाभिमान : जेन जी साइक्लोथॉन' का बुधवार को भोपाल में समापन हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में इंदौर से शुरू हुई लगभग 200 किलोमीटर लंबी साइक्लोथॉन दूसरे दिन आष्टा से रवाना होकर सीहोर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भोपाल पहुंची। राजधानी में यात्रा का जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद रॉयल मार्केट तिराहे पर जनसभा आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल के पदाधिकारियों तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि छात्रों की गूंज अभियान शिक्षा, रोजगार और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई का जनआंदोलन बन चुका है।

**हरदा में किसान आंदोलन:** करीब 5 हजार किसान हाईवे पर टेंट लगाकर बैठे

हाईवे पर टेंट लगाने को लेकर प्रशासन और किसानों की तीखी बहस

## हाईवे पर चक्काजाम, एमएसपी पर 100% मूंग खरीदी व बकाया फसल बीमा राशि के जल्द भुगतान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा के नजदीक इंदौर-नागपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार को किसानों ने अपनी मांगों को लेकर बड़ा चक्काजाम कर दिया। किसान मुख्य रूप से ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने, खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने और खरीफ-2025 की बकाया फसल बीमा राशि के जल्द भुगतान की मांग कर रहे हैं।

आंदोलनकारी किसानों का आरोप है कि सरकार इस बार कुल उत्पादन का महज 25 प्रतिशत मूंग ही खरीद रही है।



किसानों ने सड़कों पर खड़े होकर किया चक्काजाम

### 5 जिलों से पुलिस बल मंगवाया गया

प्रदर्शन के दौरान उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब किसानों ने नेशनल हाईवे के बीचों-बीच टेंट लगाना शुरू कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा के लिहाज से सड़क पर टेंट लगाने से मना किया, जिसे लेकर तीखी बहस हुई।

### भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट

आंदोलन के कारण इंदौर से हरदा और खंडवा जाने वाले भारी वाहनों का मार्ग बदल दिया गया है। ऐसे वाहन अब संदलपुर फाटा, दीपगांव, बोरधा, गोपालपुर, इटारसी मार्ग, बड़ी और छोटी छीपानेर होते हुए हरदा और खंडवा की ओर भेजे जा रहे हैं।

## चिंतन

# ट्रंप की टैरिफ की धमकी के बीच यूके से एफटीए

वैश्विक व्यापार इस समय एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की चेतावनी देकर आर्थिक दबाव की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं, तो दूसरी ओर भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू होना आर्थिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है। ये दोनों घटनाएं बताती हैं कि आज दुनिया में व्यापार केवल वस्तुओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कूटनीति, रणनीति और राष्ट्रीय हितों का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। अमेरिका की प्रस्तावित टैरिफ नीति का निशाना रूस की ऊर्जा आय को कम करना है, लेकिन इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है, जिन्होंने अपनी ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखा है। भारत आज रूस से सबसे अधिक कच्चा तेल खरीदने वाले देशों में शामिल है। सस्ते रूसी तेल ने भारत को महंगाई नियंत्रित रखने, ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण मदद की है। ऐसे में यदि रूस से तेल खरीदने के आधार पर भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की कोशिश होती है, तो यह केवल व्यापारिक फैसला नहीं, बल्कि आर्थिक दबाव बनाने की रणनीति होगी। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसी बीच भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते का लागू होना भारत के लिए सकारात्मक संकेत है। यह समझौता केवल टैरिफ घटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक और रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में लगभग शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने से वस्त्र, चमड़ा, इंजीनियरिंग, कृषि और एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर भारतीय उपभोक्ताओं को ब्रिटेन से आने वाली कारें, स्कॉच व्हिस्की, कॉस्मेटिक्स, मेडिकल उपकरण और कई प्रीमियम उत्पाद अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध होंगे। हालांकि, एफटीए का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब भारतीय उद्योग गुणवत्ता, तकनीक और उत्पादकता के स्तर पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को तैयार करेंगे। केवल आयात सस्ता होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्यात बढ़ाना और घरेलू उद्योगों को मजबूत बनाना भी उतना ही आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि मुक्त व्यापार का लाभ किसानों, एमएसएमई और छोटे उद्योगों तक भी पहुंचे। कुल मिलाकर ट्रंप की टैरिफ चेतावनी और भारत-यूके एफटीए, दोनों यह साबित करते हैं कि आने वाले समय में वैश्विक व्यापार का स्वरूप केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक भी होगा। जहां टैरिफ व्यापार को सीमित करने और दबाव बनाने का माध्यम बन सकता है, वहीं मुक्त व्यापार समझौते विकास, निवेश और साझी समृद्धि के रास्ते खोलते हैं। भारत के लिए सही रास्ता यही है कि वह दबाव की राजनीति से अप्रभावित रहते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे और एफटीए जैसे समझौतों के जरिए वैश्विक बाजार में अपनी आर्थिक ताकत को और मजबूत बनाए। यही संतुलित नीति भारत को बदलती विश्व व्यवस्था में एक भरोसेमंद और प्रभावशाली आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगी।



नवाचार
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान

> त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विश्व में उस परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें सहकारिता को केवल डेयरी, चीनी या बैंकिंग तक सीमित नहीं किया जाएगा अपितु सहकारिता का विस्तार जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, बीज उत्पादन, पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स, हरित ऊर्जा और ग्रामीण उद्यमिता को समेकित करते किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय अनुशासन और वैश्विक दृष्टि पर बहसें होंगी। देश के उत्थान पॉलिसीज पर कार्य करने वाले चेंज मेकर यह मान रहे हैं कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय संभावनाओं का संस्थागत स्वरूप है।

भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने नए स्वरूप में आ गया है। बौद्धिक समाज का उत्पादन एवं उनसे राष्ट्र निर्माण की कोशिश भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। वैसे तो आणंद का नाम श्वेत क्रांति के स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है, जहां त्रिभुवनदास पटेल, सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रेरणा और डॉ. वर्गीज़ कुरियन की दूरदर्शिता व आत्मविश्वास अपना नया आकार पाया। इस भूमि पर जिन मनीषियों ने कार्य किया उन्होंने सिद्ध किया कि यदि उत्पादक स्वयं अपने संगठन के स्वामी बन जाएं, तो आर्थिक स्वतंत्रता किसी स्वप्न से कम नहीं होती। उदाहरणतया अमूल की सफलता केवल दुग्ध उत्पादन की कहानी नहीं है, यह विश्वास, सहभागिता और लोकतांत्रिक प्रबंधन की सफलगाथा है। इसी विरासत को नए युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाने का संकल्प है-त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय, जिसे अमित शाह वर्षों से स्थापित करना चाहते थे। विश्व में यह विश्वविद्यालय उस परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें सहकारिता को केवल डेयरी, चीनी या बैंकिंग तक सीमित नहीं किया जाएगा अपितु सहकारिता का विस्तार जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, बीज उत्पादन, पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स, हरित ऊर्जा और ग्रामीण उद्यमिता को समेकित करते किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय अनुशासन और वैश्विक दृष्टि पर बहसें होंगी। देश के उत्थान पॉलिसीज पर कार्य करने वाले चेंजमेकर यह मान रहे हैं कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय संभावनाओं का संस्थागत स्वरूप है। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी केवल डिग्रीधारक नहीं लेकर निकालेंगे अपितु वे सहकारिता के नए राजदूत होंगे। वे गांवों में नई आशा की लौ जगाएंगे।


किसानों को बाजार से जोड़ेंगे। महिलाओं को आर्थिक शक्ति देंगे। युवाओं को उद्यमिता की राह दिखाएंगे। समाज में साझेदारी की संस्कृति को सुदृढ़ करेंगे। उनका कार्य आर्थिक प्रगति और सामाजिक संवेदनाओं दोनों को निर्मित करेंगे। इस विश्वविद्यालय के विजन प्लान को सही से पढ़ा जाए तो ऐसा लगता है कि एनईपी-2020 के माध्यम से शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध करने हेतु नहीं निर्धारित हुए हैं, अपितु वह व्यक्ति को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए भी है। उसके लिए ठीक-ठीक कार्य आईआईएम जैसे संस्थाओं से अधिक सहकारिता विश्वविद्यालय करेगा। यह उस क्षण का आरंभ है जब विद्यार्थी पुस्तकों से बाहर निकलकर जीवन की खुली पाठशाला में प्रवेश कर रहे हैं। वास्तव में वास्तविक विश्वविद्यालय वही है जो वास्तविक जीवन मूल्य परिवर्तन का माध्यम बने। नए जीवन की शुरुआत प्रथम दीक्षांत समारोह से जो शुरू करने जा रहे हैं वे रिश्क में नहीं हैं, अपितु वे सन्देश दे रहे हैं कि जीवन मूल्य भी अब सहकारिता से सुरक्षित होंगे। यह सहकारिता में नए आकाश में नई उड़ान है, चाहे कोई माने या न माने। यह उड़ान निःसंदेह सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह के संकल्पों से संभव हो पा रही है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। हम सभी आज यह महसूस करने लगे हैं कि भारत की सहकारी व्यवस्था आज विश्व की सबसे बड़ी जन




आधारित आर्थिक व्यवस्थाओं में से एक है। करोड़ों नागरिक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहकारी संस्थाओं से जुड़े हैं। किसानों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, कारीगरों और ग्रामीण युवाओं के लिए सहकारिता केवल संस्था नहीं, बल्कि अवसर का द्वार है। लाभ और लोकहित के बीच संतुलन स्थापित कर नवाचार हेतु विकास का माध्यम सहकारिता बनने जा रही है। सहकारिता का प्राण उसके नैतिक मूल्यों में निहित है। विश्वास, पारदर्शिता, सहभागिता, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक निर्णय, ये वे आधार हैं जिन पर सहकारिता का विशाल भवन खड़ा हुआ है। यदि इन मूल्यों के साथ त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय दायित्वबोध लेकर ऐसे चरित्रवान नेतृत्व का निर्माण करने की कोशिश कर रहा है तो इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। विशेष विश्लेषण करने पर ऐसा लगता है कि यह विश्वविद्यालय सहकारिता के नए पक्षियों के कलरव से लोकमंगल का माध्यम बनने वाला है। जो 302 विद्यार्थी एवं 2 स्कॉलर को स्नातक एवं पीएचडी की उपाधि मिली है, यह तो एक शुरुआत है। केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर ने गुजरात के आणंद में 'त्रिभुवन' सहकारी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में कहा भी कि नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" के संकल्प तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व में स्थापित 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी सहकारिता क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। यह यूनिवर्सिटी भविष्य के सहकारी नेतृत्वकर्ताओं, शोधकर्ताओं और पेशेवर प्रबंधकों को तैयार कर भारत के सहकारी आंदोलन को नई दिशा और नई गति प्रदान करेगी। यह बात शत-प्रतिशत सही भी है और उनके प्रयासों का एक तरह से अभिनंदन भी है। सहकारिता को नया बौद्धिक आधार ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना से जो मिलने लगा है, जिसने ज्ञान, शोध, नवाचार और मानवीय मूल्यों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है तो ऐसे ऐतिहासिक पहल को स्वर्णाक्षरों में अंकित भी किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की जानी चाहिए। दरअसल, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय उस विश्वास का प्रतीक अब बनने जा रहा है, जो संगठित समाज की शक्ति व किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पहल है। भारत इससे विश्व की सहकारिता को टक्कर देगा और देश को सशक्त बनाएगा, इसे नहीं भूलना चाहिए। महिला डिग्रीधारिकों की एक नई नवाचार की प्रयोगशाला होगी। महिलाएं सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेंगी, यह विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में शामिल होने जा रहा है। हम खुद विश्व जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और असमानता जैसी चुनौतियों से लड़ेंगे और सहकारिता के माध्यम से सशक्त बनकर और भारतीय जनमानस को सशक्त बनाकर सामुदायिक भागीदारी और टिकाऊ विकास का नया मार्ग तैयार करेंगे। सहकारिता विश्वविद्यालय के संबंध में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के आणंद में इस विश्वविद्यालय के शिलान्यास समारोह में इसके उद्देश्यों को विस्तार से रखा तो इसके बारे में जो भी कल्पनाएं लोग किए हों, लेकिन अब तो इस विश्वविद्यालय से सैकड़ों छात्र व शोधार्थी उपाधि प्राप्त करके भारत देश की सेवा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। अब जो अनमने ढंग से इस पहल की आलोचना करते रहे होंगे उनके लिए भी एक सीख है कि देश के लिए पहले अपने मन में इच्छा पैदा करो, उसे संजोकर उसकी संकल्पना को स्वरूप दो और फिर उसे स्थापित करके मिसाल के रूप में पेश करो। अमित शाह की प्रसन्नता की अनुभूति निःसंदेह असीमित होगी क्योंकि सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान की यह देशव्यापी हर्ष व उल्लास की बेला है।

(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफ़ेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

रक्षा प्रणाली
प्रमोद भार्गव




# लंबी जंग की तैयारी के लिए सक्षम होता भारत

ऑपरेशन सिंदूर की छोटी लड़ाई के बाद भारत रक्षा-रणनीति में बदलाव के ऐसे संकेत दे रहा है कि पाकिस्तान या अन्य किसी देश से लंबी लड़ाई भी लड़नी पड़े तो उसकी युद्ध क्षेत्र में सक्षमता बनी रहे। नतीजतन पिछले सवा साल में भारत ने हथियार व अन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है अथवा उसकी तैयारी चल रही है। अतएव स्पष्ट संकेत है कि तीनों सेनाओं को अब सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और बहुस्तरीय लड़ाई के लिए तैयार किया जा रहा है। रक्षा क्रियान्वयन सलाहकार परिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुए संघर्ष के बाद 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपये हैं। यह राशि कई वर्षों में धीरे-धीरे खरीद सौदों, निर्माण कार्यों और योजनाओं के आधुनिकीकरण पर खर्च होगी। हाल ही में भारतीय निजी उद्योगपतियों को भी बड़ी रक्षा सामग्री के निर्माण की अनुमति दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन नौसेनिक जहाजों आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को नौसेना के बेड़े को सुपुर्द करते हुए कहा है कि 'कोई भी राष्ट्र समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाए बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। ये संकेत स्पष्ट करते हैं कि ये तैयारियां भारत को सामरिक दृष्टि से वैश्विक पटल पर महत्वपूर्ण बना रही हैं। इन खरीदों में टैंक, तोप, ड्रोन, एयरडिफेंस इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और लंबी दूरी के सटीक हमले के लिए एआई नेटवर्क आधारित युद्ध क्षमता को विकसित करने के बड़े संकेत हैं। दरअसल रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास और अमेरिका-ईरान तथा पश्चिम एशिया के देशों में चल रहे युद्ध को देखते हुए भारत की सैन्य सोच बदली है। हालांकि पनडुब्बियों और पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की भी बड़ी संख्या में जरूरत है। भारत ने मार्च 2025 में 54 हजार करोड़, जुलाई में 1.05 लाख करोड़, अगस्त में 67 हजार करोड़, अक्टूबर में 79 हजार करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद के प्रस्ताव अलग-अलग देशों को दिए हैं। फरवरी 2026 में 3.6 लाख करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ 114 नए राफेल विमान भी खरीदे जा रहे हैं। इसी माह जुलाई में 52 हजार करोड़ की सामग्री सैन्य-बलों की जंगी क्षमता बढ़ाने के लिए दिए गए हैं। साफ है, भविष्य में भारत का किसी देश से युद्ध होता है तो वह लंबी लड़ाई की सामर्थ्य दिखाने में अग्रणी रहेगा। स्वदेशी तकनीक से निर्मित जो तीन युद्धपोत सेना में शामिल किए गए हैं, उनसे वाकई भारत की समुद्र में ताकत बढ़ी है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों में 40 से अधिक स्वदेश में ही निर्मित युद्धपोत और पनडुब्बियां समुद्र में तैनात कर दिए हैं। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने वाले ये जहाज और पनडुब्बियां भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ देश की औद्योगिक क्षमता बढ़ाने वाली है। आने वाले दिनों में इनके निर्यात के द्वार भी खुल जाएंगे। अतएव पश्चिम बंगाल की ब्लू इकोनोमी का बड़ा केंद्र बन जाएगा। भारत में नौसैनिकों की सुविधाओं के लिए 45 बड़े प्लेटफॉर्म भी तैयार किए जा रहे हैं। आइएनएस दूनागिरी अत्याधुनिक हथियारों और संवेदनशील प्रणालियों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल से संपन्न है।

ब्रह्मोस सतह से सतह और सतह से आकाश तक शत्रु पर सटीक हमला करने में युद्धपोत पर लगे नवीनतम उपकरण एवं स्टेल्थ तकनीक के कारण यह मिसाइल रडार की पकड़ में नहीं आती है। इसकी इस विलक्षणता के चलते ब्रह्मोस मिसाइल को दूसरे देश भी खरीद रहे हैं। आइएनएस संशोधक देश का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों व गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने तथा रक्षा एवं नगरिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। आइएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है। उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य खतरों का मुकाबला करने में इसे अत्यंत प्रभावी माना जा रहा है। यह टारपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले जल के लिए विकसित सोनार प्रणाली से लैस है। इसके चलते समुद्र के भीतर गुप्त खतरे का इसे पता चल जाता है। स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की इस क्षमता ने भारत को पोत निर्माण में आत्मनिर्भर बना दिया है। इस उपलब्धि से समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा का अभियान और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकेगा। इसके पहले भारत स्वदेशी तकनीक से परमाणु पनडुब्बी आईएनएस 'अरिहंत' का निर्माण 2009 में शुरू करके 2013 में इसे समुद्र में जलावतरण भी कर चुका है। इस स्वदेशी परमाणु चालित पनडुब्बी अरिहंत का परमाणु रिएक्टर चालू होना हमारी स्वदेशी तकनीकि क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम था।


## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### होर्मुज संकट : विश्व आर्थिकी के लिए बढ़ता खतरा

अमरीका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक चिंता का विषय बना दिया है। यदि यह समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार व्यवस्था प्रभावित होगी। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। प्रतिदिन दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। जहाजों की आवाजाही अगर बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आना स्वाभाविक है। - *बलराम सिंघल, अंबाला*

## ट्रेंड

### ट्रेड एग्रीमेंट



आज से भारत-यूके कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया है। उम्मीद है कि यह अहम समझौता 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को $100 बिलियन तक पहुंचाएगा।
-**अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अंतरिक्ष उड़ान



भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन ने अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखा है। यह मिशन नई रिसर्च, टेक्नोलॉजी में इनोवेशन और अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाओं का रास्ता खोलेगा।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### पारदर्शी परीक्षा प्रणाली



पारदर्शी परीक्षा प्रणाली हर छात्र का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी देश भर में छात्रों के इस अधिकार के लिए लड़ रही है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहां व्यापम, पटवारी भर्ती, कॉन्स्टेबल भर्ती और नर्सिंग कॉलेज जैसे घोटाले हुए हैं।
- **कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश


### दर्शकों का अपमान



फिल्मों पर सेंसरशिप असल में दर्शकों का अपमान है। स्मार्टफोन और बेहिसाब जानकारी तक पहुंच के इस दौर में, यह सोचना कि सरकार की बनाई कमेटी किसी सच्चाई के बारे में फिल्ममेकर के नज़रिए से बालिग लोगों को बचा सकती है, ये सिर्फ़ पुरानी सोच है, बल्कि बेवकूफी भी है।
- **रामगोपाल वर्मा,** फिल्मकार

## करंट अफेयर

### ग्रेट बैरियर रीफ के लिए खतरा बना है जल प्रदूषण



जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले प्रवाल विरंजन (कोरल ब्लीचिंग) को आमतौर पर ग्रेट बैरियर रीफ के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जाता है, लेकिन दुनिया की इस सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति प्रणाली के सामने खराब जल गुणवत्ता भी एक गंभीर चुनौती है।
खेती, शहरों और वन क्षेत्रों से बहकर नदियों में पहुंचने वाली मिट्टी (तलछट) समुद्र में दूर तक पहुंच जाती है। इसकी अधिक मात्रा प्रवाल भित्तियों और समुद्री घास (सीग्रास) के मैदानों को ढक सकती है, जबकि उर्वरकों और कीटनाशकों के अवशेष स्थिति को और खराब कर देते हैं। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है, लेकिन जल गुणवत्ता ऐसा मुद्दा है जिस पर ऑस्ट्रेलिया सीधे कार्रवाई कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने हाल के वर्षों में बार-बार इस पर चिंता जताई है। वर्ष 2023 के बाद जारी चौथे मसौदा निर्णय में भी जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ खराब जल गुणवत्ता को प्रमुख खतरा बताया गया है। मसौदे में 2024-25 में प्रवाल विरंजन, खराब जल गुणवत्ता, मछली पकड़ने के ऐसे गैर टिकाऊ तरीके और तटीय भूमि के अनुचित उपयोग से हुए नुकसान पर ऑस्ट्रेलियाई सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है।

## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम करते हैं भोजन बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी बोले- गलती से लगा था काल, सिर्फ मिस्ड काल और परिचय संदेश, हस्तक्षेपकर्ता ने उठाया सवाल- लंबित मामले में जज का नंबर कैसे और क्यों था?

हाई कोर्ट जज को फोन लगाने का मामला

## भाजपा विधायक संजय पाठक की सफाई बनाम न्यायिक हस्तक्षेप के सवाल पर फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच में बुधवार को भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ विचाराधीन अवमानना के प्रकरण की सुनवाई हुई। पूर्व निर्देश के पालन में विधायक स्वयं अदालत में उपस्थित हुए। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और हस्तक्षेपकर्ता आशुतोष दीक्षित की ओर से विस्तृत बहस हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।



संजय पाठक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि संबंधित न्यायाधीश को फोन अनजाने में लग गया था। रिकार्ड में केवल मिस्ड काल और एक इंट्रोडक्शन संदेश का उल्लेख है। विधायक पहले ही बिना शर्त माफी मांग चुके हैं। ऐसे में इसे आपराधिक अवमानना का मामला नहीं माना जाना चाहिए।

किसी विचाराधीन मामले में संबंधित न्यायाधीश से संपर्क का प्रयास न्यायिक प्रक्रिया में सीधा हस्तक्षेप* वहीं हस्तक्षेपकर्ता आशुतोष दीक्षित की ओर से इसका कड़ा विरोध किया गया। उनका कहना था कि किसी विचाराधीन मामले में संबंधित न्यायाधीश से संपर्क का प्रयास न्यायिक प्रक्रिया में सीधा हस्तक्षेप है। केवल माफी मांग लेने से अपराध समाप्त नहीं हो जाता। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि विधायक के पास संबंधित हाई कोर्ट जज का मोबाइल नंबर कैसे और क्यों था।

यदि मामला न्यायालय में लंबित था तो गलती से फोन लगने की दलील स्वीकार नहीं की जा सकती। दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

### ज्यूडिशियल सर्वेंट वाले सुप्रीम कोर्ट घटनाक्रम का दिया हवाला

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में हुए एक घटनाक्रम का उल्लेख किया, जिसमें एक अधिवक्ता द्वारा न्यायाधीशों को ज्यूडिशियल सर्वेंट कहे जाने पर विवाद हुआ था। रोहतगी ने दलील दी कि उस मामले में भी आपराधिक अवमानना की कार्रवाई नहीं हुई। उनका तर्क था कि वर्तमान मामले में भी, जहां केवल मिस्ड काल, परिचयात्मक संदेश और बिना शर्त माफी का तथ्य है, उसे आपराधिक अवमानना नहीं माना जाना चाहिए।

### कोर्ट से निकलकर बोले पाठक- मां पीतांबरा के दरबार जाऊंगा

सुनवाई के बाद कोर्ट परिसर में संजय पाठक ने कहा कि उनसे गलती से हाई कोर्ट जज को फोन लग गया था। उन्होंने हाई कोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली है और उन्हें न्यायालय से न्याय की पूरी उम्मीद है। पाठक ने कहा कि अब वे दतिया स्थित मां पीतांबरा के दरबार में दर्शन करने जाएंगे। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार में शामिल होंगे।

जरूरत पड़ने पर फिर हाई कोर्ट आ सकेंगे पिता

## कविता नागार्जुन मौत मामला : एसपी को शिकायत पर फैसला करने के निर्देश

सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका का निराकरण, पहले एसपी करेंगे शिकायत पर फैसला, फिर जरूरत पड़ने पर हाई कोर्ट आने की छूट

**जबलपुर।** मप्र हाइकोर्ट ने 27 वर्षीय कविता नागार्जुन की संदिग्ध मौत मामले की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका का निर्देश सहित निराकरण कर दिया। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने जबलपुर पुलिस अधीक्षक को याचिकाकर्ता पी दक्षिणामूर्ति की शिकायत पर सुनवाई कर विधिसम्मत निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि शिकायत का निराकरण करते समय याचिकाकर्ता को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाए। यदि शिकायत का संतोषजनक निराकरण नहीं होता है तो वे दोबारा हाई कोर्ट की शरण ले सकते हैं। चेन्नई निवासी पी. दक्षिणामूर्ति ने अधिवक्ता मनीष वर्मा के माध्यम से याचिका दायर कर बेटी कविता की मौत की सीबीआई जांच की मांग की थी। उनका आरोप है कि 27 वर्षीय विधि स्नातक कविता की दहेज हत्या हुई, जबकि घटना को हादसे का रूप देने का प्रयास किया गया। याचिका में पुलिस जांच की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए गए।

**याचिका के प्रमुख बिंदु**

- कविता नागार्जुन की मौत को दहेज हत्या बताया गया।
- पति मेजर डा. ओम नागार्जुन पर गंभीर आरोप लगाए गए।
- मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई।
- जैक आरआरसी आफिसर्स मेस से अस्पताल की पांच मिनट की दूरी तय करने में दो घंटे 39 मिनट लगने पर सवाल उठाए गए।
- एक वर्ष बाद भी एफआइआर दर्ज नहीं होने का आरोप लगाया गया।
- पुलिस द्वारा शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करने की बात कही गई।

## गांजा तस्कर को 10 साल की सजा, एक लाख रुपए अर्थदंड

**जबलपुर।** एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश प्रवेन्द्र कुमार सिंह ने गांजा तस्कर दमोह निवासी गजराज सिंह को 10 साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने इस मामले में रज्जू सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। अभियोजन के अनुसार 20 जनवरी 2024 को खितौला पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों की जीप से 56 किलो गांजा बरामद किया था। मामले में एनडीपीएस की धाराओं के तहत चालान पेश किया गया। एजीपी अरविन्द जैन के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने गजराज सिंह को सजा सुनाई।

## त्यौहारों में भारी मुनाफा कमाने दूध में हो रही मिलावट

**जबलपुर।** कलेक्टर ने दूध में हो रही मिलावट रोकने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देष दिए, तदानुसार रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इसके पूर्व नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर दूध में 10 से 20 प्रतिशत तक पानी की मिलावट किए जाने की शिकायत की। मंच के अनुसार त्यौहारों में भारी मुनाफा कमाने ऐसी मिलावट हो रही है। मंच ने बताया कि जबलपुर में कुपोषण की भारी शिकायत है, मिलावट के कारण शुद्ध दूध नहीं मिलने से कुपोषण की शिकायतें बढ़ रही हैं।

### डेयरी वालों की बैठक पर निर्णय नहीं

मंच ने कलेक्टर को बताया कि दूध के रेट निर्धारण पर पूर्व के कलेक्टरों द्वारा डेयरी वालों की बैठकें आयोजित की गई थीं, इसी तर्ज पर वर्तमान में भी डेयरी वालों की बैठक बुलाई जाए। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने ऐसी बैठक के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया। उन्होंने डॉ. पीजी नाजपांडे को निर्देश दिया कि उनके द्वारा दूध रेट संबंधी दायर याचिकाओं की जानकारी प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर से हुई चर्चा में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा, घनश्याम सोनकर आदि शामिल रहे।

एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव

## 42,803 मतपत्रों की गिनती पूरी

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव-2026 की मतगणना प्रथम वरीयता के अंतिम चरण में पहुंच गई है। अब तक करीब 62 हजार मतों में से 42,803 मतपत्रों की गिनती पूरी हो चुकी है। इनमें 41,282 मतपत्र वैध तथा 1,521 निरस्त पाए गए हैं। गुरुवार से रीवा जिले के मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। बुधवार को ओबेदुल्लागंज, गैरतगंज, बैतूल, बेगमगंज, उदयपुरा, गोहद, राजगढ़, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, सैलाना, जावरा, आलोट और रतलाम के मतपत्रों की गिनती शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से पूरी हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एसके पालो व वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ के अनुसार पूरी प्रक्रिया प्रत्याशियों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराई जा रही है। वर्तमान चरण में प्रथम वरीयता के मतों में राकेश सिंह भदौरिया, विवेक सिंह, आरके सिंह सैनी, एचपी जय हार्डिया और अखिलेश कुमार सक्सेना को बढ़त मिली है। महिला प्रत्याशियों में प्रतीका पाठक, अनुल पटेल, प्रतिभा बलिया, रेशम ऋतु जैन और अंजना कुशवाहा आगे चल रही हैं। अधिकारियों ने चुनाव में महिला अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

आईटीआई ट्रेनिंग आफिसर भर्ती नियम को चुनौती

## हाईकोर्ट ने चिन्हित जनजातियों को सीधी नियुक्ति के प्रावधान पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) की आईटीआई ट्रेनिंग आफिसर भर्ती-2026 में चिन्हित जिलों की सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति के अभ्यर्थियों को बिना चयन परीक्षा सीधे नियुक्ति देने को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर राज्य सरकार और ईएसबी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने प्रतिवादियों से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त, 2026 से प्रारंभ होने वाले सप्ताह में होगी। याचिकाकर्ता जबलपुर की प्रियंका देवी मरावी व अन्य की ओर से दलील दी गई कि ईएसबी ने 37 ट्रेडों में 1120 प्रशिक्षण अधिकारी पदों की भर्ती के लिए जारी विज्ञापन के पैरा 4.11 में सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति के चिन्हित जिलों के अभ्यर्थियों को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होने पर बिना किसी चयन प्रक्रिया सीधे नियुक्ति देने का प्रविधान किया है। इससे गोंड, प्रधान सहित अन्य अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थी आरक्षण के लाभ से वंचित हो जाएंगे। इसे संविधान के समानता और आरक्षण संबंधी प्रविधानों के विपरीत बताते हुए नियम को निरस्त करने की मांग की गई है।

## एनडीआरएफ ने स्कूली बच्चों को सिखाए आपदा प्रबंधन और जीवन रक्षा के तरीके

**जबलपुर।** मानसून पूर्व तैनाती के तहत रानीताल स्थित यूथ हॉस्टल में तैनात एनडीआरएफ की 11वीं वाहिनी की टीम ने रांझी स्थित लक्ष्मी नारायण यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्कूल स्टाफ को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में एनडीआरएफ के बचावकर्मियों ने भूकंप, अग्निकांड, बाढ़, करंट लगने जैसी आपात स्थितियों में सुरक्षा के उपाय बताए। साथ ही प्राथमिक उपचार और सीपीआर (CPR) तकनीक का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जीवन रक्षा के महत्वपूर्ण तरीके सिखाए गए। 11वीं एनडीआरएफ मुख्यालय वाराणसी के द्वितीय कमान अधिकारी संतोष कुमार के



मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में निरीक्षक रेखा कुमारी ने कहा कि आपदा के समय सबसे पहला सहयोग स्थानीय लोगों से ही मिलता है। यदि विद्यार्थी और शिक्षक आपदा प्रबंधन के मूल नियमों से परिचित हों तो वे स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरों की जान भी बचा सकते हैं। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे प्राप्त जानकारी को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में सहायक उप-निरीक्षक जितेंद्र कुमार सहित एनडीआरएफ के अन्य बचावकर्मी उपस्थित रहे। एनडीआरएफ द्वारा ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को आपदाओं से निपटने के लिए लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कल पीएम करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

## अमृत भारत स्टेशन बनेगा ब्यौहारी

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत ब्यौहारी रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास पूरा हो गया है। करीब 20.58 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस स्टेशन का 17 जुलाई को प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे।




कटनी–सिंगरौली रेलखंड पर स्थित ब्यौहारी स्टेशन का आधुनिकीकरण यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखकर किया गया है। पुनर्विकास के तहत स्टेशन को नया भवन, आकर्षक प्रवेश द्वार, विस्तृत सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, डिजिटल ट्रेन सूचना बोर्ड, कोच पोजीशन डिस्प्ले सिस्टम, हाई-लेवल प्लेटफॉर्म, 12 मीटर चौड़ा फुटओवर ब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप, टैक्टाइल पाथ, व्हीलचेयर और विशेष शौचालय की व्यवस्था भी की गई है। रेलवे के अनुसार, 17 जुलाई को दोपहर 2 बजे स्टेशन परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य आयोजन होंगे। इसके बाद दोपहर 3:45 बजे प्रधानमंत्री देशभर के अमृत भारत स्टेशनों के साथ ब्यौहारी स्टेशन का भी वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने कहा कि पुनर्विकसित ब्यौहारी स्टेशन क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति देगा, जबकि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि स्टेशन के सभी विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं और यह यात्रियों की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार है।

## अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटने पर मौत

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अतंर्गत अप ट्रेक पर कछपुरा-भेड़ाघाट सेक्शन के बीच अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटने पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अप ट्रेक पर कछपुरा भेड़ाघाट सेक्शन के बीच एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटने पर मौत हो गई। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 40 वर्ष की बताई गई है। ईसाई कम्पाउंड घमापुर निवासी काशी प्रसाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान शुरू, 15 दिनों तक चलेगा जन-जागरूकता अभियान

**जबलपुर।** समाज को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश पुलिस एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ भंवरताल गार्डन के समीप संस्कृति थिएटर में किया गया। 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले इस 15 दिवसीय अभियान के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेंद्र जामदार, ब्रह्मकुमारी वर्षा बहन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की डॉ. ऋचा शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह, आयुष जाखड़ एवं अनु बेनिवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। आईजी प्रमोद वर्मा ने कहा कि नशे से दूर रहकर युवा खेल, प्रकृति से जुड़ाव और रचनात्मक कार्यों को जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 14446 (परामर्श), 14441 (सुसाइड प्रिवेंशन) एवं 1933 (मानस हेल्पलाइन) की जानकारी देते हुए नशामुक्त भारत निर्माण में नागरिकों की भागीदारी का आह्वान किया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि नशा परिवार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान बच्चों, युवाओं



एवं आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने विद्यालयों के आसपास तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों की दुकानों पर रोक की आवश्यकता भी बताई।

डीआईजी अतुल सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने युवाओं से सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने तथा नशे के अवैध कारोबार की सूचना प्रशासन को देने की अपील की। डॉ. जितेंद्र जामदार ने नशे के चिकित्सकीय दुष्प्रभावों एवं नार्को-टेररिज्म के खतरे पर प्रकाश डाला। वहीं ब्रह्मकुमारी वर्षा बहन ने सकारात्मक सोच और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। डॉ. ऋचा शर्मा ने अच्छी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नशा मुक्ति संदेश का प्रसारण किया गया। नवज्योति नशामुक्ति केंद्र अवधपुरी के कलाकारों ने संजय पांडे के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के दुष्परिणामों का संदेश दिया। अंत में आईजी प्रमोद वर्मा ने उपस्थितजनों को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के बाद संस्कृति थिएटर भंवरताल से जन-जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से शहरवासियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

### स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने मोबाइल, पर्स और अंगूठी छीनी

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र में देर रात स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने एक युवक को रोककर उससे मोबाइल फोन, पर्स और चांदी की अंगूठी छीन ली। झपटमारी के दौरान बदमाशों ने युवक से मारपीट भी की, जिससे उसकी आंख के पास चोट आई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम डूंडी 32 वर्षीय चंद्रभान झारिया मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में निजी कर्मचारी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गत रात करीब 12:15 बजे ड्यूटी समाप्त कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जब वह बब्बा ढाबा के आगे रेत स्टॉक के पास पहुंचे, तभी पीछे से सफेद रंग की स्कूटी पर सवार तीन युवक आए और उनकी बाइक के सामने स्कूटी अड़ा दी। बदमाशों ने चंद्रभान से कहा, "कैसी गाड़ी चला रहा है, शराब पी रखी है क्या?" इसके बाद एक आरोपी ने उनके हाथ से ओप्पो कंपनी का मोबाइल छीन लिया, जबकि दूसरे ने जेब से पर्स, जिसमें 4 से 5 हजार रुपए नकद रखे थे, निकाल लिया।

## कैंट क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुधारने विधायक रोहाणी ने दिए निर्देश, जाम और अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई

**जबलपुर।** कैंट विधानसभा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विधायक अशोक रोहाणी की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, छावनी परिषद के अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, यातायात डीएसपी एवं संबंधित थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में विधायक रोहाणी ने भारत माता चौक से पेंटीनाका तक स्कूल समय में लगने वाले जाम, ऑटो-बसों की अव्यवस्थित पार्किंग तथा वाईएमसीए से एकता मार्केट तक बढ़ते दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर चिंता जताई। उन्होंने डिवाइडर पर स्टॉपर लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के सुझाव दिए। वहीं रांझी से गोकलपुर तक अमृत-2.0 योजना के निर्माण कार्यों के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन एवं पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्हीकल मोड़ रांझी के आगे स्कूल-कॉलेज क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने स्कूल परिसरों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि छात्राओं से छेड़छाड़ एवं सार्वजनिक स्थानों पर अवांछित गतिविधियों में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सदर मुख्य मार्ग, शोभापुर ब्रिज के सामने शराब पीने वालों, सेंट जोसेफ स्कूल के बाहर अवैध पार्किंग एवं स्कूलों के आसपास पान-गुटखा ठेलों को हटाने पर भी चर्चा हुई। विधायक रोहाणी ने यातायात सुधार के लिए विधायक निधि से आवश्यक बैरिकेडिंग उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने गोकलपुर से जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज मार्ग पर सड़क किनारे संचालित मटन-चिकन दुकानों को हटाने तथा तेज आवाज वाले साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को दुर्घटना संभावित स्थानों पर तत्काल सुधार कार्य, आवश्यकतानुसार ट्रैफिक सिग्नल लगाने और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में बाधा डालने वालों पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों के सामने पार्किंग व्यवस्था सुधारने एवं आवश्यकता पड़ने पर स्कूल वॉलिंटियर्स की सहायता लेने को कहा। साथ ही सेंट अलॉयसिस कॉलेज की सड़क तक फैली पार्किंग को लेकर प्रबंधन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। विधायक रोहाणी ने पुलिस, नगर निगम और छावनी परिषद के अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## 30 दिन में कारणयुक्त आदेश देने के निर्देश, तब तक कर्मचारी को मिली अंतरिम राहत

# कर्मचारी के अभ्यावेदन को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता, स्थानांतरण विवादों में हाई कोर्ट का संतुलित संदेश

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने स्थानांतरण मामलों में प्रशासनिक जवाबदेही को रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया है कि कर्मचारी के अभ्यावेदन को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने शहडोल निवासी वन कर्मी रामनरेश विश्वकर्मा की याचिका का निराकरण करते हुए राज्य शासन को निर्देश दिए कि लंबित अभ्यावेदन पर 30 दिन के भीतर कानून के अनुरूप कारणयुक्त आदेश पारित किया जाए तथा उसका निर्णय याचिकाकर्ता को भी अवगत कराया जाए।

कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि यदि याचिकाकर्ता को अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है तो 16 जून, 2026 के तबादला आदेश का प्रभाव 30 दिन अथवा अभ्यावेदन के निर्णय तक, जो पहले हो, स्थगित रहेगा। हालांकि हाई कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि उसने



तबादला आदेश की वैधता अथवा मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शंभू दयाल गुप्ता एवं कपिल गुप्ता ने पक्ष रखा।

## केवल किसी व्यक्ति का लापता होना बंदी प्रत्यक्षीकरण का आधार नहीं

### हाईकोर्ट ने टिप्पणी में साथ निरस्त कर दी याचिका

### पुलिस को बालक की तलाश के प्रयास और तेज करने के निर्देश

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने शहडोल के 14 वर्षीय लापता बालक अंश पनिका की बरामदगी के लिए दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका निरस्त कर दी। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने साफ किया कि केवल किसी व्यक्ति के लापता होने से हेबियस कार्पस याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती। इसके लिए अवैध हिरासत के प्रथम दृष्टया संकेत होना आवश्यक है।याचिका मनोज कुमार पनिका ने दायर की थी। उनका पुत्र 11 अक्टूबर, 2025 से सोन नदी क्षेत्र से लापता है। राज्य सरकार ने बताया कि पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों ने लगातार तलाश की, पर कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने इनाम घोषित कर राजपत्र अधिसूचना भी जारी की है। कोर्ट ने माना कि जांच लगातार जारी है और अवैध निरुद्ध किए जाने का कोई साक्ष्य नहीं है। इसलिए याचिका निरस्त करते हुए पुलिस को बालक की तलाश के प्रयास और तेज करने के निर्देश दिए।

# कांग्रेस कल मनाएगी पं. विश्वनाथ दुबे की 87वीं जयंती

**जबलपुर**। जबलपुर के गौरव, कर्मयोगी पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे की 87वीं जयंती 17 जुलाई को सुबह 10:00 बजे नगर निगम के सामने नेहरू उद्यान में स्थापित प्रतिमा स्थल पर मनाई जायेगी। जबलपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा ने बताया कि, जबलपुर के गौरव, कर्मयोगी, पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे की 87वीं जयंती नगर निगम के सामने नेहरू उद्यान में दिनाँक 17 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे उनके प्रतिमा स्थल पर मनाई जायेगी, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, सभी शहरवासियों से अपने प्रिय नेता जिन्होंने महापौर रहते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमेशा अपने शहर जबलपुर के हित की बात की एवं एक भी पैसा मानदेय के रूप में नगर निगम से नहीं लिया, जबलपुर की ऐतिहासिक मॉडल रोड का निर्माण कर पूरे देश में जबलपुर का नाम रौशन किया, ऐसे जननेता पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे की 87वीं जयंती समारोह में उपस्थिति की अपील की है। उपस्थिति की अपील वरिष्ठ कांग्रेस



नेता एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, रूपलाल यादव, ठा. दीपक सिंह राजपूत, ठा. उमेन्द्र सिंह, सरोज कांडा, ऊषा महाजन, बी.के. तिवारी, उमाकांत चौकसे, कृष्णा गुप्ता, दलवीर सिंह जस्सल, संजय वर्मा, मधु मसीह, कुमुद मुराव, सुरेश हिरस्कर आदि ने की है।



# महर्षि सुदर्शन वार्ड में अधूरे नाला निर्माण से नागरिक परेशान

### कांग्रेस ने ठेकेदार व नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया

**जबलपुर**। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि महर्षि सुदर्शन वार्ड में पिछले लगभग 20-25 दिनों से नाला निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के पूर्व पार्षद धीरेन्द्र संजू ठाकुर ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा नाला खोदकर कार्य बीच में छोड़ देने से नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो वार्डवासियों के स्वास्थ पर गंभीर असर पड़ सकता है। धीरेन्द्र संजू ठाकुर ने नगर निगम प्रशासन और संबंधित ठेकेदार से मांग की है कि अधूरे पड़े नाला निर्माण कार्य को तत्काल पूरा कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस वार्डवासियों के साथ नगर निगम के खिलाफ आंदोलन करने बाध्य होगी।

# नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 कार्यक्रम का आयोजन

**सिहोरा**। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी एवं एन एस एस के विद्यार्थियों द्वारा एक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन एनसीसी अधिकारी डॉ. वैशाली उइके के नेतृत्व में किया गया । रैली से पहले विद्यार्थियों ने हर प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ ली ।नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ,सुरक्षित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान बताता है कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा,करियर और समाज को भी प्रभावित करता है। युवाओं के लिए संदेश है कि वे अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और समय को शिक्षा, खेल, योग, कला, नवाचार और राष्ट्र निर्माण जैसे सकारात्मक कार्यों में लगाएँ। मित्रों के दबाव या जिज्ञासा में आकर किसी भी प्रकार के नशे की शुरुआत न करें। यदि कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा हो, तो उसे छिपाने के बजाय परिवार, शिक्षकों या विशेषज्ञों की सहायता लेकर इस आदत से बाहर आने का प्रयास करना चाहिए। नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम शासन द्वारा 15 से 21 जुलाई 2026 तक निर्धारित किया है । जिसमें विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूकता लाने हेतु अन्य कई कार्यक्रमों का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर श्री कृष्णा तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस के मेहरोलिया हैं।



# सेवानिवृत्त शिक्षक ने संस्था को भेंट किया प्रिन्टर

**सिहोरा**। सेवानिवृत्ती के बाद भी शिक्षक की कर्त्तव्य निष्ठा,अनुशाशन, समाज के प्रति समर्पण जीवन पर्यन्त बना रहता है। इसकी मिसाल प्रस्तुत करते हुऐ शास.कन्या माध्यमिक शाला खितौला बस्ती से सेवानिवृत्त शिक्षक राजभान पटेल द्वारा शाला को फोटोकापी सह प्रिंटर भेंट किया गया शाला परिवार ने पटेल के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका राकेश्वरी सिंह,शशि राजपूत,स्नेहा सैनी,मनीष श्रीवास्तव,विनोद पाण्डे,आशा सोनी सीता नामदेव,ममता देवी उपस्थित रहे।

# लंबित मांगों को लेकर पटवारियों का प्रदर्शन आज, मंत्रियों-विधायकों के कार्यालयों का करेंगे घेराव

**पनागर**। मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला पनागर एवं जबलपुर इकाई द्वारा लंबित मांगों को लेकर बुधवार 16 जुलाई को प्रदर्शन किया जाएगा। संघ के जिला अध्यक्ष जागेंद्र पीपरी के नेतृत्व में पटवारी शासन के मंत्रियों एवं स्थानीय विधायकों के कार्यालयों का घेराव कर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से राज्य शासन को ज्ञापन सौंपेंगे। पटवारी संघ के अनुसार आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य कैडर रिव्यू (संवर्ग समीक्षा) सहित अन्य लंबित विभागीय एवं सेवा संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराना है। संघ का कहना है कि लंबे समय से मांगों पर निर्णय नहीं होने के कारण आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष जागेंद्र पीपरी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता चौकसे सहित नरेश दुबे, कपिल तिवारी, प्रभात परोहा, पंकज पाठक, कैलाश उपरेती, मुकेश तिवारी, राजेश मेहरा, अमित मोहन, शुभम द्विवेदी, रोहित पटेल, पुष्पेंद्र अहिरवार, राहिल नायक, सुनील झा, मनीष राय, विनय पांडे एवं अमित महोबिया सहित बड़ी संख्या में पटवारियों के शामिल होने की संभावना है। संघ ने मीडिया प्रतिनिधियों से आंदोलन को जनहित के मुद्दे के रूप में प्रमुखता से प्रकाशित करने की अपील की है।

# नगर में आज गुंजायमान होंगे जय जगन्नाथ के नारे

**बरेला**। नगर में आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जा रहा है। यह रथ यात्रा कुंडा स्थित मां कर्मा देवी जगन्नाथ स्वामी मंदिर से प्रारंभ की जावेगी ।रथ में भगवान जगन्नाथ के साथ बहन सुभद्रा और भाई बलराम भी विराजमान होंगे। इस अवसर पर यह रथ यात्रा कुंडा से प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर में भ्रमण करने के पश्चात थाने के सामने स्थित राम जानकी मंदिर में संपन्न होगी। रथ यात्रा के पूर्व सुबह नगर में विशाल वाहन रैली निकाली जावेगी। यह रैली शारदा मंदिर कुंडा से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न वार्डों से गुजरते हुए पुनः कुंडा में संपन्न होगी। रैली में जय भगवान जगन्नाथ जय जगन्नाथ के नारे गुंजायमान होंगे। शाम 5:00 बजे रथ यात्रा प्रारंभ होगी रथ यात्रा में इस्कॉन मंदिर के भक्तों द्वारा एवं बुंदेला ग्रुप द्वारा जागरण किया जाएगा । आयोजन में मां कर्मा देवी युवा मंडल मां कर्मा देवी महिला मंडल मां कर्मा देवी जगन्नाथ स्वामी मंदिर समिति साहू समाज परगना बरेला एवं समस्त श्रद्धालु नगर वासी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।



# तिलक वार्ड में असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग, निगम को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर**। तिलक वार्ड क्षेत्र के प्राचीन राम मंदिर (राम दरबार) के प्रवेश द्वार का निर्माण शासकीय मद एवं उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडेय के सहयोग से कराया जा रहा है, स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, इसी संबंध में तिलक वार्ड के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम में ज्ञापन सौंपाकर मांग की है कि निष्पक्ष जांच कर विधिसम्मत दंडात्मक कार्रवाई की जाए, जिससे क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता रामदयाल यादव, शानू यादव, कौशल यादव, एडवोकेट गौरव यादव, एडवोकेट दीपांशु यादव इत्यादि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## पत्रकार कल्याण परिषद की सिहोरा इकाई गठित

# शरद सेठ अध्यक्ष और विजय तिवारी बने उपाध्यक्ष



**सिहोरा**। मध्यप्रदेश पत्रकार कल्याण परिषद की स्थानीय इकाई के गठन को लेकर सिहोरा में पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांती त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर रीवा संभाग संयोजक हमीद खान एवं संरक्षक महेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवगठित कार्यकारिणी में अनिल अग्रवाल को संरक्षक, शरद सेठ को अध्यक्ष एवं विजय तिवारी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। शेष कार्यकारिणी का गठन बाद में किया जाएगा। बैठक में राजकुमार तिवारी, नरेश सिंह चौहान, सत्येंद्र तिवारी, प्रशांत बाजपेई, गंगा पटेल, मोहन सोंधिया, विवेक सेठ, संतोष साहू एवं सुधांशु सेठ सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।



# शारदा मंदिर नागा घाटी ब्लैक स्पॉट का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण, सड़क सुरक्षा के दिए निर्देश

**बरेला**। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बरेला स्थित शारदा मंदिर नागा घाटी ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर दुर्घटना रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सड़क की भौगोलिक स्थिति, तीखे मोड़ों, यातायात व्यवस्था, संकेतक बोर्ड, सुरक्षा रेलिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने एनएचएआई के अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीयूष यदुवंशी, सरपंच आशीष शुक्ला, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए नागा घाटी मार्ग पर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था शीघ्र लागू करने की मांग की।



# हीरो स्प्लेंडर प्लस का माइलेज परीक्षण, 40 किमी में खर्च हुआ मात्र 350 ग्राम पेट्रोल

**कटंगी**। सन्मति हीरो एजेंसी कटंगी द्वारा हीरो मोटोकॉर्प की स्प्लेंडर प्लस बाइक का माइलेज परीक्षण आयोजित किया गया। परीक्षण में ग्राहकों को शामिल किया गया, जिसमें बाइक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 किलोमीटर की दूरी मात्र 350 ग्राम पेट्रोल में तय की। माइलेज परीक्षण को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कटंगी के मैनेजर अनुज कुमार, फील्ड ऑफिसर ललित आर्य एवं श्याम सुंदर यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ग्राहकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। एजेंसी संचालक विनय जैन ने कहा कि भारतीय कंपनी हीरो मोटोकॉर्प अपने बेहतर माइलेज और विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है। उन्होंने सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ती ईंधन कीमतों के दौर में बेहतर माइलेज देने वाली गाड़ियां ग्राहकों के लिए उपयोगी साबित हो रही हैं।




**श्रीमती मंगो जैन**- कालीमठ सुदामानगर मदनमहल निवासी श्री गोकुल चंद जैन की धर्मपत्नी श्रीमती मंगो जैन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई छीरा**- बेलबाग तिराहा निवासी श्री शोभाराम छीरा की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई छीरा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला देवी**- वल्दी कोरी की दफाई पूर्वी घमापुर निवासी श्री रामानंद सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू कोल**- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राजू कोल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमजी भीमीसरा सिंह**- सिद्धबाबा लालमाटी निवासी श्री नरजीत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती भीमीसरा सिंह (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बृजेश जायसयवाल**- बेलबाग तिराहा निवासी श्री बृजेश जायसवाल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री नंद कुमार चौधरी- महाराजपुर निवासी श्री नंद कुमार चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूना बाई चौधरी**- भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री विश्राम चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती पूना बाई चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई केवट**- लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री भद्दी लाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई केवट (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती दुलारी बाई राजपूत- सिद्धबाबा साहू मोहल्ला निवासी श्री सूरज सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती दुलारी बाई राजपूत (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शशिकला श्रीवास**- भालदारपुरा निवासी श्रीमती शशिकला श्रीवास (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बिनिया चौधरी**- छिवला गौरीघाट निवासी श्री रूप लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती बिनिया चौधरी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भुल्लन कोरी**- भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री भुल्लन कोरी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रदीप झारिया**- सेठीनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रदीप झारिया (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 90/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साधा निशाना, कहा- यूसीसी पर रुख स्पष्ट करे कांग्रेस

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समिति द्वारा मुझे यूसीसी की रिपोर्ट सौंप दी गई है। अब कांग्रेस को भी इस विषय पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। चाहे यूसीसी का मुद्दा हो या भोजशाला का, कांग्रेस हर विषय को केवल हिंदू-मुस्लिम और वोट बैंक की राजनीति के नजरिए से देखती है।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक बात यह है कि सभी धर्मों के नागरिकों ने यूसीसी पर अपने विचार खुलकर और स्पष्ट रूप से रखे हैं, लेकिन कांग्रेस ने अब तक अपना स्पष्ट रुख सामने नहीं रखा है। डॉ. यादव विधानसभा परिसर में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व कैलाश जोशी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे।

## हर विषय को हिंदू-मुस्लिम, वोट बैंक के नजरिए से देखती है कांग्रेस

## पूर्व मुख्यमंत्री ने स्व. जोशी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

### सीएम ने प्रतिवेदन के लिए समिति को दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समिति के सदस्य प्रो गोपाल शर्मा, बुधपाल सिंह, शोभा पैठणकर और समिति के सदस्य सचिव अजय कटेसरिया उपस्थित थे। डॉ. यादव को सौंपे गए प्रतिवेदन में समिति की रिपोर्ट 3 खण्डों में संकलित है। पहले खंड में समिति की अनुशंसाओं का प्रतिवेदन है और इसमें समिति ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य के विभिन्न विधियों एवं प्रथाओं का विश्लेषण कर अपनी अनुशंसाएं प्रतिवेदित की है। इस खंड में 10 अध्याय है।



स्व कैलाश जोशी को पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विस अध्यक्ष तोमर व मंत्री पटेल।

### स्व. जोशी के किए गए कार्य हमारे लिए आदर्श

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व कैलाश जोशी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि वे कुशल संगठनकर्ता और समाजसेवी थे। उन्होंने 1962 में बागली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर अपनी राजनीतिक यात्रा प्रारंभ की। जोशी ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सहित अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलता से निर्वाहन किया। उनका जीवन सादगी, शुचिता, जनसेवा और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। प्रदेश के विकास और जनकल्याण के प्रति उनका अमूल्य योगदान सदैव प्रेरणादायी और स्मरणीय रहेगा। राज्य सरकार उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ रही है। पुष्पांजलि कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, पूर्व मुख्यमंत्री स्व जोशी के पुत्र एवं पूर्व मंत्री दीपक जोशी सहित परिजन उपस्थित थे।

### अजजा को यूसीसी से बाहर रखने की अनुशंसा

प्रतिवेदन का दूसरा खंड विधेयक के प्रारूप के रूप में है। समिति द्वारा प्रस्तावित विधेयक के प्रारूप को मध्यप्रदेश में प्रचलित विधियों एवं नियमों के दृष्टिगत तैयार किया गया है। प्रस्तावित विधेयक के 4 भाग, 404 धाराएं एवं 7 अनुसूचियां है। तीसरे खंड में जन परामर्श प्रतिवेदन है, जिसमें समिति द्वारा जिला स्तर, राज्य स्तर एवं वेबसाइट के माध्यम से किए गए व्यापक जन-परामर्श का विवरण है। समिति को 9.58 लाख से अधिक परामर्श प्राप्त हुए थे। उनका प्रश्नवार, लिंगवार एवं समुदायवार विश्लेषण इस खंड में शामिल है। समिति ने अनुसूचित जनजातियों को समान नागरिक संहिता से बाहर रखने की अनुशंसा की है।

---

कुछ मंत्रियों ने भी इस पर विरोध दर्ज कराया, इसके बाद मामला कैबिनेट में डिफर हो गया

# जहां डॉक्टर नहीं हैं, पहले वहां डॉक्टरों की भर्ती इसके बाद ही दूसरे अस्पतालों का उन्नयन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को अस्पतालों के उन्नयन, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम समेत तीन मुद्दों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंजूरी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल तो बन जाते हैं, पर डॉक्टरों की कमी की वजह से वह संचालित नहीं हो पाते। प्रदेश में ऐसे तमाम स्वास्थ्य केंद्र हैं, जहां एक भी डॉक्टर नहीं हैं।

पहले उन अस्पतालों में डॉक्टरों की भर्ती कराएं, इसके बाद ही उन्न्यन के बारे में चर्चा करें। स्वास्थ्य विभाग में 73 उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन करने का मुद्दा मंजूरी के लिए रखा गया था। किंतु मुख्यमंत्री व कुछ मंत्रियों के सवालों की वजह से नामंजूर (डिफर) हो गया। दरअसल, मौजूदा समय में सैकड़ों ऐसे छोटे-बड़े अस्पताल हैं, जहां डॉक्टरों की बेहद कमी है। तमाम कोशिश के बाद भी खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं।

> मौजूदा समय में सैकड़ों ऐसे छोटे-बड़े अस्पताल, जहां डॉक्टरों की बेहद कमी कोशिशों के बाद भी खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं मिल रहे चिकित्सक



कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से चर्चा करते सीएम डॉ. मोहन।

### 73 अस्पतालों के उन्नयन का रखा था प्रस्ताव

इसके बावजूद कैबिनेट में 73 अस्पतालों के उन्नयन का मुद्दा रखा गया। बताते हैं कि मंजूरी मिलने पर इन सभी अस्पतालों में उपकरणों के साथ ही टेक्निशियन से लेकर अन्य पदों पर भर्ती की जाती। इसके लिए 1600 डॉक्टरों की मांग रखी गई। इस पर कुछ मंत्रियों ने कहा कि डॉक्टरों की कमी प्रदेश भर में हैं। ऐसे में अस्पतालों के उन्नयन से एक और बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भी कहा कि पहले जिन अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, वहां डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, इसके बाद ही उन्नयन हो। एक उदाहरण यह भी दिया गया कि राजगढ़ के खिलचीपुर के पास एक अस्पताल में बडे.पैमाने पर फर्जीवाड़ा हुआ है। कई अस्पतालों में इसी तरह की समस्या आ रही है। इसीतरह पीडब्ल्यूडी के राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम में कई खामियां पाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने कठिन भाषा को पहले सरल हिंदी में करें। इसके बाद इसे दोबारों से रखे। इसके अलावा एक अन्य मुद्दे पर भी सहमति नहीं बनने की वजह से वह भी डिफर हो गया। जबकि प्रथम अनुपूरक बजट करीब 7 हजार करोड़ रुपए का मंजूर हुआ है। इसे विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा।

**जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ के प्रस्तावों को मंजूरी**

### नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के लिए 8 हजार 445 करोड़ रुपए की स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। कैबिनेट की बैठक में मध्यप्रदेश के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार ने शहरों के कायाकल्प के लिए नगरीय अधोसंरचना विकास मद में 8 हजार 445 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही कैबिनेट ने किसानों के हित में मूंग उपार्जन के लिए 1,587 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए कुण्डलिया परियोजना को निरंतर रखने जैसे कई दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णयों पर मुहर लगाई है।

#### निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय

रबी वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत लक्ष्य से अधिक उपार्जित मूंग के लिए 1,587 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है। पंजाब नेशनल बैंक से ली गई साख सीमा में 19 जुलाई 2026 से 18 जनवरी 2027 तक 6 माह के लिए शेष राशि 396 करोड़ की निःशुल्क प्रत्याभूति उपलब्ध कराई जाएगी।

#### नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के लिए करोड़ों मंजूर

कैबिनेट ने वाणिज्य कर विभाग के तहत पालिका अधिनियम के तहत पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क के अधिभार से प्राप्त राशि का निधि में अंतरण से संबंधित योजना के आगामी 5 वर्षों तक संचालन के लिए 8 हजार 445 करोड़ की स्वीकृति दी है। मुद्रांक शुल्क के साथ मप्र ननि अतिरिक्त शुल्क के रूप में उद्ग्रहीत राशि को नगरीय विकास विभाग को अंतरित किया है।

---

## नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति गिरोह के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई

**सीएम ने नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जागरुकता अभियान की प्रचार सामग्री का किया विमोचन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जागरूकता अभियान' ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत समाज को जागृत करने का कार्य किया है। नशे का कोई भी प्रकार एक व्यक्ति और समाज को नष्ट करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवीन्द्र भवन में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की पूर्व संध्या पर आयोजित शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त मप्र बनाने और नशा न करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में नशे की कई प्रकार की चुनौतियां हैं। हमारी सरकार ने नशा मुक्त मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए 19 धार्मिक स्थलों के आसपास नशा और शराबबंदी लागू की है। नशा मुक्ति अभियान में धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं भी भूमिका निभा रही हैं। पहले कहा जाता था कि अगर किसी को बर्बाद करना है तो उसे नशे की लत लगा दो, पूरा परिवार खत्म हो जाएगा।

### नशे के कारोबार के खिलाफ नरमी छोड़ें और सख्ती से पेश आएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ नरमी छोड़ें और सख्ती से पेश आएं। नशे के खिलाफ ऐसी कार्रवाई हो, जो नजीर बन जाए। राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। स्कूल और कॉलेजों में नशा मुक्ति के लिए कोर्स भी शुरू किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिक महानिदेशक कैलाश मकवाणा की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मकवाणा के परिवार में आई दुःख की घड़ी में हम सभी साथ हैं। मुख्यमंत्री ने नशे के विरूद्ध अभियान को सफल बनाने के लिए विभागों के समन्वय की सराहना की। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

---

20 से शुरू होगा मप्र विस का मानसून सत्र

## सार्थक संवाद, अनुशासन रहेगा प्राथमिकता: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पत्रकारों से चर्चा कतरे हुए कहा कि सदन की कार्यवाही अनुशासन, मर्यादा और सार्थक संवाद के साथ संचालित करने का प्रयास रहेगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी दल लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए जनता के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा की पहचान हमेशा अनुशासित और मर्यादित सदन के रूप में रही है। उनकी कोशिश रहेगी कि सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर मिले। हालांकि सदन के समय की सीमाएं होती हैं, इसलिए उसी के अनुरूप सभी को बोलने का समय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार के सत्र में अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा।



पत्रकारों को संबोधित करते तोमर।

---

बारिश में भोजन की तलाश में बस्तियों की ओर आ रहे हैं अजगर

## फार्म हाउस में 12 फीट का मिला विशालकाय अजगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

अंबिकापुर के बौरीपारा शिकारी रोड स्थित भाजपा नेता रमेश जायसवाल के फार्म हाउस में बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 12 फीट लंबे अजगर को बत्तख निगलते हुए देखा गया। 'स्नेक मैन' सत्यम द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर अजगर को सुरक्षित पकड़ा। अजगर को जंगल में छोड़ने की तैयारी है। दरअसल, रमेश जायसवाल ने फार्म हाउस में बत्तख, मुर्गा-मुर्गी पाल रखे हैं। दूसरे पालतू जानवर भी हैं। सभी को खुला रखा जाता है। इनके लिए अलग से कोई दड़बा नहीं बनाया गया है। पिछले कुछ दिनों से मुर्गा-मुर्गी और बत्तख की संख्या लगातार कम हो रही थी। रमेश जायसवाल को संदेह था कि अजगर इन्हें अपना निवाला बना रहा है, क्योंकि पूर्व के वर्षों में भी यहां से अजगर पकड़े जा चुके हैं। बुधवार सुबह करीब पांच बजे रमेश जायसवाल ने देखा कि एक विशाल अजगर बत्तख को मुंह की ओर से निगल रहा है। आधे से ज्यादा बत्तख अजगर के पेट में जा चुकी थी। उन्होंने अजगर को कोई नुकसान पहुंचाए बिना तुरंत 'स्नेक मैन' सत्यम द्विवेदी को सूचना दी।



### पकड़ते ही अजगर ने उगला शिकार

सूचना पर सत्यम द्विवेदी फार्म हाउस पहुंचे। उन्होंने देखा कि अजगर धीरे-धीरे बत्तख को निगल रहा है। काफी देर इंतजार के बाद भी जब अजगर ने बत्तख को पूरा नहीं निगला तो सत्यम ने सावधानी से अजगर को पकड़ लिया। जैसे ही अजगर को उठाया गया, उसने बत्तख को उगल दिया। तब तक बत्तख की मौत हो चुकी थी। पकड़े गए अजगर की लंबाई लगभग 12 फीट है। फिलहाल उसे सुरक्षित रखा गया है। जल्द ही अजगर को प्राकृतिक रहवास में छोड़ दिया जाएगा।

---

ओडिशा के दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## तीन लग्जरी कारों से करोड़ों का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस ने जिले भर में नाकाबंदी कर एक ही दिन में तीन अलग-अलग कार्रवाई में 552 किलो गांजा जब्त किया है।

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करों के दो तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ तीन लग्जरी कार जब्त किया है। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबीरों से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से बड़ी मात्रा में तस्कर,छत्तीसगढ़ के जशपुर होते हुए दूसरे राज्यों की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मंगलवार की शाम को जिले के कुनकुरी, नारायणपुर, बगीचा और कांसाबेल में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। नाकाबंदी के दौरान शाम लगभग साढ़े 6 बजे कुनकुरी के जय स्तंभ के पास पुलिस के जवानों ने तपकरा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की इनोवा कार को रूकने का संकेत किया। लेकिन पुलिस को देख कर कार चालक नाकाबंदी तोड़ कर भाग निकला। कुनकुरी पुलिस की टीम ने कार का पीछा किया।



---

ब्राह्मण, अनुसूचित जाति और कुशवाह मतदाता बनेंगे जीत की कुंजी, उम्मीदवारों ने संभाला मैदान

# दतिया उपचुनाव: जातीय समीकरण पर टिकी भाजपा-कांग्रेस की रणनीति

**समाजों के नेताओं को प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रदेश की प्रतिष्ठा से जुड़े इस चुनाव में विकास और संगठन के साथ-साथ जातीय समीकरण सबसे बड़ा चुनावी फैक्टर बनकर उभरा है। राजनीतिक दलों का पूरा फोकस उन समाजों पर है, जिनकी संख्या अधिक है और जो चुनावी नतीजे प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इनमें सबसे प्रमुख ब्राह्मण, अनुसूचित जाति (जाटव-अहिरवार) और काछी-कुशवाह समाज हैं।

दतिया विधानसभा क्षेत्र में अगले दो सप्ताह तक विभिन्न समाजों के प्रभावशाली नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही बूथ स्तर तक पहुंचकर सामाजिक समीकरण साधने में जुटी हैं। वहीं आजाद समाज पार्टी ने दामोदर यादव को उम्मीदवार बनाकर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की है।

**जातीय संतुलन बनाते हुए सभी वर्गों का समर्थन हासिल करना लक्ष्य**

### भाजपा का दांव

भाजपा ने इस बार नया चेहरा आशुतोष तिवारी मैदान में उतारा है। पार्टी सभी प्रमुख समाजों के बीच संपर्क अभियान चला रही है। चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद संध्या राय, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, शैलेंद्र बरूआ, शैतान सिंह पाल, ऐंदल सिंह कंषाना, इमरती देवी समेत विभिन्न समाजों के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी का लक्ष्य जातीय संतुलन बनाते हुए सभी वर्गों का समर्थन हासिल करना है।

### कांग्रेस की रणनीति

कांग्रेस ने घनश्याम सिंह को उम्मीदवार बनाया है, जो दतिया राजपरिवार से जुड़े होने के कारण क्षेत्र में जाना-पहचाना चेहरा हैं और पहले भी विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस 2023 विधानसभा चुनाव की सफलता को दोहराने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र भारती ने तत्कालीन गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को 7,742 मतों से हराया था। इसी आधार पर पार्टी स्थानीय समीकरणों और सामाजिक समर्थन को मजबूत करने में जुटी है। कांग्रेस ने ब्राह्मण, अनुसूचित जाति, कुशवाह, वैश्य, क्षत्रिय और मीणा समाज के वरिष्ठ नेताओं को प्रचार में उतारा है।

**विस चुनाव का इतिहास भी दिलचस्प**

दतिया विधानसभा में 1952 से अब तक 16 विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। इनमें कांग्रेस नौ बार जीत दर्ज कर चुकी है। वहीं लगातार तीन बार जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा के नाम है। ऐसे में यह उपचुनाव न केवल दोनों दलों की राजनीतिक प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है, बल्कि 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक संदेश देने वाला चुनाव भी माना जा रहा है।

### इन मतदाताओं पर सबकी नजर

दतिया विधानसभा में प्रमुख सामाजिक वर्गों के मतदाताओं का अनुमानित आंकड़ा इस प्रकार है

- **अनुसूचित जाति (जाटव-अहिरवार):** लगभग 60 हजार
- **ब्राह्मण:** लगभग 35 हजार
- **काछी-कुशवाह:** लगभग 27 हजार
- **क्षत्रिय, पाल और बघेल :** लगभग 25 हजार
- **यादव :** लगभग 18 हजार
- **वैश्य :** लगभग 15 हजार

सभी वर्गों के मतदाताओं को साधने के लिए दोनों प्रमुख दलों ने अलग-अलग समाजों के प्रभावशाली नेताओं को क्षेत्र में सक्रिय किया है।

---

भाजपा प्रदेश प्रभारी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री की बैठक

## हर कार्यकर्ता को पूरी ताकत और समर्पण के साथ मैदान में उतरना होगा: डॉ. महेंद्र

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को दतिया के एक निजी होटल में दतिया विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की है। दतिया का यह उपचुनाव राजा और रंक के बीच का चुनाव है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी ताकत और समर्पण के साथ मैदान में उतरना होगा।

### हर बूथ पर मतदान बढ़ाने का लक्ष्य लेकर जुटें कार्यकर्ता : जामवाल

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि दतिया विधानसभा उपचुनाव संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और कार्यकर्ताओं के समर्पण की वजह से भाजपा ऐतिहासिक मतों से विजयी होगी। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को अपनी जिम्मेदारी मानकर पूरी निष्ठा और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें तथा हर बूथ पर अधिक से अधिक मतों की बढ़त का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरें। उन्होंने कहा कि बूथ ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है, बूथ की मजबूती ही चुनावी विजय का आधार है।

# भारत-यूके फ्री ट्रेड से रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर जैसी लग्जरी कारें होंगी सस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आप रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर,जैगुआर, एस्टन मार्टिन जैसी लग्जरी कार खरीदने का सपना देख रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। भारत-यूके के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) 15 जुलाई से लागू हो गया है।

- समझौते का सबसे बड़ा असर ऑटोमोबाइल सेक्टर पर देखने मिलेगा

इस समझौते का सबसे बड़ा असर ऑटोमोबाइल सेक्टर पर देखने को मिलेगा। अब यूके से भारत आने वाली कई लग्जरी कारों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी कम हो जाएगी। इसका असर आने वाले समय में इन कारों की कीमतों पर भी दिख सकता है। भारत-यूके एफटीए के तहत अब यूके में बनी और पूरी तरह तैयार होकर आने वाली लग्जरी कारों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी को 110 फीसदी से घटाकर सीधे 30 फीसदी कर दी गई है। यह राहत पहले साल 20,000 कारों के तय कोटा पर मिलेगी। यही वजह है कि रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर, जगुआर, एस्टन मार्टिन और बेंटले जैसे ब्रिटिश ब्रांड की कारें पहले के मुकाबले कम कीमत पर मिल सकती हैं।

## भारत-यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट आज से लागू हो गया

### ट्रक और अन्य वाहनों पर भी मिलेगा फायदा

सिर्फ लग्जरी कारें ही नहीं, बल्कि यूके से आने वाले ट्रकों पर भी टैक्स कम कर दिया गया है। अभी ट्रकों पर 44 फीसदी ड्यूटी लगती है, जो अगले 5 सालों में घटकर 8.8 फीसदी के करीब आ जाएगी। इससे कमर्शियल सेक्टर में भी सस्ती मशीनरी और ट्रांसपोर्ट के नए रास्ते खुलेंगे। हालांकि, अभी कंपनियों की ओर से नई कीमतों का ऐलान नहीं हुआ है लेकिन आने वाले कुछ दिनों में शोरूम्स में इन कारों के नए रेट्स देखने को मिलेंगे। हर कंपनी की अपनी अलग पॉलिसी और प्रॉफिट मार्जिन होता है, इसलिए हर कार की कीमत में होने वाली कमी मॉडल और इंजन क्षमता के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है।



*उन कारों पर लागू होगा जो यूके में बनेगी :* अंतिम कीमत जीएसटी, रोड टैक्स और डीलर मार्जिन पर भी निर्भर करेगी। यह बदलाव मुख्य रूप से उन कारों पर लागू होगा जो यूके में तैयार होकर भारत आती हैं, जिन्हें ऑटो सेक्टर की भाषा में सीबीयू यानी कंप्लीटली बिल्ट यूनिट कहा जाता है।

*20 से 30 फीसदी तक सस्ती हो सकती है कारें :* लग्जरी कारों की कीमत में इंपोर्ट ड्यूटी का हिस्सा सबसे ज्यादा होता है, इसलिए 80 फीसदी की यह भारी कटौती कार की लैंडेड कॉस्ट को बहुत कम कर देगी। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन कारों की कीमतों में 20 फीसदी से लेकर 30 फीसदी तक की सीधी गिरावट आ सकती है। इसका मतलब है कि जिस कार की कीमत अभी 7 से 8 करोड़ रुपए है, ड्यूटी कम होने के बाद उसकी कीमत में 2 से 3 करोड़ रुपये तक की कमी हो सकती है। वहीं करीब 5 करोड रुपए की कार पर भी 1 से 2 करोड़ रुपए तक की राहत मिल सकती है।

### नई कीमतों का ऐलान होना अभी बाकी

*हालांकि कंपनियां अभी नई कीमतों का ऐलान करने की तैयारी कर रही हैं। यह खबर उन लोगों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है जो रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर, एस्टन मार्टिन या मैकलारेन जैसी महंगी और आलीशान गाड़ियां खरीदने का सपना देखते हैं।*

### इन कारों को मिलेगा फायदा?

*इस समझौते का फायदा सबसे ज्यादा यूके में बनी लग्जरी कारों को मिलेगा. रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर, एस्टन मार्टिन या मैकलारेन और बेंटले जैसे ब्रांड इसके दायरे में आएंगे। इसके अलावा यूके से आने वाले कई ऑटो पार्ट्स भी सस्ते हो सकते हैं, जिससे भविष्य में कुछ गाड़ियों की कीमत और मेंटेनेंस कॉस्ट पर भी असर पड़ सकता है।*

## खबर संक्षेप

### रुपया 16 पैसे टूटकर 96.32 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 16 पैसे की गिरावट के साथ 96.32 प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और डॉलर के कमजोर होने से रुपये में गिरावट सीमित रही।

### सिग्नेचर ग्लोबल का कर्ज बढ़कर 390 करोड़ रुपए

SIGNATURE GLOBAL

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शुद्ध कर्ज बढ़कर 390 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च 2026 के अंत में 200 करोड़ रुपये था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, '30 जून, 2026 तक कंपनी के पास नकदी तथा बैंक में जमा राशि 2,522 करोड़ रुपये थी।

### कडपा में डालमिया सीमेंट संयंत्र की आधारशिला रखी गई



**कडपा (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने बुधवार को डालमिया भारत कंपनी के 3,100 करोड़ रुपये से प्रस्तावित दूसरे सीमेंट विनिर्माण संयंत्र की यहां आधारशिला रखी। कंपनी का यह नया संयंत्र हरित सीमेंट उत्पादन के लिए तैयार किया जा रहा है और इसके 2027-28 की तीसरी तिमाही तक चालू होने की उम्मीद है।

### कुसुमगर का शेयर 44% चढ़कर हुआ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** खास तरह का कपड़ा बनाने वाली कंपनी कुसुमगर लिमिटेड का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद निर्गम मूल्य 419 रुपये के मुकाबले 44 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 419 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 36.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 574 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

### आईजीएक्स ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए दाखिल

IGX INDIAN GAS EXCHANGE an IEX venture

**नई दिल्ली।** इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। आईजीएक्स, देश का पहला ऑनलाइन डिलीवरी-आधारित प्राकृतिक गैस कारोबार मंच है। प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश पर आधारित होगा। इसके तहत प्रवर्तक इंडियन एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड (आईईएक्स) 1.67 करोड़ तक शेयर बेचेगी। आईपीओ के बिक्री पेशकश पर आधारित होने के कारण इससे आईजीएक्स को कोई राशि प्राप्त नहीं होगी।

## ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम ने जारी किए ताजा आंकड़े

# ऑटो सेक्टर में बंपर उछाल, जून में 24 प्रतिशत बढ़ी पैसेंजर कारों की बिक्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए जून 2026 का महीना बेहद शानदार रहा है। देश में जून 2026 के दौरान पैसेंजर व्हीकल, टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर की बिक्री में जोरदार बढ़त दर्ज की गई है। ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू बाजार में वाहनों की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। घरेलू बाजार के साथ-साथ विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है, जिससे पूरी इंडस्ट्री की रफ्तार को नई ताकत मिली है।

सियाम के अनुसार, जून 2026 में कंपनियों ने डीलरों को 3,88,144 पैसेंजर व्हीकल भेजे। पिछले साल जून में यह संख्या 3,12,851 थी। यानी इस बार पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में सालाना आधार पर 24.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इससे साफ है कि कारों की मांग में अच्छी तेजी बनी हुई है।

घरेलू बाजार में वाहनों की मांग मजबूत बनी हुई है | विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है | भारतीय कारों की मांग में अच्छी तेजी देखी गई

### थ्री-व्हीलर और ई-रिक्शा की रफ्तार भी तेज

कमर्शियल और पैसेंजर थ्री-व्हीलर मार्केट में भी ग्राहकों ने खूब दिलचस्पी दिखाई है। जून 2026 में थ्री-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी देखने को मिली। इसकी बिक्री 26.1 फीसदी बढ़कर 77,951 यूनिट रही। पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 61,828 यूनिट था। इस दौरान पैसेंजर थ्री-व्हीलर की बिक्री 25 फीसदी बढ़कर 64,181 यूनिट पहुंच गई। वहीं सामान ढोने वाले थ्री-व्हीलर की बिक्री 29.4 फीसदी बढ़कर 11,828 यूनिट रही। ई-रिक्शा की बिक्री में भी 52.4 फीसदी की मजबूत बढ़त दर्ज की गई और इसकी बिक्री 1,590 यूनिट तक पहुंच गई।



### विदेशों में भी बढ़ी भारतीय गाड़ियों की डिमांड

घरेलू बाजार के साथ-साथ भारत से वाहनों का एक्सपोर्ट भी तेजी से बढ़ा है। जून 2026 में कुल वाहन एक्सपोर्ट 34 फीसदी बढ़कर 6,73,105 यूनिट रहा। टू-व्हीलर एक्सपोर्ट 40.2 फीसदी बढ़कर 5,43,684 यूनिट पहुंच गया। थ्री-व्हीलर एक्सपोर्ट में 39.7 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई और यह 51,950 यूनिट रहा। वहीं पैसेंजर व्हीकल एक्सपोर्ट लगभग स्थिर रहा और इसकी संख्या 76,601 यूनिट दर्ज की गई।

### एसयूवी की मांग सबसे ज्यादा

पैसेंजर व्हीकल में सबसे ज्यादा मांग यूटिलिटी व्हीकल यानी एसयूवी की रही। जून में एसयूवी की बिक्री 19.9 फीसदी बढ़कर 2,17,228 यूनिट पहुंच गई। वहीं पैसेंजर कार की बिक्री 15.7 फीसदी बढ़कर 98,610 यूनिट रही। वैन की बिक्री भी 9.5 फीसदी बढ़कर 10,230 यूनिट तक पहुंच गई।

### टू-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी

*त्योहारी सीजन से पहले टू-व्हीलर बाजार में भी तगड़ी रौनक लौट आई है। जून 2026 में टू-व्हीलर की बिक्री भी मजबूत रही। इस दौरान कंपनियों ने 18,51,400 टू व्हीलर डीलरों को भेजे, जबकि पिछले साल जून में यह संख्या 15,61,283 थी। यानी टू-व्हीलर की बिक्री में 18.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। टू-व्हीलर में सबसे ज्यादा तेजी स्कूटर की बिक्री में देखने को मिली। जून में स्कूटर की बिक्री 39.1 फीसदी बढ़कर 7,44,823 यूनिट पहुंच गई। वहीं मोटरसाइकिल की बिक्री 6.4 फीसदी बढ़कर 10,56,422 यूनिट रही। मोपेड की बिक्री में भी 50.4 फीसदी की शानदार बढ़त दर्ज हुई और यह 50,155 यूनिट तक पहुंच गई।*

# अब एआई की तरफ बढ़ रहे विप्रो के ग्राहक : प्रेमजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मुख्य कारोबारी प्रक्रियाओं का हिस्सा बना रहे एआई को
- आईटी क्षेत्र में अभ भी सतर्कता का माहौल है

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो के कार्यकारी चेयरमैन रिशद प्रेमजी ने बुधवार को कहा कि अब ग्राहक कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रारंभिक परीक्षण परियोजनाओं तक सीमित रखने की जगह अपनी मुख्य कारोबारी प्रक्रियाओं का हिस्सा बना रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में अब भी सतर्कता का माहौल है और कंपनियां लागत को कम करने एवं दक्षता बढ़ाने पर खास ध्यान दे रही हैं।प्रेमजी ने विप्रो की 80वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते वर्ष में एआई और आधुनिकीकरण को लेकर चर्चा तेज रही, लेकिन कंपनियां सतर्क बनी रहीं और दक्षता, एकीकरण एवं लागत नियंत्रण को प्राथमिकता दी। रिशद ने कहा, /"एआई हमारे समय के सबसे बुनियादी बदलावों में से एक है। इससे जहां कार्यकुशलता बढ़ रही है, वहीं नवाचार, रूपांतरण एवं वृद्धि के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। साथ ही आंकड़ों, आधुनिकीकरण और एआई-आधारित प्रौद्योगिकी सेवाओं की मांग भी तेज हो रही है।/" प्रेमजी ने कहा कि अब ध्यान प्रयोग से आगे बढ़कर वास्तविक क्रियान्वयन पर आ गया है। प्रेमजी ने कहा, /"हमारे ग्राहक प्रारंभिक परीक्षण चरण से आगे बढ़ चुके हैं और एआई को अपने मुख्य परिचालन का हिस्सा बना रहे हैं। इसका असर हमें काम की प्रकृति में बदलाव के रूप में दिखाई दे रहा है।"

### एक माह की योजना अब पांच दिन में पूरी हो रही

कंपनी ने आंतरिक तौर पर एआई लागू कर अपनी मासिक वित्तीय समापन प्रक्रिया को घटाकर सिर्फ आठ घंटे कर दिया है, जबकि पहले एक महीने में बनने वाली योजना अब पांच दिन में पूरी हो रही है। प्रेमजी ने कहा कि एआई आधुनिकीकरण की गति और लागत संरचना दोनों को बदल रही है और इससे वृद्धि के नए रास्ते खुल रहे हैं।

# गौतम अदाणी का अमेरिकी अदालत में हलफनामा पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इस बात से इनकार किया है कि उनके खिलाफ आपराधिक आरोपपत्र को खारिज करने के अमेरिकी न्याय विभाग के फैसले के पीछे कोई वादा, समझौता या सौदा था। इसके साथ ही अमेरिकी अदालत में दाखिल हलफनामे में उन्होंने कहा है कि उन्हें इस संबंध में किसी भी तरह के लेन-देन की जानकारी नहीं है।

यह हलफनामा अमेरिका में न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले की जिला अदालत के न्यायाधीश निकोलस गराउफिस के निर्देश पर दाखिल किया गया है। जिला न्यायाधीश ने आठ जुलाई को अदाणी से शपथ लेकर यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या आरोपों को वापस लेने के फैसले के संबंध में उन्हें किसी प्रस्ताव, समझौते या लाभ की जानकारी है। अदाणी ने अपने



- आरोप हटाने के पीछे कोई सौदा या समझौता नहीं
- इस संबंध में किसी भी तरह के लेन-देन की जानकारी नहीं

हलफनामे में कहा है कि उन्हें 'किसी भी तरह के वादे, पेशकश, मांग, प्राप्ति, सहमति या स्वीकार' के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि आरोप हटाने के बदले में किसी मूल्यवान चीज के आदान-प्रदान से जुड़ा कोई समझौता हुआ था।

### मामले को खत्म करने निवेश प्रतिबद्धताओं से जोड़ा गया

इससे पहले चार जुलाई को दायर एक हलफनामे में न्याय विभाग ने मीडिया में आई उन खबरों को खारिज किया था, जिनमें मामले को खत्म करने को निवेश प्रतिबद्धताओं से जोड़ा गया था। विभाग ने कहा था कि अभियोजन कानूनी और साक्ष्य संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा था, क्योंकि कथित घटनाएं मुख्य रूप से भारत में हुई थीं, निवेशकों को नुकसान का कोई प्रमाण नहीं था और मामला भारत में भी जांच के दायरे में है।

## नवी मुंबई हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शुरू



**अबू धाबी।** नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) से अंतरराष्ट्रीय सेवाओं की बुधवार को शुरुआत हुई। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने हवाई अड्डे से अबू धाबी के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालित की। करीब 100 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान भारतीय समयानुसार देर रात दो बजकर 55 मिनट पर नवी मुंबई हवाई अड्डे से रवाना हुई। करीब ढाई घंटे का सफर तय कर यह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी हवाई अड्डे पर पहुंची। एयर इंडिया एक्सप्रेस अबू धाबी के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित करेगी। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 25 दिसंबर, 2025 को घरेलू सेवाएं शुरू हुई थीं।

# चीन की आर्थिक वृद्धि दर दूसरी तिमाही में घटी

- वर्ष 2022 के अंत के बाद सबसे धीमी
- एआई के बढ़ते उपयोग से निर्यात में वृद्धि दर्ज

एजेंसी ▶▶| हांगकांग



चीन की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी।

सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह पिछले तीन वर्षों से अधिक समय में सबसे धीमी वृद्धि दर है। सरकारी आंकड़े पूर्वानुमानों से कम और जनवरी-मार्च तिमाही में दर्ज पांच प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर की तुलना में भी काफी नीचे रहे। यह स्थिति ऐसे समय में रही, जब कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से बढ़ते उपयोग के दम पर और चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों की मजबूत वैश्विक मांग के कारण निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण ऊर्जा कीमतों में तेज वृद्धि से वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति बढ़ने के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक असर नहीं पड़ा।

## राजीव कुमार की नियुक्ति को आरबीआई से मिली मंजूरी


**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने बुधवार को कहा कि आरबीआई ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को तीन साल के लिए बैंक के अंशकालिक चेयरमैन के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कुमार की नियुक्ति 15 जुलाई, 2026 से प्रभावी होगी।

मौजूदा अंतरिम चेयरमैन केकी मिस्त्री बैंक के गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक के रूप में बने रहेंगे। कुमार देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और वित्त सचिव रह चुके हैं। उन्होंने 2017-2020 के दौरान वित्तीय सेवा विभाग का सचिव रहते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनरुद्धार और वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# बैंक शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 130 अंक मजबूत

- अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद से कम रहा
- फेड आने वाले महीनों में कम आक्रामक रुख अपनाएगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी आई और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बैंक शेयरों में बढ़त और अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद से कम रहने के साथ बीएसई सेंसेक्स 130 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 26 अंक की तेजी रही।

अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद के मुकाबले अधिक नरम रहने से ऐसी संभावना है कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति के मामले में कम आक्रामक रुख अपनाएगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 130.49 अंक चढ़कर 77,185.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 591.33 अंक के लाभ के साथ 77,646.27 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी 26.45 अंक बढ़कर 24,078.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील और इन्फोसिस शामिल हैं।

## अब डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूपीआई ही चलेगा

# ग्राहकों को झटका, क्रेडिट कार्ड से एलआईसी प्रीमियम पेमेंट बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ऐसे ग्राहकों को तगड़ा झटका दिया है, जो अपने इंश्योरेंस प्रीमियम का पेमेंट ऑनलाइन तरीकों से क्रेडिट कार्ड से करते रहे हैं। एलआईसी की वेबसाइट पर कस्टमर पोर्टल के जरिए भी बीमा की किस्त का भुगतान होता है, लेकिन वहां अब सिर्फ नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और यूपीआई से पेमेंट का विकल्प बचा है।

बीमाधारक पहले इन तीन विकल्पों के अलावा क्रेडिट कार्ड से भी प्रीमियम का डिजिटल भुगतान कर सकते थे। ऑनलाइन के अलावा एलआईसी एजेंट के द्वारा या एलआईसी के ब्रांच में प्रीमियम का पेमेंट जमा हो सकता है। देश में बड़ी संख्या में डिजिटल पेमेंट के लिए लोग क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं। क्रेडिट कार्ड से पेमेंट लेना बंद करने से एलआईसी के ग्राहक बड़ी संख्या में प्रभावित हुए हैं।

## पहले क्रेडिट कार्ड से भी प्रीमियम का डिजिटल भुगतान कर सकते थे

### एलआईसी बिल डेस्क की सेवा ले रही थी

एलआईसी के एक एजेंट ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि क्रेडिट कार्ड को पेमेंट के ऑप्शन से हटाने के पीछे पेमेंट गेटवे कंपनी द्वारा इस सेवा के बदले लिया जा रहा शुल्क वजह है। एलआईसी की साइट पर पेमेंट गेटवे कंपनी बिल डेस्क की सेवा थी, जिसके जरिए प्रीमियम भुगतान कंपनी तक पहुंचता था।




*सेवा शुल्क को लेकर हुआ कोई विवाद :* इस सेवा के बदले बिल डेस्क कंपनी से कुछ चार्ज लेती थी, जिसको लेकर संभवतः कोई विवाद पैदा हुआ है। क्रेडिट कार्ड से भुगतान के बदले एक सुविधा शुल्क लगता है, लेकिन उसका वहन एलआईसी ही करती है। डेबिट कार्ड, यूपीआई और नेटबैंकिंग से प्रीमियम पेमेंट पर कोई चार्ज नहीं लगता है।

### दूसरे पेमेंट गेटवे कंपनी से बातचीत जारी

इस एजेंट को भरोसा है कि जल्द ही ऑनलाइन पेमेंट में पहले की तरह क्रेडिट कार्ड का विकल्प वापस आ जाएगा। इस संबंध में एलआईसी की और से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। बताया जा रहा है की एलआईसी क्रेडिट कार्ड के लिए किसी दूसरे पेमेंट गेटवे कंपनी से बातचीत कर रही है। जल्द की समझौता होते ही क्रेडिट कार्ड से पेमेंट का ऑप्शन शुरू कर दिया जाएगा।

### पेमेंट गेटवे कंपनी बिल डेस्क को हटाया गया

सुविधा शुल्क को लेकर पेमेंट गेटवे कंपनी बिल डेस्क और एलआईसी के बीच कुछ मतभेद उभरने के बाद क्रेडिट कार्ड को ऑनलाइन पेमेंट विकल्प से हटा दिया गया है। एक दूसरे एलआईसी एजेंट ने भी क्रेडिट कार्ड को पेमेंट ऑप्शन से हटाने के पीछे इसी कारण की चर्चा की। इस एजेंट ने बताया कि किसी दूसरे पेमेंट गेटवे कंपनी से एलआईसी के अधिकारियों की बातचीत चल रही है।

# सोना स्थिर, चांदी में रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली।



- चांदी 100 रुपए टूटकर 2,26,000 रुपए प्रति किलो

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि स्थानीय मांग कमजोर होने के कारण चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले दिन के 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर ही बनी रही। हालांकि, चांदी की कीमत 100 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जबकि मंगलवार को यह 2,26,100 रुपये

### आभूषण विक्रेताओं की खरीदारी रही कम

कारोबारियों का कहना है कि आभूषण विक्रेताओं और औद्योगिक लिवालों की ओर से कम लिवाली के कारण घरेलू बाजार में कीमती धातुओं की कीमतें एक दायरे में बनी रहीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 23.30 डॉलर या 0.57 प्रतिशत गिरकर 4,029.66 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी लगभग एक प्रतिशत के नुकसान के साथ 58.26 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## पाक की हुकूमत के खिलाफ भारी गुस्सा

# वतन दो या कफन? पाक के खिलाफ पीओके में बगावत, जेएएसी ने किया अलग देश बनाने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के खिलाफ जनाक्रोश तेजी से बढ़ रहा है। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रमुख नेता सरदार अमन कश्मीरी ने एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए अलग स्वतंत्र देश बनाने की मांग को जोरदार तरीके से दोहराया।

मुजफ्फराबाद की ओर प्रस्तावित लॉन्ग मार्च से ठीक पहले दिए गए इस भाषण में अमन कश्मीरी ने साफ कहा कि यह आंदोलन अब हर हाल में जारी रहेगा और जेएएसी) की मूल मांग हमारा अपना वतन है। सभा में भावुक माहौल के बीच अमन कश्मीरी ने कहा कि हमें अपना देश चाहिए।

> जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के संयोजक सरदार अमन कश्मीरी ने एक विशाल जनसभा में जोरदार ऐलान किया कि अब पीओके की जनता पाकिस्तान के साथ नहीं, बल्कि अपना अलग स्वतंत्र वतन चाहती है।

▶▶ भारी जनसमर्थन से गदगद हैं अमन कश्मीरी, धमकियों के बीच जारी आंदोलन

▶▶ ज्वॉइंट आवामी एक्शन कमेटी ने वतन या कफन का नारा दिया



जन समूह को संबोधित करते अमन कश्मीरी

» पाक की ज्यादतियों और शोषण के खिलाफ पीओके में गुस्सा

» पाक के कब्जे वाले कश्मीर में आजादी की मांग के नारे

### नेताओं पर भी बोला हमला

इस दौरान जेएएसी नेता ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर के मुख्यधारा के राजनीतिक नेताओं पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ये नेता लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं और पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ मिलकर स्थानीय जनता के हितों को बेच रहे हैं। अमन कश्मीरी ने कहा कि आपकी किस्मत में संघर्ष नहीं लिखा था, बल्कि चापलूसी और सत्ता की खुशामद लिखी थी।

#### व्यापारियों-ट्रांसपोर्टरों को सलाम

आंदोलन में विभिन्न वर्गों के योगदान को स्वीकार करते हुए सरदार अमन कश्मीरी ने व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, युवाओं और आम नागरिकों को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ महीने यानी पूरे छह हफ्तों से आप लगातार सड़कों पर डटे हुए हैं। मैं आप में से हर एक को उस अटूट इरादे और हौसले के लिए सलाम करता हूं।

### आर-पार की लड़ाई का ऐलान

आंदोलन के समर्थकों का जिक्र करते हुए अमन कश्मीरी ने कहा कि इस मुहिम को जनता का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा हमें माताओं, बच्चों और हमारी आने वाली पीढ़ियों की दुआएं हासिल हैं। यह हमारा संघर्ष है। इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मुख्यधारा के राजनीतिक नेताओं की भी आलोचना की और उन पर लोगों की उम्मीदों को पूरा न कर पाने का आरोप लगाया।



पाक सरकार का पुतला फूंका





विरोध प्रदर्शन में जुटी भारी भीड़

## खबर संक्षेप


### कांगो में इबोला: 2000 पार हुए संक्रमित

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश कांगो में इबोला वायरस बेकाबू हो चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमितों का कुल आंकड़ा 2,011 तक पहुंच गया है, जबकि अब तक 754 मरीजों की मौत हो चुकी है। हालात इतने गंभीर हैं कि स्वास्थ्य अधिकारी इस प्रकोप के पहले मरीज यानी पेशेंट जीरो की पहचान भी नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा, बुंडीबुग्यो इबोला वायरस के लिए अब तक कोई स्वीकृत वैक्सीन या प्रभावी इलाज उपलब्ध नहीं होने के कारण चुनौती और ज्यादा बढ़ गई है।



### अमेरिका के सिक्के पर ट्रंप की तस्वीर

**नई दिल्ली।** अमेरिका की आजादी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमेरिकी सरकार 1 डॉलर का नया सोने का सिक्का जारी करने जा रही है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बताया कि इस 24 कैरेट के स्मारक सिक्के पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर होगी। सिक्के पर लिबर्टी, इन गॉड वी ट्रस्ट के साथ 1776-2026 उकेरा गया है। किसी जीवित राष्ट्रपति की तस्वीर सिक्के पर छापने को लेकर अमेरिका में विवाद शुरू हो गया है, क्योंकि पारंपरिक रूप से ऐसा नहीं किया जाता है।



### अवैध मनी ट्रांसफर में भारतीय को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने बिना लाइसेंस के अवैध रूप से सीमा पार धन-अंतरण (मनी ट्रांसफर) कारोबार चलाने के आरोप में 45 वर्षीय भारतीय नागरिक राजू कृष्णमूर्ति को करीब 11 महीने की जेल और 60,000 सिंगापुर डॉलर जुर्माने की सजा सुनाई है। कृष्णमूर्ति ने लिटिल इंडिया इलाके में एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर इस अवैध कारोबार के जरिए 2.8 करोड़ सिंगापुर डॉलर से अधिक का लेनदेन किया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 3.14 लाख सिंगापुर डॉलर नकदी और 30 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं। अब जेल भेज दिया है।



## बेल्जियम और ईयू नेताओं से मिले

# ऊर्जा और इनोवेशन समेत कई मुद्दों पर जयशंकर ने की चर्चा

▶▶ बंदरगाहों समुद्री क्षेत्र सेमीकंडक्टर और आपूर्ति सहित कई क्षेत्रों में करेंगे सहयोग



एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बेल्जियम और यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष अधिकारियों के साथ कई अहम बैठकें कीं। इस दौरान भारत-बेल्जियम रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, कनेक्टिविटी और तकनीकी सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मैक्स प्रीवोट के साथ ब्रुसेल्स में पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच साझेदारी में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है और वार्ता में भारत के बेल्जियम तथा यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को नई ऊंचाई देने की महत्वाकांक्षा दिखाई दी।

#### स्टार्टअप्स, रिसर्च और इनोवेशन की तलाशी संभावनाएं

इसके अलावा विदेश मंत्री ने यूरोपीय संघ की स्टार्टअप्स, रिसर्च और इनोवेशन आयुक्त एकातेरिना जाखारिएवा से भी मुलाकात की। बैठक में स्वच्छ और हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान, नवाचार केन्द्रों, स्टार्टअप्स और होराइजन यूरोप कार्यक्रम के साथ भारत के सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।जयशंकर ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी साझेदारी को बढ़ाने के लिए नए अवसरों पर विचार किया गया। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा, स्टार्टअप इकोसिस्टम और अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को भविष्य की साझेदारी का अहम हिस्सा बताया।

#### सहयोग बढ़ाने को सहमत

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि बैठक में राजनीतिक, आर्थिक, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, मोबिलिटी और फार्मास्यूटिकल क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की गई। इसके अलावा बंदरगाहों, समुद्री क्षेत्र, सेमीकंडक्टर और आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने वैश्विक घटनाक्रमों, विशेष रूप से पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## 949 अरब डॉलर के बाजार में बांग्लादेश-चीन को मिलेगी कड़ी टक्कर

# खुशखबर! भारत-यूके एफटीए से टूटेगी महंगाई की कमर, शराब-कार होंगे सस्ते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूके के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) बुधवार से लागू हो रहा है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए बांग्लादेश और चीन के मुकाबले बेहतर स्थिति में आने की उम्मीद है। साथ ही भारतीय सर्विस प्रोवाइडर्स और प्रोफेशनल्स के लिए ज्यादा मौके मिलने की संभावना है। भारत के लिए बहुत बड़ा मौका है क्योंकि यूके में होने वाले 949 अरब डॉलर के इंपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी 2% से भी कम है।

कई साल की बातचीत और एक साल से ज्यादा समय तक चली लागू करने की प्रक्रिया के बाद यह एग्रीमेंट लागू हुआ है। यूके ने 117 आइटम्स छोड़कर सभी प्रोडक्ट्स के लिए जीरो-टैरिफ व्यवस्था लागू की है। इससे भारतीय टेक्सटाइल्स, फूड प्रोडक्ट्स, लेदर और फुटवियर, इंजीनियरिंग गुड्स और फार्मा सेक्टर को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

बता दें कि 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। करीब 3 साल में 14 राउंड की बातचीत के बाद 24 जुलाई 2025 को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने पीएम नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए थे।

**भारत और ब्रिटेन** के बीच द्विपक्षीय व्यापार अभी 60 अरब डॉलर का है

**एफटीए के तहत** इसे अगले 3-4 साल में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाना है

◀ यूके के 949 अरब डॉलर के इंपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी 2% से भी कम है

◀ टेक्सटाइल्स, फूड प्रोडक्ट्स, लेदर और फुटवियर सेक्टर को फायदा



पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स

### 1 भारत में ये चीजें सस्ती मिलेंगी

इंग्लैंड से आयात होने वाले सामानों पर औसत टैरिफ 15% से घटकर 3% होगा। 85% सामान 10 साल में पूरी तरह टैरिफ-मुक्त होंगे। इससे कई चीजें सस्ती होंगी। आयातित होने वाली स्कॉच व्हिस्की और जिन पर भारत का टैरिफ 150% से घटकर 75% हो जाएगा। बाद में समझौते के दसवें साल तक इसे घटाकर 40% कर दिया जाएगा। उदाहरण- 5000 रुपए की स्कॉच बॉटल 3500 रुपए में मिलेगी। जगुआर लैंड रोवर, रोल्स रॉयस जैसी महंगी कारों पर टैरिफ 100% से कोटा सिस्टम के तहत 10% तक आ जाएगा। इससे ये कारें 20-30% सस्ती हो सकती हैं। इसके अलावा सैल्मन, लैंब, चॉकलेट, बिस्किट और सॉफ्ट ड्रिंक्स पर टैरिफ कम होगा। इससे ये उत्पाद सस्ते होंगे। यूके के कॉस्मेटिक्स, मेडिकल उपकरण और एयरोस्पेस पार्ट्स पर कम टैरिफ से ये सामान सस्ते होंगे।



### 2 ऐसे होगा भारत को फायदा

यूके में भारतीय कपड़ों और होम टेक्सटाइल्स जैसे चादर, परदे पर 8-12% टैक्स लगता था, वो अब पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इससे हमारे कपड़े बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले सस्ते और ज्यादा कॉम्पिटीटिव हो जाएंगे। तिरुप्पुर, सूरत और लुधियाना जैसे एक्सपोर्ट हब में अगले तीन साल में 40% तक की ग्रोथ हो सकती है।भारत से यूके जाने वाली ज्वेलरी और चमड़े के सामान जैसे बैग, जूतों पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे छोटे बिजनेस और लग्जरी ब्रांड्स को बड़ा फायदा होगा। साथ ही यूके के रास्ते यूरोप में भारत का दबदबा और बढ़ेगा।





### 3 मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था

भारत की अर्थव्यवस्था के लिए कई तरह से फायदे होंगे। 99% भारतीय सामानों को ब्रिटेन में शून्य टैरिफ पर निर्यात किया जाएगा। इससे टेक्सटाइल, चमड़ा, रत्न-आभूषण, मरीन प्रोडक्ट्स, और इंजीनियरिंग सामान जैसे क्षेत्रों को फायदा होगा। भारत का निर्यात 2030 तक 29 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। टेक्सटाइल और चमड़ा जैसे लेबर बेस्ड सेक्टर में नई नौकरियां पैदा होंगी। टेक्सटाइल सेक्टर में रोजगार दोगुना हो सकता है। भारत के 6 करोड़ एमएसएमई को फायदा होगा। ये भारत के 40% निर्यात में योगदान देते हैं। इस एग्रीमेंट से उन्हें नए बाजार और बेहतर मार्जिन मिलेंगे। यूके की कंपनियां भारत में आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज और ग्रीन टेक्नोलॉजी में निवेश बढ़ाएंगी।



## आईएसएस पर पहुंचे अंतरिक्ष यात्री



*वॉशिंगटन। नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और दो रूसी कोस्मोनॉट्स बुधवार की सुबह (भारतीय समय) इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गए। सोयुज एमएस-29 स्पेसक्राफ्ट से तीन घंटे से ज्यादा की यात्रा के बाद वे वहां पहुंचे। उन्होंने आपस में गले मिलकर और हाथ मिलाकर स्वागत किया।*

## शुरू की सीफेरर-फर्स्ट रणनीति

# होर्मुज संकट: भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर सरकार सख्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल-ईस्ट के स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में दो कमर्शियल जहाजों-एमटी अल बहिया और एमटी मोम्बासा पर हुए हालिया हमलों के बाद समुद्र में सुरक्षा संकट गहरा गया है। इस हमले में एक भारतीय नाविक की मौत के बाद भारत सरकार ने अपने नाविकों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए हैं। केंद्रीय बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद 'सीफेरर-फर्स्ट' प्रतिक्रिया रणनीति की शुरुआत की है। इसके अलावा, सरकार ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए हर पीड़ित नाविक हेतु एक समर्पित संपर्क अधिकारी (नोडल ऑफिसर) नियुक्त करने का आदेश दिया है, जो इलाज, घर वापसी और मुआवजे से जुड़े सभी कार्यों में मदद करेगा।



## पोलैंड के मंत्री का बयान

# पीएम मोदी ने पुतिन को परमाणु हमले से पहले ही रोक दिया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोलैंड के डिप्टी विदेश मंत्री व्लादिस्लाव तेओफिल बार्तोशेव्स्की ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2022 के आखिर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन युद्ध में टैक्टिकल परमाणु हथियार इस्तेमाल करने से रोकने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत-पोलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग की बैठक के बाद बार्तोशेव्स्की ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन दुनिया के जिन गिने-चुने वैश्विक नेताओं की बात गंभीरता से सुनते हैं, उनमें पीएम मोदी शामिल हैं। भारत और रूस के पुराने व गहरे रिश्तों की वजह से पुतिन पर पीएम मोदी का खासा असर है और वे उन चुनिंदा लोगों में हैं जो पुतिन पर दबाव डाल सकते हैं। यह बयान यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी की सफल कूटनीतिक कोशिशों को दर्शाता है।



## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया को समझाया बिजनेस प्लान

फिलहाल तबाही कम होते दिखाई नहीं दे रही

# ट्रंप का यू-टर्न: हॉर्मुज पर 20% टैक्स लगाने का फैसला वापस, अब खाड़ी देशों से लाएंगे अरबों डॉलर और नौकरियां

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपने बड़े फैसले से दुनिया को चौंका दिया है।

ट्रंप ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर 20 प्रतिशत कार्गो शुल्क लगाने के अपने विवादित प्रस्ताव को पूरी तरह से वापस ले लिया है। हालांकि, ट्रंप ने साफ किया है कि वो अमेरिका का फायदा कराने का इरादा नहीं छोड़ रहे हैं, बस उन्होंने अपना गेम प्लान बदल दिया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिडिल ईस्ट (खाड़ी देशों) के नेताओं के साथ उनकी बेहद सकारात्मक बातचीत हुई है। अब ट्रंप टैक्स वसूलने के बजाय खाड़ी देशों के साथ बड़े व्यापार और निवेश समझौते करने जा रहे हैं। ट्रंप का दावा है कि नया प्लान पुराने टैक्स प्लान से कहीं ज्यादा मुनाफे वाला साबित होगा।



■ रातभर दोनों देशों के बीच हुई बमबारी

#### अमेरिका ने 7 घंटे तक ईरान पर बम बरसाए

*अमेरिका ने मंगलवार रात लगातार चौथे दिन ईरान पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, करीब सात घंटे तक चले ऑपरेशन में होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों, नौसैनिक संसाधनों और कोस्टल डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया। उधर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने जवाबी अभियान शुरू करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं।*

#### 13 भारतीयों की मौत, 148 नाविक फंसे

वेस्ट एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष का असर अब भारतीय नागरिकों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, 28 फरवरी 2026 को जंग शुरू होने के बाद से अब तक खाड़ी क्षेत्र में 13 भारतीय नागरिकों की मौत हो चुकी है, जबकि 3 भारतीय अब भी लापता हैं। वहीं, फारस की खाड़ी में 7 भारतीय ध्वज वाले जहाजों पर सवार



148 भारतीय नाविक अभी भी फंसे हुए हैं और सुरक्षा हालात सुधरने का इंतजार कर रहे हैं।

**ईरान में 30 से ज्यादा मौतें**

अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों से इस्लामिक में भारी तबाही हुई है। ईरानी सरकार की प्रवक्ता फातेमेह मोहाजेरानी ने बुधवार को बताया कि ईरान पर अमेरिका द्वारा किए गए हवाई हमलों में हाल के दिनों में 30 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

## मणिपुर में फिर सुलग रही जातीय हिंसा की आग

हिंसक टकराव अपहरण आगजनी और आर्थिक नाकेबंदी तेज

# नागा-कुकी संघर्ष में 24 की मौत, उखरुल और कांगपोकपी बन रहे मुख्य हॉटस्पॉट

एजेंसी ▶▶ इंफाल

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर एक बार फिर जातीय हिंसा की आग में सुलग रहा है। इस साल जनवरी 2026 से लेकर जुलाई के दूसरे हफ्ते तक राज्य में नागा और कुकी समुदायों के बीच भड़की हिंसक झड़पों में अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कम से कम 47 लोग घायल हुए हैं। पहले से जारी मैतेई-कुकी संघर्ष के बाद अब नागा और कुकी सशस्त्र समूहों के बीच हिंसक टकराव, अपहरण, आगजनी और आर्थिक नाकेबंदी का सिलसिला तेज हो गया है। हालात इस कदर संवेदनशील हो चुके हैं कि तनाव अब राजधानी इंफाल से सटे और म्यांमार सीमा से लगते पांच बड़े रणनीतिक इलाकों तक फैल गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले सात महीनों में इस नए तनाव को लेकर पुलिस ने कुल 85 एफआईआर दर्ज की हैं।



#### 214 स्थानों पर छापे और 19 गिरफ्तार

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने 214 से अधिक स्थानों पर छापे मारे हैं और 75 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें से 19 को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बार की हिंसा के मुख्य केंद्र उखरुल और कांगपोकपी जिले बने हैं, जहां अकेले ही 69 एफआईआर दर्ज हुई हैं। उखरुल में फरवरी में शुरू हुए एक मामूली विवाद ने भयानक रूप अख्तियार कर लिया, जबकि कांगपोकपी में मार्च से लेकर जुलाई तक लगातार झड़पें और मौतें दर्ज की गई हैं।

# ज्वर पीड़ा से स्वस्थ हुए भगवान जगन्नाथ
# आज रथ पर सवार होकर देंगे भक्तों को दर्शन

**जबलपुर। 15 दिनों के स्वास्थ्य लाभ के बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी स्वस्थ होकर भाई बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के साथ आज रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। रथयात्रा से पूर्व मंदिरों में नेत्रोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया गया।**



वात्री साहू समाज के कोठिया श्रीकांत साहू ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट के संयोजन में आषाढ़ शुक्ल द्वितीया गुरुवार 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा निकाली जाएगी। मुख्य अतिथि जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर प्रभात साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू एवं एमआईसी सदस्य रजनी कैलाश साहू सहित गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। प्रातः 11 बजे साहू धर्मशाला में भगवान की महाआरती होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक से रथयात्रा प्रारंभ होकर चरहाई, बड़े महावीर मंदिर होते हुए शाम 4 बजे बड़ा फुहारा पहुंचेगी, जहां से मुख्य रथयात्रा में शामिल होकर कमानिया गेट, सराफा, कोतवाली, मिलोनीगंज चौक, घोड़ा नक्कास, हनुमानताल होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर स्थित सिंहवाहिनी मंदिर में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि भगवान के 15 दिन के विश्राम के बाद रथयात्रा से एक दिन पूर्व नेत्रोत्सव मनाने की परंपरा है। इस अवसर पर भगवान को शुद्ध जल से स्नान कराकर नवीन वस्त्र पहनाए जाते हैं और विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसके बाद भक्तों को भगवान के दिव्य नवयौवन दर्शन प्राप्त होते हैं। साहू समाज ने श्रद्धालुओं से रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ स्वामी के दर्शन एवं पूजन का पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## बड़े फुहारा में आज स्वर्णमयी झाड़ू से बुहारा जाएगा जगन्नाथ रथ यात्रा मार्ग, 11 रथों की होगी महाआरती



जबलपुर। संस्कारधानी में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा के तहत बुधवार शाम 4 बजे बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी के सामने जगन्नाथ पुरी की परंपरा के अनुरूप संतों के सानिध्य में स्वर्णमयी झाड़ू से रथ यात्रा मार्ग बुहारा जाएगा। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले 11 रथों की सामूहिक महाआरती एवं पूजन किया जाएगा।रथ यात्रा स्वागत समिति के अध्यक्ष एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में पूज्य जगद्गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज, दंडी स्वामी प्यारेनंद जी महाराज, पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी, जगद्गुरु राजारामाचार्य जी महाराज, स्वामी पागलनंद महाराज, स्वामी रामजीशरण महाराज, चंद्रशेखरानंद महाराज, ज्योतिषाचार्य रोहित महाराज एवं योगी राजेश महाराज की उपस्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में पहली बार स्वर्णमयी झाड़ू से रथ मार्ग बुहारने की परंपरा शुरू की गई थी। पंचधातु (सोना, चांदी, तांबा, पीतल एवं कांसा) से निर्मित इस झाड़ू का वर्तमान वजन लगभग 1.630 किलोग्राम है। कार्यक्रम में गढ़ाफाटक साहू समाज, हनुमानताल बंगाली समाज, चौरसिया समाज, विट्ठल रघुराई मंदिर, आईटीआई सहित विभिन्न स्थानों से निकलने वाले रथ शामिल होंगे।



## गोराबाजार में शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू

**जबलपुर**। गोराबाजार के आजाद चौक में बिलहरी-2 के नाम से संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नगर निगम क्षेत्र के लाइसेंस पर छावनी क्षेत्र में दुकान का अवैध संचालन किया जा रहा है तथा यह मंदिर, मस्जिद और हायर सेकेंडरी स्कूल से 100 मीटर के दायरे में स्थित है। उन्होंने दुकान का नक्शा स्वीकृत न होने और संचालन के लिए आवश्यक सीईओ एवं स्टेशन हेड कमांडर की लिखित एनओसी नहीं होने का भी आरोप लगाया। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह मार्ग करीब दस गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों और स्कूली छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। शराबियों की भीड़, गाली-गलौज और विवाद की घटनाओं से क्षेत्रवासी लंबे समय से परेशान हैं। आंदोलन में मोहन महावर, सुंदर अग्रवाल, पवन कनौजिया, प्रमोद बेन, नकुल गुप्ता, पवन यादव, राजा ठाकुर, नीशु कनौजिया, रमेश यादव, हेमंत मलिक, ओपी अग्रवाल, अभिषेक तिवारी, जगदीश अग्रवाल, सिराज, वहीम, राजा, अहमद, मौलवी, सुदेश मलिक, दशरथ पिल्ले, सिद्धार्थ महावर, हिमांशु कनौजिया, मनोज यादव, सोम सरवन, विजय पटेल, मनोज कोरी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी का कंट्रोल रूम बिजली व्यवस्था का 'मस्तिष्क' : राजीव गुप्ता



**जबलपुर**। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक राजीव गुप्ता ने कहा कि कंपनी का कंट्रोल रूम बिजली व्यवस्था के 'मस्तिष्क' की तरह कार्य करता है, जो यह तय करता है कि किस समय कितनी बिजली कहाँ से ली जाए, किसे कितनी आपूर्ति की जाए तथा पूरी व्यवस्था सुरक्षित एवं संतुलित बनी रहे। उन्होंने यह जानकारी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को दी, जो इन दिनों कंपनी के जनसंपर्क कार्यालय में कार्यानुभव प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने कंट्रोल रूम की रियल टाइम कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और बिजली मांग, उत्पादन, खरीद, शेड्यूलिंग एवं ग्रिड समन्वय की प्रक्रिया को समझा। इस दौरान उन्हें बताया गया कि प्रदेश में अब तक की सर्वाधिक बिजली मांग 19,895 मेगावाट दर्ज की गई है, जबकि वर्तमान उपलब्धता 26,013 मेगावाट है। प्रशिक्षण सत्र के अंतर्गत वरिष्ठ छायाकार अजय धाबर्डे ने विद्यार्थियों को कैमरे के तकनीकी पक्ष की जानकारी देते हुए आउटडोर फोटोग्राफी का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।

## राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने शुरू किया 'नशा मुक्त समाज-स्वस्थ भारत अभियान'



**जबलपुर**। समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन को रोकने के उद्देश्य से राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद द्वारा "नशा मुक्त समाज-स्वस्थ भारत अभियान" का शुभारंभ किया गया। मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान की शुरुआत मंगलवार को परिषद के विजयनगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से हुई।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, पुलिस अधीक्षक अखिलेश तिवारी एवं कोतवाली सीएसपी रितेश शिव विशेष रूप से उपस्थित रहे। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने पत्रकारों, पुलिसकर्मियों एवं उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसके बाद जागरूकता रैली निकालकर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।

एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाना आज सबसे बड़ी आवश्यकता है। पत्रकार समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, बस्तियों एवं पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, रैली एवं सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, प्रदेश संयोजक मदन अवस्थी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, विलोक पाठक, अनुरोध पटेरिया, रवींद्र शर्मा, संजय मिश्रा, अनिल गुप्ता, सिमरन सिंह शुक्ला, शिव कुमार तिवारी, विवेक तिवारी, प्रतुल श्रीवास्तव, शिव चौरसिया, मीना चौधरी, नवनीत दुबे, सतीश अग्रवाल, नीरज जैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुराग दीक्षित को जबलपुर संभाग का संगठन सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।



## महाकोशल महाविद्यालय में छात्रवृत्ति योजनाओं पर फोकस ग्रुप डिस्कशन विद्यार्थियों ने दिए अहम सुझाव

**जबलपुर**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय में गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के प्रभावी आकलन के लिए फोकस ग्रुप डिस्कशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी के मार्गदर्शन तथा प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. रविश तमन्ना एवं डॉ. जागेश्वर प्रजापति के निर्देशन में संपन्न हुआ। चर्चा में शासकीय सिहोरा एवं मझौली महाविद्यालय सहित जिले के पांच निजी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। विद्यार्थियों ने दोनों योजनाओं का एकीकरण कर नई समेकित योजना शुरू करने तथा छात्रवृत्ति राशि □5,000 से बढ़ाकर □10,000 किए जाने की मांग रखी। कुछ छात्राओं ने राशि एकमुश्त देने के बजाय प्रतिमाह □1,000 से □2,000 की किस्तों में प्रदान करने का सुझाव भी दिया। कार्यक्रम में प्राप्त सुझावों को योजनाओं के प्रभावी मूल्यांकन एवं भविष्य में सुधार के लिए महत्वपूर्ण माना गया।

## नगर निगम में पदोन्नति की सौगात, दो महिला कर्मचारियां बनीं कार्यालय अधीक्षक

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश शासन की पहल पर नगर निगम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया तेज हो गई है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में सहायक वर्ग-1 के पद पर कार्यरत श्रीमती हर्षबाला जमनोतिया और श्रीमती विनीता गायकवाड़ को पदोन्नत कर कार्यालय अधीक्षक बनाया गया है। अपर आयुक्त (वित्त) अशफाक परवेज कुरैशी ने बताया कि पदोन्नत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के तहत लेवल-9 (36,200 से 1,14,800) का वेतनमान मिलेगा। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि पदोन्नति प्रक्रिया मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 एवं आरक्षण संबंधी प्रावधानों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई है। पदोन्नत कर्मचारियों को दो वर्ष की परीक्षण अवधि पर रखा जाएगा तथा उनके कार्य विभाजन के आदेश शीघ्र जारी किए जाएंगे। महापौर और निगमायुक्त ने दोनों कर्मचारियों को बधाई देते हुए शेष अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## नशामुक्त समाज के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण : घनश्याम सोनी



**जबलपुर**। मध्यप्रदेश शासन के नशा मुक्ति अभियान के तहत शासकीय मॉडल स्कूल, जबलपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण जबलपुर संभाग घनश्याम सोनी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण का भी केंद्र है और विद्यार्थियों को स्वयं नशे से दूर रहकर समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक हानियों की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली, योग, खेलकूद एवं सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशा मुक्ति की शपथ ली तथा नशा मुक्ति विषय पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी श्रीमती मधुमिता हाजरा, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य संजय परिहार, के.सी. चौबे सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।



## एपीएन स्कूल 1965-66 बैच का पूर्व छात्र मिलन संपन्न, शिक्षा व्यवस्था पर हुआ मंथन

**जबलपुर**। सदर स्थित कॉफी हाउस में एपीएन स्कूल के 1965-66 बैच का पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने पुराने अनुभव साझा किए तथा पूर्व एवं वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर गहन विचार-विमर्श करते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा यह व्यक्ति को आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की दिशा प्रदान करती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक रूपलाल यादव, एम.डी. मिश्रा, सुरेश पटेल, डॉ. राजेश शर्मा, अजय कुमार पाण्डेय, ज्ञानचंद गोलछा, अरुण शुक्ला, अरविंद पटेल, गोपाल शर्मा, मंजीत सिंह, प्रकाश जांगड़े, सूरजभान मुराव एवं एडवोकेट कंदीलाल जाटव सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहे। अंत में सभी ने एक-दूसरे के उज्ज्वल, सफल एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं।




## रेल कर्मियों की समस्याओं पर महाप्रबंधक पीएनएम में चर्चा, टीटीई रेस्ट हाउस में लगेंगे एसी

**जबलपुर**। पश्चिम मध्य रेल में रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित दो दिवसीय महाप्रबंधक पीएनएम बैठक में वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ (डब्ल्यूसीआरएमएस) ने दर्जनों मुद्दे प्रमुखता से उठाए। संघ अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय एवं महामंत्री अशोक शर्मा ने महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के समक्ष कर्मचारियों की समस्याएं रखीं, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि बैठक में संरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों को साप्ताहिक विश्राम, टीटीई रेस्ट हाउस में एसी लगाने, इटारसी में नया टीटीई रेस्ट हाउस निर्माण, दयाधार नियुक्ति, मेडिकल डी-कैटेगराइज्ड मामलों के निराकरण, महिला ट्रैक मेंटेनर्स के कैडर परिवर्तन, ट्रैक मशीन में एलडीसी कोटा के रिक्त पद भरने, स्थानांतरण एवं पदस्थापना संबंधी मामलों सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा कर्मचारियों के आवासों के रखरखाव, बेहतर सफाई व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण सेफ्टी शूज, ओवरहॉवर्स, ओटी भत्ता, एसएंडटी स्टाफ की कार्य परिस्थितियों में सुधार, खेल खिलाड़ियों को समय पर रिलीव करने, चिकित्सा सुविधाओं, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता, डिस्पेंसरी एवं कार्यालयों में एसी व्यवस्था सहित अन्य मांगों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पश्चिम मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बी.एल. मिश्रा, मंडल अध्यक्ष आर.के. शर्मा, महेंद्र सिंह खींची, संतोष यादव, मंडल सचिव एस.एन. शुक्ला, अब्दुल खालिक, कमलेश परिहार, एम.एस. पुरी, संदीप श्रोती, पी.सी. मीना, नवीन ताजी, अनिल सैनी, डी.के. शर्मा, संतोष चतुर्वेदी, ओ.पी. शर्मा, सविता त्रिपाठी, पुष्पलता पाठक, निशा माल्या, सिया पचौरी, अनुरुद्ध सोनी, आर.सी. मीना, प्रीतम तिवारी, सज्जन कुमार, पंकज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 से 30 जुलाई तक चलेगा 'नशे से दूरी है ज़रूरी' जन-जागरूकता का अभियान




**जबलपुर**। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 15 से 30 जुलाई तक "नशे से दूरी है ज़रूरी" जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं सहित आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में जनभागीदारी बढ़ाना है।

अभियान के दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता, जनसंवाद तथा नशा मुक्ति परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में डीजीपी, आईजी, कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर, रिचा शर्मा, लखन लाल अग्रवाल, हेमंत सोलंकी, दीपक दुबे, सुनील शर्मा एवं अनीता पवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता कर परिवार एवं समाज को नशे से दूर रखने का संकल्प लेने की अपील की गई।

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**
I, ARMY NO. 14645459L RANK HAV NAME VIKASH KUMAR S/O ASHOK KUMAR OF UNIT 506, ARMY BASE WKSP, RANJHI, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 8867 0228 1546 I, have changed date of birth of my SON (ABHINASH KUMAR SHARMA) from 16/01/2004 (date of birth as per my Army service records) to 16/01/2005 (date of birth as per my SON, AADHAR CARD NO. 4159 7054 7101, PAN CARD NO. PEBPS5289K AND EDUCATIONAL DOCUMENTS vide affidavit dated 15/07/2026 formerly before Public Notary, JABALPUR (MP)
CORRECT DATE OF BIRTH 16/01/2005
INCORRECT DATE OF BIRTH 16/01/2004

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**
I, Name- JEEVNA DEVI, मेरे पुत्र का ARMY NO. 2713947M RANK GDR NAME RAJAT SHARMA, Unit- TBH GRC(15 GRENADIERS), Village- BHARIYAL, Post- SADDUN, Tehsil- SHAHPUR, Distt - KANGRA. State- HIMACHAL PRADESH, Pin code-176206 आधार कार्ड क्रमांक - 7711 1935 7415 मेरे पुत्र के आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम JEEVANA DEVI, एवं मेरी जन्मतिथि 02/03/1971, दर्ज है, जो कि गलत है जबकि मेरा सही व सत्य नाम JEEVNA DEVI एवं मेरी सही जन्मतिथि 01/01/1971 है। जो कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7711 1935 7415 में दर्ज है मेरा सही व सत्य नाम JEEVNA DEVI एवं मेरी सही व सत्य जन्मतिथि 01/01/1971 को मेरे पुत्र के आर्मी रिकार्ड में दर्ज किया जाए शपथ पत्र दिनांक - 15/07/2026 समक्ष पब्लिक नोटरी रामदास शर्मा, जबलपुर मप्र।
CORRECT NAME -JEEVNA DEVI
INCORRECT NAME -JEEVANA DEVI
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1971
INCORRECT DATE OF BIRTH-02/03/1971

## खबर संक्षेप

### डाबर रेड टूथपेस्ट लाखों लोगों की पसंद बना

**नई दिल्ली।** डाबर रेड टूथपेस्ट देशभर के लाखों उपभोक्ताओं की पसंद बना हुआ है। इसकी आयुर्वेदिक संरचना में लौंग जैसे तत्व शामिल हैं, जो दांत दर्द से राहत देने में सहायक माने जाते हैं, तथा सूंठ जो मसूड़ों की देखभाल में मदद करती है। उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत बनाते हुए, डाबर रेड टूथपेस्ट को इंडियन डेंटल एसो. स्वीकृति मुहर भी प्राप्त है। ओरल केयर विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता का कहना है कि डाबर रेड टूथपेस्ट आयुर्वेद की परंपरागत शक्ति और आधुनिक गुणवत्ता मानकों का संतुलित संगम है। यह उन लोगों के लिए एक भरोसेमंद विकल्प है।

### चंदन हेल्थकेयर की आय 48.67 करोड़ रुपए हुई

**लखनऊ।** चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड ने 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन अपडेट जारी किया। कंपनी ने वित्तवर्ष 2027 की पहली तिमाही में 48.67 करोड़ रुपए की परिचालन आय दर्ज की। कंपनी की मटेरियल सब्सिडियरी चंदन फार्मेसी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2027 की पहली तिमाही 32.33 करोड़ की परिचालन आय दर्ज की है। परिचालन आय में यह वृद्धि कंपनी के बी2बी, बी2सी और सरकारी कारोबार में मजबूत प्रदर्शन, नेटवर्क के लगातार विस्तार के कारण संभव हुई।

### नई गैलेक्सी वॉच 22 को होगी लांच

**नई दिल्ली।** सैमसंग 22 जुलाई को आयोजित होने वाले गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में अपनी नई गैलेक्सी वॉच पेश करेगा। कंपनी का दावा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस यह स्मार्टवॉच यूजर्स को पहले से अधिक सटीक और व्यक्तिगत हेल्थ मॉनिटरिंग का अनुभव देगी। सैमसंग के अनुसार, नई गैलेक्सी वॉच लगातार बैकग्राउंड में काम करते हुए यूजर्स की सेहत से जुड़ा डेटा एकत्र करेगी और हेल्थ मॉनिटरिंग को रोजमर्रा की दिनचर्या का सहज हिस्सा बनाएगी।

## मानसून की बेरुखी से खरीफ फसल पर संकट मुरझा रहीं फसलें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मानसून की बेरूखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पहली अच्छी बारिश के बाद बोई गई सोयाबीन की फसल अब लगातार धूप और नमी की कमी के कारण खेतों में मुरझाने लगीं हैं। बारिश नहीं होने के कारण सोयाबीन और धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।



भागीरथ पाटीदार

किसान भागीरथ पाटीदार के अनुसार लगातार तेज धूप और मिट्टी में नमी की कमी के चलते खेतों में सोयाबीन के पौधे मुरझाने लगे हैं। कई स्थानों पर पौधों की बढ़वार रुक गई है, जिससे किसानों को उत्पादन प्रभावित होने की आशंका सता रही है। उन्होंने कहा कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है।

# लगातार धूप और नमी की कमी के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी, किसानों की बढ़ी चिंता, नुकसान की आशंका






धान और सोयाबीन की फसल

### सूख रहे सोयाबीन-धान के खेत

जून में सामान्य से करीब 40 प्रतिशत कम बारिश और जुलाई में भी अपेक्षित वर्षा नहीं होने से खरीफ की प्रमुख फसलें सोयाबीन और धान संकट में हैं। लगातार तेज धूप और नमी की कमी के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं,जबकि धान की नर्सरियां सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। यदि जल्द ही अच्छी बारिश नहीं हुई तो उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। किसानों के अनुसार कई स्थानों पर किसानों को सूख चुकी सोयाबीन की फसल में रोटावेटर चलाकर दोबारा बुवाई की तैयारी करनी पड़ रही है। इससे किसानों पर बीज, खाद और मजदूरी का अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

## कई क्षेत्रों में आ सकती है दोबारा बुआई की नौबत

खेतिहर भगवान सिंह परमार के मुताबिक सोयाबीन की फसल के लिए इस समय पर्याप्त नमी बेहद आवश्यक है। समय पर बारिश नहीं होने की स्थिति में उत्पादन में गिरावट आ सकती है। ऐसे में किसानों की निगाहें अब बारिश पर टिकी हुई हैं। उनके अनुसार यदि अगले चार से पांच दिनों के भीतर अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसल को गंभीर नुकसान हो सकता है। कई क्षेत्रों में दोबारा बुवाई की नौबत भी आ सकती है, जिससे खेती की लागत बढ़ जाएगी। किसान लखन सिंह ने बताया कि समय पर बुवाई के बाद फसल अच्छी स्थिति में थी, लेकिन अब बारिश नहीं होने से खेत सूखने लगे हैं। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं और पौधे सूखने लगे हैं। उनका कहना है कि नमी की कमी के कारण इल्ली और तना मक्खी जैसे कीटों का खतरा भी बढ़ गया है। पर्याप्त नमी नहीं होने से कीटनाशकों का प्रभाव भी कम हो सकता है, जिससे किसान दवा के छिड़काव को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं।



भगवान सिंह परमार

### विशेषज्ञों की सलाह

इस बीच कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि जिनके पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वे मिनी स्प्रिंकलर के माध्यम से हल्की सिंचाई कर खेतों में नमी बनाए रखें। साथ ही डोरा चलाकर नमी संरक्षण करें और फसलों की नियमित निगरानी करते रहें। उन्होंने किसानों को खरपतवारनाशी और कीटनाशक का एक साथ मिश्रण बनाकर छिड़काव नहीं करने की भी हिदायत दी है, ताकि फसल पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

## हरेला पर्व पर 'श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय' का शुभारंभ

# उत्तराखंड बनेगा वैश्विक आयुर्वेद और जैव विविधता का केंद्र: सीएम धामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

हरेला पर्व के अवसर पर हरिद्वार में 'श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय' का शुभारंभ किया गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के साथ इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव और आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय' केवल एक उद्यान या संस्थान नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा को भविष्य से जोड़ने वाला एक ऐतिहासिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड को केवल हर्बल राज्य के रूप में नहीं, बल्कि आयुर्वेद, हर्बल ज्ञान, अनुसंधान और इको-इनोवेशन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र से विद्यार्थी, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और ज्ञान प्राप्त करने वाले लोग प्रकृति और चिकित्सा विज्ञान के संबंधों को करीब से समझ सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह स्थान देश और दुनिया के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

'हर्बल वर्ल्ड हिमालय' भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को भविष्य से जोड़ने वाला वैश्विक केंद्र बनेगा: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी



पौधरोपण करते हुए

### वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरण चेतना का आंदोलन

रामदेव ने कहा कि 'श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय' आचार्य बालकृष्ण की दूरदर्शी सोच और अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का पहला जीवंत हर्बल उद्यान बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जहां विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के औषधीय पौधों को एकत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल वनस्पतियों का संग्रह नहीं है, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की चेतना का आंदोलन है। स्थानीय संसाधनों और वैज्ञानिक

### चिकित्सा पद्धतियों और 964 चिकित्सा विधाओं का है संगम, समन्वय का प्रतीक

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय' परंपरा और आधुनिकता, विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय का प्रतीक है। यहां वनस्पति विज्ञान आधारित नौ चिकित्सा पद्धतियों आयुर्वेद, सिद्धा, यूनानी, चाइनीज, जापानी, कोरियन, मिश्र, ग्रीक और तिब्बती चिकित्सा पद्धतियों के साथ विश्व की लगभग 964 चिकित्सा विधाओं को समाहित किया गया है। उन्होंने बताया कि 200 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इस हर्बल वर्ल्ड में जड़ी-बूटी उद्यान, फल उद्यान और नॉलेज पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। यह केंद्र छात्रों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और आयुर्वेद प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण अध्ययन स्थल बनेगा। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य चिकित्सा के ऐतिहासिक ज्ञान को दुनिया तक पहुंचाना और आयुर्वेद की ज्ञान परंपरा को वैश्विक स्तर पर मजबूत करना है।

## गुजरात इंजेक्ट का शानदार प्रदर्शन, पहली तिमाही में 1.25 करोड़

**बडोदरा।** गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड (बीएसईः 524238) ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के स्टैंडअलोन अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने पहली तिमाही में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 1.25 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 7.35 लाख रुपये की तुलना में कई गुना अधिक है।कंपनी के अनुसार पहली तिमाही में परिचालन से आय 12.45 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 2.42 करोड़ रुपये की तुलना में 414.4 प्रतिशत अधिक है। वहीं प्रति शेयर आय (EPS) बढ़कर 0.86 रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 0.05 रुपये थी। कंपनी ने इस प्रदर्शन को स्वच्छ ऊर्जा एवं सौर समाधान क्षेत्र में अपनी रणनीतिक दिशा का परिणाम बताया है। निदेशक मंडल ने श्री मुरली शिवशंकरण नायर को 6 जुलाई 2026 से तीन वर्ष के लिए प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार की अपनी योजना के तहत नाम बदलकर 'रेजेनोवा रिन्यूटेक लिमिटेड' करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है, जिसे शेयरधारकों की स्वीकृति के बाद लागू किया जाएगा। कंपनी वर्तमान में सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर कार्य कर रही है तथा गुजरात के मेहसाणा जिले के जकासना में 5 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का संचालन कर रही है। प्रबंध निदेशक श्री मुरली शिवशंकरण नायर ने कहा कि कंपनी का नया स्वरूप स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास और दीर्घकालिक मूल्य सृजन की दिशा में आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मंडीबोर्ड में थोकबंद पदोन्नति की सौगात 848 अधिकारी-कर्मचारियों को मिला प्रमोशन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि उपज विपणन (मंडी) बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक सह आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम के दिशा-निर्देश पर प्रदेश की 259 कृषि उपज मंडियों में कार्यरत 848 अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे कर्मचारियों में इस निर्णय से खुशी की लहर है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की अनुशंसा के आधार पर विभिन्न संवर्गों में पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। इसमें उपयंत्री, मंडी निरीक्षक और सहायक वर्ग-3 सहित विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को लाभ मिला है।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## उमरिया में आरएएमपी योजना के तहत MSME कंपोजिट कार्यशाला शुरू, उद्यमियों को दी योजनाओं की जानकारी

**उमरिया।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (**MSME**) एवं विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी (**RAMP**) योजना के तहत होटल रॉयल आनंद, उमरिया में दो दिवसीय **MSME** कंपोजिट कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य युवा उद्यमियों, **MSME** इकाइयों, स्वयं सहायता समूहों एवं इच्छुक उद्यमियों को शासन की योजनाओं, नीतियों और सुविधाओं की जानकारी देकर उद्यम स्थापना एवं विस्तार के लिए प्रोत्साहित करना है।कार्यशाला के प्रथम दिवस में मध्यप्रदेश **MSME** विकास नीति, स्टार्टअप नीति, **RAMP** योजना, **ZED** प्रमाणन, वित्तीय जागरूकता, बौद्धिक संपदा अधिकार (**IPR**) एवं **GI** टैगिंग विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उमरिया के महाप्रबंधक



दिनेश कुमार मारसकोले ने उद्यमियों से उद्यम पंजीकरण, **ZED** प्रमाणन, **ONDC** से जुड़ने एवं शासन की प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।कार्यक्रम में **RAMP** योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले इंटर्न को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रबंधक अंकित सिंह एवं दीपक गुप्ता ने **MSME** एवं स्टार्टअप नीति की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में डीपीएम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (**NRLM**) एवं लीड जिला प्रबंधक (**LDM**), उमरिया भी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए उद्यम पंजीकरण, **ZED** प्रमाणन एवं **TEAM ONDC** ऑनबोर्डिंग हेतु विशेष कियोस्क लगाए गए, जहां मौके पर ही पंजीकरण एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन भी तकनीकी सत्र एवं परामर्श गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

**O/o SUPERINTENDING ENGINEER CITY CIRCLE**
**M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITRAN CO. LTD. JABALPUR**
Tel No:0761-2621784, e-mail: secityjabalpur@gmail.com
CIN: U40109MP2002SGC015120,GST:23AADCM6175E2ZM

No. SE/CCJ/PUR/NIT/2026-27/2039 ONLINE TENDER Jabalpur, Dtd. 13.07.2026
Online Tenders are invited for following items:-

| Sr. No. | T.S. No. (For e-Tendering) | NAME OF ITEMS | APPROX. VALUE (Rs. in Lakhs) | TENDER FEE (in Rs) | Due date & times of Opening of Tender online form (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (E-Tender No.EE/CDN /JBP/26- 27/TS-04/1241 2026_PKVVC_520761_1 Dt. 11.07.2026 | Hiring of 01 No Light motor vehicle Tata ACE Ladder or equivalent of latest model for Office of EE (City Division North) Jabalpur. | 6.00 | 1180/- | 21.07.2026 5:15 PM |

*For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in Cover -1 & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the online key dates. For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or http://mptenders.gov.in SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW "बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें" S.E. (CCJ)

**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/18/2026)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।


| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 8126WCRT-P08A | इलास्टिक रेल क्लिप (ERC)J क्लिप | 609880 नंबर्स | 29/07/2026 |
| 2 | 8125WCR TP-28 | HVN-66 इंसुलेटिंग लाइनर फॉर यूज विथ PSC स्लीपर | 2500000 नंबर्स | 31/07/2026 |
| 3 | 30261174 | 13 T बोगी बोल्स्टर | 116 नंबर्स | 03/08/2026 |
| 4 | 30261904 | सेट ऑफ TPU रींगस फॉर प्राइमरी सस्पेंशन | 413 सेट्स | 06/08/2026 |
| 5 | 30261518 | एक्सल बॉक्स पाइवोट बुश विथ सॉलिड और होलो पिन | 1103 नंबर्स | 06/08/2026 |
| 6 | 65265005 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ हाइड्रोलिक रे–रेलिंग इक्विपमेंट (HRE) | 01 सेट | 06/082026 |
| | | कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेन्टेनन्स कॉन्ट्रैक्ट (CAMC) फॉर 5 इयर्स | 01 नंबर | |
| | | कॉस्ट ऑफ एनी other एक्सेसरीज | 01 नंबर | |
| | | कॉस्ट ऑफ इंस्टालेशन & कमीशनिंग ऑफ इक्विपमेंट | 01 नंबर | |
| 7 | 30261268 | नॉन एस्बेस्टस बेस्ड "K" टाइप हाई फिरक्शन कम्पोजीशन ब्रेक ब्लॉक्स | 69416 नंबर्स | 07/08/2026 |
| 8 | 30261638A | फुट स्टेप कम्पलीट | 1415 नंबर्स | 11/08/2026 |
| 9 | 80261163 | फोग सिग्नल (डेटोनेटिंग) | 46281 नंबर्स | 12/08/2026 |
| 10 | 30265014 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ IOT बेस्ड रियल टाइम वाटर लेवल मॉनिटरिंग यूनिट इन सेट ऑफ 100 Nos | 01 सेट | 13/08/2026 |
| 11 | 80261177 | डाई पेनटरांट टेस्ट फिट कन्फार्मिंग | 14416 नंबर्स | 25/08/2026 |
| 12 | 62261122 | पॉलीवस्त्र बेड शीट 140X229 cm | 25453 नंबर्स | 03/09/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मो को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 6288



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 6287 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | ■ | ब | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | य |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | म | न | ■ | जा | न | ■ | र | मा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | मी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | न | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | वा | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | च | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | य | ल |

## सूडोकु नवताल - 6298

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6297 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |



## मेरे लिए फिटनेस का मतलब है
# हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'हस्तिनापुर के वीर' में गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका जितेन लालवानी निभा रहे हैं। शो में उनकी बॉडी बहुत फिट और टोंड दिख रही है। इसे मेंटेन करने के लिए वे किस तरह का डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**फिटनेस फंडा**

**जितेन लालवानी**

मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ मसल्स बनाना नहीं है, बल्कि हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहना है, ताकि मैं स्क्रीन पर ही नहीं अपनी निजी जिंदगी में भी अपना बेस्ट दे सकूं।

**डाइट प्लान:** मैं आमतौर पर एक दिन में 2,000 से कम कैलोरी लेता हूं। हालांकि जब मेरा लक्ष्य मसल्स गेन करना था, तब मैंने अपनी कैलोरी बढ़ाकर लगभग 2,800-3,000 प्रतिदिन कर दी थी। मैं मोस्टली वेजीटेरियन हूं, इसलिए प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से पनीर, दाल, सोया चंक्स और अंडों पर निर्भर रहता हूं। मैं दिन में तीन बार भोजन करता हूं और कोशिश करता हूं कि रात का खाना जल्दी खा लूं। अगर रात में 9 बजे से ज्यादा लेट हो जाता है तो मैं आमतौर पर डिनर छोड़ देता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** मैं सप्ताह में कम से कम 4-5 दिन वर्कआउट करता हूं। मेरा रूटीन इस प्रकार का होता है-

सोमवार को लेग्स स्ट्रेंथनिंग। मंगलवार को चेस्ट, शोल्डर्स और ट्राइसेप्स। बुधवार को बैक और बाइसेप्स। गुरुवार को एब्स और कार्डियो। शुक्रवार को फिर लेग्स स्ट्रेंथनिंग। शनिवार को फुल अपर बॉडी वर्कआउट। जिम के अलावा मैं हर शाम अपने शेड्यूल के अनुसार 5,000 से 10,000 स्टेप्स वॉक भी करता हूं।

मैं हमेशा अपने साथ एक रेजिस्टेंस बैंड भी रखता हूं। अगर किसी दिन जिम जाना संभव नहीं हो पाता, तो मैं अपने मेकअप रूम में ही कुछ सेट्स पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड की बेसिक एक्सरसाइज कर लेता हूं, ताकि मेरा वर्कआउट मिस न हो।

**मैनेज करता हूं टाइम:** अगर मैं सिर्फ एक शो को शूट कर रहा होता हूं, तो फिटनेस के लिए समय निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि आमतौर पर महीने में 15-20 दिन ही शूटिंग करनी होती है। लेकिन जब एक साथ दो शो कर रहा होता हूं, तब टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है। दो शोज को साथ में मैनेज करना मुश्किल जरूर होता है, लेकिन मैं उसे भी पूरी पॉजिटिविटी के साथ निभाता हूं और जो भी जितना भी टाइम मिलता है, उसमें वर्कआउट करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मैं खुद को हमेशा एक्टिव और बिजी रखने की कोशिश करता हूं। नियमित वर्कआउट करता हूं, वॉक करता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताता हूं। साथ ही, मैं हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश करता हूं, चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या जीवन से, क्योंकि नई चीजें सीखना मुझे प्रेरित करता है। बेशक हर किसी की जिंदगी में तनाव वाले दिन आते हैं, लेकिन मैंने यह सीख लिया है कि नकारात्मकता को ज्यादा देर तक अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं उन चीजों पर ध्यान देता हूं, जो मेरे नियंत्रण में हैं, हर दिन के लिए आभारी रहता हूं और एक-एक दिन करके आगे बढ़ता हूं। यही संतुलन मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** ऐसे कई लोग हैं, जिनसे मैं इंस्पायर होता हूं। लेकिन अगर मुझे किसी एक का नाम लेना हो, तो मैं अनिल कपूर का नाम लूंगा। जिस तरह उन्होंने वर्षों से अपनी फिटनेस, एनर्जी और डिसिप्लिन को बनाए रखा है, वह वास्तव में इंस्पायरिंग है।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि सीखना और खुद पर काम करना कभी बंद मत कीजिए। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, बल्कि हर दिन लगातार मेहनत करने से मिलती है, चाहे उस दिन आपका मन करे या नहीं। अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित रहें और मेहनत करने से कभी न घबराएं। चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन अगर आप लगातार प्रयास करते रहेंगे और धैर्य बनाए रखेंगे, तो वही चुनौतियां आपको और मजबूत बनाएंगी। सबसे जरूरी बात, हमेशा विनम्र रहें, कृतज्ञ रहें और इस सफर का आनंद लें। मंजिल महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा अहम वह इंसान है, जो आप इस सफर के दौरान बनते हैं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

**अवेयरनेस**

**रजनी अरोड़ा**

अधिकतर लोग रोजाना कोई न कोई ऐसा सेल्फ केयर प्रोडक्ट यूज करते हैं, जिसमें केमिकल्स होते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स किस तरह से आपके लिए हार्मफुल हो सकते हैं, इनके साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए आप क्या सावधानियां बरत सकते हैं और इनके क्या बेहतर ऑप्शंस हो सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।

# क्या आप भी अक्सर करते हैं यूज केमिकल बेस्ड सेल्फ-केयर प्रोडक्ट्स!



आज के समय में शैंपू, साबुन, फेस वॉश, मॉयश्चराइजर, डिओडरेंट, परफ्यूम, हेयर डाई, शेविंग क्रीम, मेकअप, लिपस्टिक और इंटीमेट हाइजीन उत्पाद दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। पुरुष हों या महिलाएं, लगभग हर व्यक्ति किसी-न-किसी सेल्फ-केयर प्रोडक्ट का उपयोग करता है। लेकिन केमिकल बेस्ड ऐसे उत्पादों का लंबे समय तक, बार-बार या गलत तरीके से उपयोग स्वास्थ्य को प्रभावित भी कर सकता है।

कुछ शोधों से पता चला है कि सेल्फ-केयर उत्पादों के माध्यम से अनेक महिलाएं (करीब 168) और पुरुष (करीब 120) अलग-अलग रसायनों के संपर्क में रोजाना आते हैं। ये रसायन मानव रक्त, बाल, मूत्र और यहां तक कि मां के स्तन के दूध में भी पाए गए हैं। यानी ये केवल त्वचा पर नहीं रहते, वे शरीर के भीतर तक पहुंच जाते हैं और जमा होते रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सेल्फ-केयर उत्पादों का उद्देश्य शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ, साफ और आरामदायक रखना है। लेकिन ये उत्पाद कितने सुरक्षित हैं, यह उसमें मौजूद विभिन्न घटकों की मात्रा, गुणवत्ता और नियामक मानकों के माध्यम से ही तय नहीं होता। उसके सही ढंग से उपयोग करने और उससे शरीर या त्वचा पर होने वाले नुकसान पर भी निर्भर करता है। इसलिए स्त्री-पुरुष दोनों के लिए जरूरी है कि उत्पादों को समझदारी से चुनें, अनावश्यक रसायनों के संपर्क को कम करें और अपनी त्वचा की वास्तविक जरूरतों को पहचानें।

**शैंपू-साबुन-बॉडी वॉश:** झाग बनाने के लिए अकसर इनमें सोडियम लॉरिल सल्फेट (एसएलएस) और सोडियम लॉरेथ सल्फेट (एसएलईएस) जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। संवेदनशील त्वचा वालों में एक्जिमा, रूसी या सूखे बालों वाले लोगों में खुजली, रूखापन, जलन और बालों का खिंचाव बढ़ा सकते हैं। कुछ उत्पादों में पैराबेंस, कृत्रिम रंग और तेज कृत्रिम सुगंध भी होती है, जो एलर्जी या त्वचा पर चकत्ते पैदा कर सकते हैं। ऐसे में सल्फेट मुक्त, कम सुगंध वाले, पीएच संतुलित और डर्मेटोलॉजिकली टेस्टेड उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। रीठा, शिकाकाई, आंवला, एलोवेरा, ओटमील और ग्लिसरीन जैसे घटकों वाले हल्के उत्पाद भी उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि नया उत्पाद लगाने से पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना उचित रहता है।

पानी एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जो नहाने पर गंदगी को आसानी से हटा देता है। केमिकलयुक्त साबुन के बजाय बेसन और हल्दी का उबटन, मुल्तानी मिट्टी, कच्चा दूध और हल्दी, मूंग दाल पावडर, चंदन पावडर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर बिना नेचुरल ऑयल निकाले स्किन को साफ करते हैं।

**फेस वॉश, क्रीम और मॉयश्चराइजर:** चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक नाजुक होती है। बहुत अधिक अल्कोहल, तेज सुगंध, कठोर क्लींजर या अनावश्यक स्क्रबिंग वाले फेस वॉश त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे चेहरा सूखा, लाल, खिंचा हुआ या संवेदनशील महसूस हो सकता है।

फेस वॉश चुनते समय सोप-फ्री, फ्रेगनेंस-फ्री, जेंटल क्लींजर या आयुर्वेदिक क्रीम उपयोगी हो सकते हैं। मॉयश्चराइजर में ग्लिसरीन, सेरामाइड, हायलूरोनिक एसिड, शिया बटर, जोजोबा ऑयल या बादाम तेल जैसे तत्व त्वचा को नमी देने में मदद कर सकते हैं। तैलीय त्वचा वाले व्यक्ति हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर चुन सकते हैं, जबकि शुष्क त्वचा वालों को अधिक मॉयश्चराइजिंग क्रीम की आवश्यकता हो सकती है।

**फेयरनेस-स्किन व्हाइटनिंग क्रीम:** त्वचा को गोरा बनाने का दावा करने वाली कुछ नकली उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन, कॉर्टिकोस्टेरॉइड और पारा यानी मरकरी जैसे रसायन पाए गए हैं। हाइड्रोक्विनोन त्वचा के मेलानिन पर असर डाल सकता है, जबकि कॉर्टिकोस्टेरॉइड का बिना चिकित्सकीय सलाह लंबे समय तक उपयोग त्वचा को पतला, लाल और संवेदनशील बना सकता है। मरकरी युक्त उत्पाद त्वचा के अलावा किडनी और तंत्रिका तंत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। ऐसी क्रीमों से तत्काल चमक या गोरेपन का अनुभव हो सकता है, लेकिन लंबे समय में दाग-धब्बे, मुंहासे, त्वचा की कमजोरी, असमान रंगत और सूर्य की रोशनी से अधिक नुकसान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुरक्षित विकल्प के रूप में नियमित सनस्क्रीन, हल्का मॉयश्चराइजर, विटामिन-सी या नियासिनामाइड युक्त प्रमाणित उत्पाद, एलोवेरा जैल तथा त्वचा विशेषज्ञ की सलाह अधिक उचित है। आयुर्वेदिक या हर्बल बेस्ड क्रीम का यूज करना भी सुरक्षित विकल्प है।

**हेयर डाई-हेयर स्प्रे-स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्स:** बालों को रंगने, सीधा करने या लंबे समय तक सेट रखने वाले उत्पादों में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कुछ हेयर डाई में पैरा-फेनिलीनडायमीन यानी पीपीडी और अमोनिया हो सकते हैं, जिनसे सिर की त्वचा में खुजली, जलन, सूजन या एलर्जी हो सकती है। सुरक्षित विकल्प के रूप में अमोनिया-फ्री और पीपीडी-फ्री हेयर कलर, शुद्ध मेहंदी, नारियल तेल, आर्गन ऑयल, एलोवेरा हेयर मास्क और अलसी का तेल उपयोग किए जाते हैं।



**लिपस्टिक-नेल पॉलिश:** महिलाओं के द्वारा यूज किए जाने वाले मेकअप उत्पादों जैसे लिपस्टिक और नेल पॉलिश में प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग, सुगंध और अन्य रसायन हो सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक, काजल, फाउंडेशन और अन्य मेकअप केवल विश्वसनीय ब्रांड वाले ही खरीदने चाहिए। एक्सपायरी डेट के बाद मेकअप का उपयोग नहीं करना चाहिए। नेल पॉलिश में नुकसानदायक तत्व हो सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र में जलन पैदा कर सकते हैं। नेल पॉलिश लगाते समय कमरे में हवा का अच्छा आवागमन होना चाहिए और पूरी सतर्कता के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए।

**डिओडरेंट-परफ्यूम-बॉडी स्प्रे:** ये शरीर की दुर्गंध कम करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंध, फ्थैलेट्स और कभी-कभी एल्यूमिनियम सॉल्ट्स जैसे घटक हो सकते हैं। कृत्रिम सुगंध कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन, सांस की तकलीफ, त्वचा की खुजली या एलर्जी को बढ़ा सकती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग एल्यूमिनियम-फ्री या फ्रेगरेंस-फ्री डिओडरेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राकृतिक विकल्पों में कम सुगंध वाले मिनरल डिओडरेंट, फिटकरी का पानी, बेकिंग सोडा आधारित उत्पाद या केवल नियमित स्नान और साफ कपड़ों की आदत उपयोगी हो सकती है। नारियल तेल में एक-दो बूंद टी ट्री, लेवेंडर, रोज, जैस्मिन, सेंडल वुड, यूक्लिप्टस ऑयल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सावधानियों से आप हमेशा सुरक्षित रहेंगे। *

**(दिल्ली के डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. गौरव नाकरा और जनरल फिजीशियन, डॉ. जे. रावत से बातचीत पर आधारित)**

### ऐसे करें सुरक्षित सेल्फ-केयर




- आवश्यकता से अधिक कॉस्मेटिक या रासायनिक उत्पादों का उपयोग न करें।
- सेल्फ-केयर उत्पाद चुनते समय सबसे पहले उसमें मौजूद तत्वों की डिटेल पढ़ें।
- बहुत अधिक सुगंध, चमकीले रंग, इंस्टेंट व्हाइटनिंग, केमिकल-फ्री या शत-प्रतिशत नेचुरल जैसे दावों पर बिना जांचे भरोसा न करें।
- कम केमिकल सामग्री वाले, फ्रेगरेंस-फ्री, प्रमाणित और विश्वसनीय उत्पाद अधिक अच्छे विकल्प हो सकते हैं।
- नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखें यानी हाथ की स्किन पर हल्का-सा लगाकर देखें। अगर कोई समस्या न हो, तभी वो उत्पाद इस्तेमाल करें।
- एक्सपायरी डेट का ध्यान रखें। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं।
- त्वचा में लगातार जलन, लालपन, खुजली या दाने हों। तो उपयोग बंद कर त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

**एडवाइस**

**शिखर चंद जैन**

हमारा शरीर मुख्य तौर पर हमारे मस्तिष्क यानी ब्रेन से ही संचालित होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा, इसका बेहतर स्वास्थ्य और इसका अच्छे ढंग से कार्य करना बहुत जरूरी है। **वर्ल्ड ब्रेन डे (22 जुलाई)** के अवसर पर यहां बता रहे हैं कि हमारा ब्रेन कैसे हेल्दी और हमारी मेमोरी कैसे शार्प बन सकती है?

# तब ब्रेन रहेगा हेल्दी मेमोरी होगी शार्प



मात्र तीन पौंड वजन का हमारा मस्तिष्क आकार में भले ही बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन यह एक शक्तिशाली अंग है। शरीर के इस छोटे से हिस्से में ही हमारा व्यक्तित्व और सभी यादें समाहित होती हैं। मस्तिष्क ही विचारों, भावनाओं और गतिविधियों का समन्वय करता है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने, सफलता व सुकून के लिए इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

**न्यूरॉन्स का रोल:** मस्तिष्क में अरबों तंत्रिका कोशिकाएं न्यूरॉन्स होती हैं। ये ही शरीर के बाकी हिस्सों को जानकारी भेजती हैं। यदि ये ठीक से काम नहीं करेंगी तो शरीर के अंग और मांसपेशियों में संवेदना कम हो सकती है। सोचने और कार्य करने की क्षमता धीमी हो सकती है।

**क्यों जरूरी है बचाव:** मस्तिष्क, क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए न्यूरॉन्स की जगह नए न्यूरॉन्स नहीं बना पाता है। सिर में चोट लगना, नशीली दवाओं का सेवन, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं या उन्हें नष्ट कर सकती हैं। इसलिए ब्रेन की हिफाजत करना बेहद जरूरी है। साथ ही मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे।



**पसीना बहाएं:** जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं, उनका दिमाग तेज रहने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि संतुलन, लचीलापन, ताकत, ऊर्जा और मनोदशा में सुधार लाने में भी सहायक होती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम करने से अल्जाइमर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

**सिर की सुरक्षा जरूरी:** मस्तिष्क की चोट किसी व्यक्ति के जीवन पर दीर्घकालिक रूप से गहरा प्रभाव डाल सकती है। मस्तिष्क की चोटें सोचने-समझने की क्षमता, स्मृति, समन्वय, वाणी और भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए, सिर में चोट लगने के जोखिम वाली किसी भी गतिविधि को करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जैसे- साइकिल चलाना, स्कीइंग करना, घुड़सवारी करना या मो ट र सा इ कि ल , स्नोमोबाइल या ऑल-टेरेन वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट जरूर पहनें। सिर में चोट लगने के अन्य सामान्य कारणों में कार दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। कार में सीट बेल्ट पहनकर सिर पर चोट लगने से बच सकते हैं। गिरने से बचने के लिए, सीढ़ियों पर, ऊबड़-खाबड़ जमीन पर या किसी अपरिचित जगह पर सावधानी से चलें। घर में सीढ़ियों और गलियारों से फालतू सामान हटाकर गिरने से बचाव करें। सीढ़ियों में पर्याप्त रोशनी रखें। सुनिश्चित करें कि सभी कालीन और गलीचे फर्श पर मजबूती से बिछे हों ताकि आप फिसलें नहीं।

**पर्याप्त सावधानी बरतें:** कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हमारी सोचने और याददाश्त संबंधी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। इनसे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है, जिससे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इनमें से सबसे आम समस्याएं मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप हैं। यदि आपको इनमें से कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

**सामाजिक दायरा बढ़ाएं:** सामाजिक मेलजोल अवसाद और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। ये दोनों मानसिक रोग याददाश्त कमजोर होने की समस्या को बढ़ा सकते हैं। सामाजिक अलगाव और अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट और अल्जाइमर रोग के जोखिम से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए अपना सामाजिक दायरा बढ़ाएं, लोगों से मेलजोल रखें।

**अच्छी नींद लें:** रोज अच्छी नींद लेना, ठीक वैसे ही है जैसे फोन को चार्ज करने के लिए प्लग लगाना। अच्छी नींद लेने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और याददाश्त बेहतर होती है, सतर्कता बढ़ती है और दैनिक कार्यों को करना आसान हो जाता है। आराम करने से तनाव और अवसाद भी कम होता है।

**ब्रेन फूड लें:** स्वस्थ खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट धीमी होती है। माइंड डाइट यानी मेडिटेरेनियन डैश इंटरवेंशन फॉर न्यूरो डिजेनरेटिव डिले एक विशेष खान-पान प्लान है, जो दिमाग की सेहत को सुधारने, याददाश्त तेज करने और अल्जाइमर या डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के जोखिम को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह 'मेडिटेरेनियन' और 'डैश' डाइट का मिश्रण है, जो मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, बेरीज, नट्स और साबुत अनाज को अपने डाइट में शामिल करने पर जोर देती है। *

**(अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के न्यूरोसर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंघानिया से बातचीत पर आधारित)**

### ब्रेन एक्सरसाइज करें

**जिस प्रकार** शारीरिक गतिविधि आपके शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, उसी प्रकार दिमाग को सक्रिय रखने वाली गतिविधियां आपके मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। ये गतिविधियां मस्तिष्क की कार्यक्षमता और स्मृति को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती हैं। इसके लिए क्रॉसवर्ड पहेलियां हल करें, अलग-अलग विषय पढ़ें, खेल खेलें या कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखें। साथ ही कोई नया शौक अपनाएं या किसी स्थानीय विद्यालय या सामुदायिक समूह में स्वयंसेवा करें।






स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोका

# 16 साल बाद फाइनल में स्पेन एम्बाप्पे की स्टार ब्रिगेड फेल

## सेमीफाइनल में स्पेन ने फ्रांस को दी शिकस्त, रविवार को होगा फाइनल



एजेंसी ▶▶| अर्लिंगटन

स्पेन की मजबूत रक्षापंक्ति और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के आगे किलियन एम्बाप्पे की अगुआई वाली फ्रांस की स्टार आक्रमण पंक्ति पूरी तरह बेअसर साबित हुई और 2010 की विश्व चैंपियन स्पेन ने एक बार फिर फीफा विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली। स्पेन ने सेमीफाइनल में मिकेल ओयारजाबाल और पेड्रो पोरो के गोल के दम पर फ्रांस को 2-0 से शिकस्त दी।

इसके साथ ही स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोकते हुए अपनी शानदार रक्षात्मक क्षमता का एक और नमूना पेश किया। स्पेन अब रविवार को होने वाले फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगा। फाइनल न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में खेला जाएगा।



### फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए : यामाल

मैच से पहले युवा स्टार लामिन यामाल ने कहा था कि फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए और मैदान पर उनका यह दावा सही साबित हुआ। फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज फ्रांस की अगुवाई विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोररों में शामिल एम्बाप्पे कर रहे थे, जिन्होंने सेमीफाइनल से पहले विश्व कप के 20 मुकाबलों में 20 गोल किए थे। उनके साथ बैलन डी'ओर विजेता उस्मान डेम्बेले और इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल में मदद करने वाले माइकल ओलीसे भी थे, लेकिन यह तिकड़ी स्पेन की रक्षा पंक्ति के आगे प्रभावहीन रही।

### ओयारजाबाल ने पेनाल्टी को गोल में बदला

स्पेन को 22वें मिनट में बढ़त मिली, जब यामाल के शानदार मूव पर फ्रांस के डिफेंडर लुकास डिन्ये ने फाउल कर दिया। इस पेनाल्टी को ओयारजाबाल ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 58वें मिनट में पोरो ने दानी ओल्मो के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए दूसरा गोल दागकर जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। अपने 19वें जन्मदिन के एक दिन बाद खेल रहे यामाल ने बाद में एक गोल भी किया, लेकिन करीबी ऑफसाइड के कारण उसे नकार दिया गया। टीम को हालांकि शुरुआती बढ़त दिलाने में उनकी सूझबूझ भरी खेल शैली निर्णायक साबित हुई।

# 14 टीमों के साथ नए प्रारुप में खेला जाएगा वनडे विश्व कप

## आईसीसी ने बदला वनडे वर्ल्ड कप का फॉर्मेट

- वनडे विश्व कप में सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण की एंट्री
- 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| एडिनबर्ग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2027 वनडे विश्व कप और 2028 टी20 विश्व कप के प्रारुप में कुछ बदलाव किए हैं, जिनका उद्देश्य दोनों टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा को और अधिक रोमांचक बनाना है। ये फैसले आईसीसी की सालाना बैठक में लिए गए। दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले 2027 वनडे विश्व कप में पूर्व योजना के अनुसार 14 टीमें ही भाग लेंगी, जो पिछले चरण की 10 टीम से अधिक हैं। हालांकि टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आईसीसी ने सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण को शामिल किया है।

### सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच होंगे मुकाबले

आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में 14 योग्य टीमें भाग लेंगी लेकिन संशोधित प्रारुप के तहत फाइनल तक पहुंचने के लिए तीन चरण की प्रतियोगिता होगी, जिससे टूर्नामेंट के हर मैच का महत्व बढ़ेगा और शुरुआत से लेकर फाइनल तक प्रतिस्पर्धा रोमांचक बनी रहेगी। 'सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच मुकाबले होंगे, जिनमें से एक टीम दूसरे दौर में पहुंचेगी, जिसमें छह टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष तीन टीम और दोनों समूहों में शेष टीम में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली एक टीम सुपर-7 (पहले प्रस्तावित सुपर-6 के स्थान पर) में पहुंचेगी। सुपर-7 चरण से शीर्ष चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### मुकाबले होंगे पहले से ज्यादा रोमांचक

आईसीसी ने कहा, 'इन बदलावों से हर मैच का महत्व बढ़ेगा और मुकाबले पहले से ज्यादा रोमांचक होंगे। इससे प्रशंसकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, वहीं नई और उभरती टीम को भी क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता रहेगा।' ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के बाद अब सुपर-8 की जगह सुपर-10 चरण होगा।टूर्नामेंट में चार-चार टीम के पांच ग्रुप बनाए जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीम सुपर-10 में पहुंचेंगी। पिछले चरण में सुपर-8 के प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सीधे सेमीफाइनल में पहुंचती थीं।

### हर ग्रुप की शीर्ष टीम सीधे पहुंचेगी अंतिम चार में

नए प्रारुप में अब प्रत्येक ग्रुप की केवल शीर्ष टीम ही सीधे अंतिम चार में पहुंचेगी। ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम विपरीत ग्रुप की तीसरे स्थान वाली टीम के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबला खेलेंगी, जिससे प्रतियोगिता में एक नया रोमांच जुड़ जाएगा। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में उभरती हुई टीम के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए दूसरे चरण में भाग लेने वाली टीम की संख्या 8 से बढ़ाकर 10 करने का फैसला किया गया है।'

### स्कॉटलैंड को यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा

आईसीसी ने यह भी बताया कि स्कॉटलैंड को 2026 टी20 विश्व कप में विशेष परिस्थितियों में अंतिम समय पर बांग्लादेश की जगह खेलने के कारण सीधे यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं 2026 टी20 विश्व कप में खेलने वाली लेकिन स्वतः क्वालीफाई नहीं कर पाने वाली बाकी टीम सीधे वैश्विक क्वालीफायर में पहुंचेंगी। वैश्विक क्वालीफायर के अन्य आठ स्थानों के लिए क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन होगा। इनमें अफ्रीका, एशिया और यूरोप से दो-दो टीम जबकि अमेरिका और पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र से एक-एक टीम क्वालीफाई करेंगी। वैश्विक क्वालीफायर में प्रत्येक क्षेत्र की शीर्ष टीम और कुल मिलाकर अगली तीन सर्वश्रेष्ठ टीम 2028 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## खबर संक्षेप



### असम में देर रात तक खुले रहेंगे रेस्टोरेंट

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने घोषणा की कि विश्व कप फुटबॉल के मैचों के दिन राज्य की राजधानी में रेस्टोरेंट (रेस्तरां) को सुबह 3 बजकर 30 मिनट तक खुला रखने की अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुटबॉल लोगों को जोड़ता है और राज्य सरकार चाहती है कि खेल प्रेमी बिना किसी असुविधा के सेमीफाइनल और फाइनल का आनंद लें। उन्होंने कहा, 'मैंने गुवाहाटी के जिला प्रशासन को 15, 16, 19 और 20 जुलाई को रेस्टोरेंट को सुबह 3 बजकर 30 मिनट तक खुला रखने की अनुमति देने के लिए कहा है ताकि फुटबॉल प्रेमियों को किसी तरह की परेशानी ना हो और वह मैचों का भरपूर आनंद ले सकें।'

### अलग-अलग चरणों में खेलना रोमांचक : वाशिंगटन

**बर्मिंघम।** भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने कहा कि वह बल्लेबाजी क्रम में किसी भी स्थान पर उतरने के लिए तैयार हैं क्योंकि उन्हें बल्लेबाजी में अलग-अलग भूमिकाएं रोमांचित करती हैं।



वाशिंगटन की खेल के विभिन्न प्रारुपों में भूमिकाएं बदलती रहती हैं। वाशिंगटन ने कहा, ' मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना रोमांचक लगता है। बहुत कम खिलाड़ियों को अलग-अलग भूमिकाएं निभाने का मौका मिलता है। इससे मुझे अलग-अलग परिस्थितियों में खेलने का मौका मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं टीम को जीत दिलाने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करता हूं।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत, इंग्लैंड से दूसरी भिड़ंत आज

## बदला दूसरे वनडे का समय, शाम 5.30 बजे होगा शुरू

एजेंसी ▶▶| कार्डिफ



पहले मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगी तो कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फॉर्म पर सभी का ध्यान केंद्रित रहेगा। गिल ने बर्मिंघम में खेले गए पहले वनडे में भारत की छह विकेट से जीत में 80 रन बनाए थे, लेकिन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्हें 'रिटायर्ड हर्ट' होकर मैदान छोड़ना पड़ा था। भारत उनके जल्द से जल्द फिट होने की उम्मीद कर रहा होगा। पिछले कुछ समय में यह पहला अवसर नहीं है जबकि गिल को फिटनेस संबंधी समस्या के कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

### रोहित को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

रोहित ने कप्तानी गंवाने के बाद अपने आक्रामक रवैए पर अंकुश लगाया लेकिन उन्हें अभी तक इससे खास फायदा नहीं हुआ है। रोहित ने पिछले साल अक्टूबर से 13 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने एक शतक और चार अर्धशतकों की मदद से 46.91 के औसत से 563 रन बनाए हैं। यह कोई मामूली रिकॉर्ड नहीं है। लेकिन भारतीय ड्रेसिंग रूम के मौजूदा हालात ने रोहित के लिए लगभग हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करना अनिवार्य बना दिया है। अभी यह सोचना कल्पना से परे होगा कि रोहित अगले कुछ मैचों में असफल रहने पर 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की दौड़ से बाहर हो जाएंगे।

### पुरानी फॉर्म में वापस लौटे बुमराह

भारत के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात यह है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार 50 ओवर के प्रारुप में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस साल आईपीएल के दौरान बुमराह को लय हासिल करने और विकेट लेने के लिए संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन अब लगता है कि उन्होंने अपनी पुरानी फॉर्म वापस पा ली है। इसी तरह ऑलराउंडर अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की फॉर्म में वापसी से भी टीम प्रबंधन बेहद खुश होगा।

**मैच का समय :** शाम 5:30 बजे

### जूनियर हॉकी टीम को मिली ब्रिटेन में मिश्रित सफलता

**नई दिल्ली।** इस साल चीन में होने वाले अंडर-21 एशिया कप के लिए तैयारी कर रही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ब्रिटेन के अपने दौरे में मिश्रित सफलता हासिल की तथा जहां उसने तीन मैच जीते वहीं चार मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। जूनियर एशिया कप चार से 13 सितंबर तक चीन के मोकी में खेला जाएगा। ब्रिटेन दौरे में भारतीय टीम ने स्कॉटलैंड की सीनियर महिला टीम, अमेरिका की अंडर-21, इंग्लैंड की अंडर-21 और बेल्जियम की अंडर-21 टीमों के खिलाफ कुल सात मैच खेले।

# जापान ओपन : भारत की चुनौती समाप्त आयुष, उन्नति, लक्ष्य हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| टोकियो

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में संघर्षपूर्ण मुकाबलों में हार गए जबकि लक्ष्य सेन को सीधे गेम में पराजय मिली।

एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता आयुष को दूसरी वरीयता प्राप्त पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुन्लावुत वितिदसर्न ने 21-19, 23-25, 21-15 से हराया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज उन्नति को चीनी ताइपै की हुआंग यू



सुन ने 16-21, 21-16, 21-15 से मात दी। आल इंग्लैंड चैंपियनशिप उपविजेता लक्ष्य को स्थानीय खिलाड़ी कोकी वातानाबे ने 38 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया। भारत के तीनों खिलाड़ी पहले दौर की बाधा भी पार नहीं कर सके, जो अगले महीने दिल्ली में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले अच्छा संकेत नहीं है। भारत 17 साल बाद इसकी मेजबानी कर रहा है।

अब भारत की उम्मीदें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित टीम पर टिकी हैं। सिंधू का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा जबकि ध्रुव और तनीषा शीर्ष वरीयता प्राप्त फेंग यान झि और हुआंग डोंग पिंग से खेलेंगे।

# अक्षर ने मारी लंबी छलांग, टॉप टेन में शामिल

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शानदार प्रदर्शन से आईसीसी वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं।

अक्षर में इस मैच में चार विकेट लेने के अलावा नाबाद 57 रन भी बनाए, जिससे वह आईसीसी रैंकिंग की नवीनतम सूची में तीन पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता था। अक्षर की बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 18 पायदान ऊपर 73वें जबकि गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### गिल की रेटिंग में बढ़ोतरी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 'रिटायर्ड हर्ट' होने से पहले 80 रन की शानदार पारी खेली। इससे उनकी रेटिंग में 12 अंकों की बढ़ोतरी हुई है और अब वह वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज डैरिल मिचेल से केवल 11 अंक पीछे हैं। जसप्रीत बुमराह ने वापसी पर एक विकेट लिया, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### आगे बढ़ने में सफल वॉशिंगटन

वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इससे वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 24 पायदान (177वां स्थान) और ऑलराउंडर रैंकिंग में 16 पायदान (55वां स्थान) आगे बढ़ने में सफल रहे। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट 76 रन बनाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त 12वें स्थान पर पहुंच गए। इसी तरह लियाम डॉसन की 68 रन की पारी ने उन्हें बल्लेबाजी रैंकिंग में 81 पायदान ऊपर 262वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 अगस्त से शुरू होगा महासंग्राम

# पहली बार पुरुष और महिला हॉकी विश्व कप एकसाथ




एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच विश्व कप में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है लिहाजा भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर चल रहे राष्ट्रीय शिविर में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं।

बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 से 30 अगस्त के बीच टूर्नामेंट खेला जाएगा और पहली बार महिला और पुरुष विश्व कप एक साथ, एक जगह पर होगा। भारतीय पुरुष टीम ने एफआईएच प्रो लीग के नीदरलैंड और लंदन चरण में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उसने विश्व चैंपियन जर्मनी और पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड के अलावा चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराया।


कार्यालय नगर पालिका परिषद् आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com

क्र./960 / न.पा./ लो.नि.वि. / 2026-27 — ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना — आरंग, दिनांक 15.07.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख में) | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 195530 | वार्ड क्र. 01 से 09 तक लघुनिर्माण, मरम्मत संधारण, ट्यूबवेल खनन एवं पाईप लाईन विस्तार तथा विद्युत विस्तार एवं संधारण कार्य (PWD ROAD SOR 20.06.2026, BUILDING SOR 10.06.2026, PHE SOR 2020 तथा ELECTRIC SOR 10.06.2026) | 18.00 | 05.08.2026 |
| 2 | 195531 | वार्ड क्र. 10 से 17 तक लघुनिर्माण, मरम्मत संधारण, ट्यूबवेल खनन एवं पाईप लाईन विस्तार तथा विद्युत विस्तार एवं संधारण कार्य (PWD ROAD SOR 20.06.2026, BUILDING SOR 10.06.2026, PHE SOR 2020 तथा ELECTRIC SOR 10.06.2026) | 18.00 | 05.08.2026 |
| 3 | 195534 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Municipal Council Arang under SBM 2.0 (2nd Call) | 573.48 | 31.07.2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारीई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
संशोधन पत्र क्रमांक 01

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सुचना संख्या संख्याः डीआरएम–इंजी–बीएसपी–टी–137–26–27 खुलने की तिथि 28.07.2026, कार्य का नाम "विलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लोर्हा, रूपौंद, अमलाई, मौहारी और बिजुरी स्टेशनों पर लॉन्ग हॉल लूप लाइनों का निर्माण इसमें मौजूदा तूप लाइनों का विस्तार और नई रेलवे लाइनों का निर्माण शामिल है, साथ ही, लॉन्ग हॉल, फॉर्मेशन/मालगाडी पार्किंग ऑपरेशन के लिए मेन लाइन से कनेक्टिविटी, रास्ते (पाथवे) बनाना और अन्य सबंधित सिविल व पी.वे (P. Way) कार्य, तथा अमलाई स्टेशन पर ट्रैक मशीन साइडिंग का निर्माण कार्य भी शामिल है।" के कार्य के नाम में निम्नवत संशोधन किया जाता है।

**विवरण** – पहले प्रकाशित निविदा मूल्य : ₹ 42,82,21,585.08/-। संशोधित मूल्य : ₹ 41,94,05,792/-। पहले प्रकाशित अमानत राशि : ₹ 85,64,400/-। संशोधित मूल्य : ₹ 83,88,100.00/-।

निविदा सुचना में उपरोक्त शुद्धिपत्र को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट का पता https://www.ireps.gov.in है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर)
सीपीआर/10/289 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail




## हाई कोर्ट बोला-रिकार्ड में प्रथम दृष्टया अपराध, हस्तक्षेप का आधार नहीं

बालिका अपहरण केस

# एफआईआर निरस्त करने से इनकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राजधानी भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में नौ वर्षीय बालिका के कथित अपहरण मामले की एफआइआर निरस्त करने की मांग नामंजूद कर दी। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने साफ किया कि एफआइआर और विवेचना में एकत्र साक्ष्यों से भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत प्रथमदृष्ट्या अपराध बनता है। इसलिए अंतर्निहित अधिकारों का प्रयोग कर एफआइआर निरस्त नहीं की जा सकती।



याचिकाकर्ता बबलू सेन ने बीएनएसएस की धारा 528 के तहत याचिका दायर कर दावा किया था कि उसने बालिका का अपहरण नहीं किया, बल्कि केवल रास्ता पूछने के बाद उसे मंदिर के पास उतार दिया था। उसने पुरानी रंजिश में झूठा फंसाने का आरोप भी लगाया। राज्य सरकार और शिकायतकर्ता ने विरोध करते हुए बताया कि बालिका को बिना अभिभावक की अनुमति कार में ले जाया गया। धारा 161 व 164 के बयानों में भी आरोपों की पुष्टि हुई है। विवेचना पूरी होने के बाद चालान पेश हो चुका है, इसलिए कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी।

*हाई कोर्ट ने राज्य शासन सहित अन्य से मांगा जवाब*

## सात हजार करोड़ का बजट फिर भी 1895 स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर कैग की रिपोर्ट ने ऐसे सवाल खड़े किए हैं, जिनका जवाब अब सरकार को हाईकोर्ट में देना होगा। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने 2025 की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट के आधार पर दायर जनहित याचिका को बेहद गम्भीरता से लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन सहित संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। दरअसल, इंदौर के अधिवक्ता सौरभ त्रिपाठी की जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि 7,165 करोड़ रुपये से अधिक के बजट के बावजूद प्रदेश के 1,895 सरकारी स्कूल बिना एक भी शिक्षक के चल रहे हैं, जबकि दूसरी ओर बिना विद्यार्थियों वाले स्कूलों में शिक्षक पदस्थ हैं। कोर्ट ने मामले को जनहित और बच्चों के शिक्षा के अधिकार से जुड़ा गंभीर मुद्दा मानते हुए सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। इस जनहित याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2018 से 2023 के बीच 66,814 सरकारी स्कूलों के आडिट में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 1,895 स्कूलों में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है। इसके विपरीत 435 स्कूल ऐसे मिले, जहां एक भी छात्र नहीं है, लेकिन शिक्षक तैनात हैं।

*अकादमिक कैलेंडर में छात्रसंघ गठन का प्रविधान स्पष्ट करने के निर्देश, तीन अगस्त को होगी अगली सुनवाई*

## छात्रसंघ चुनाव पर हाईकोर्ट सख्त, दो सप्ताह में सरकार से मांगा स्पष्ट जवाब

**जबलपुर।** प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 2017 से छात्रसंघ चुनाव नहीं होने के मामले में मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कड़ा जवाब तलब किया है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने बुधवार को सुनवाई के दौरान निर्देश दिया कि दो सप्ताह के भीतर शैक्षणिक सत्र 2026-27 का अकादमिक कैलेंडर जारी कर उसमें छात्रसंघ गठन और चुनाव संबंधी प्रविधान स्पष्ट किए जाएं। इसकी जानकारी न्यायालय को दी जाए। मामले की अगली सुनवाई तीन अगस्त को होगी। जनहित याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2017 से प्रदेश के शासकीय उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया ठप है। याचिकाकर्ता अदनान अंसारी की ओर से अधिवक्ता अक्षरदीप ने तर्क दिया कि राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय से अनुमोदित लिंगदोह समिति की सिफारिशों का प्रभावी पालन नहीं कर रही है, जिससे विद्यार्थियों का लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व प्रभावित हो रहा है। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 का अकादमिक कैलेंडर अंतिम चरण में है और इस बार उसमें छात्रसंघ गठन संबंधी प्रविधान का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा।

10 रुपए के पेमेंट लिंक से 5 लाख की साइबर ठगी

## स्किन डॉक्टर का नंबर सर्च करना पड़ा महंगा

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना क्षेत्र की हाथीताल कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ऑनलाइन स्किन विशेषज्ञ (डर्मेटोलॉजिस्ट) का मोबाइल नंबर सर्च करने के दौरान साइबर ठगी का शिकार हो गए। महज 10 रुपए का भुगतान करने के लिए भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही साइबर ठगों ने उनके और उनकी पत्नी के बैंक खातों से करीब 4 लाख 94 हजार 601 रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 51 वर्षीय राकेश कुमार गुप्ता मूलतः ग्राम खटखरी, थाना शाहपुर, जिला मऊगंज के निवासी हैं और वर्तमान में हाथीताल कॉलोनी, गोरखपुर में रहते हैं। उनकी पत्नी सविता गुप्ता को त्वचा संबंधी समस्या होने के कारण वे मोबाइल पर स्किन विशेषज्ञ का नंबर खोज रहे थे। इसी दौरान इंटरनेट पर मिले एक मोबाइल नंबर पर उन्होंने संपर्क किया। कुछ देर बाद दूसरे नंबर से कॉल आया और 10 रुपए का




भुगतान करने के लिए एक लिंक भेजी गई। राकेश गुप्ता ने लिंक पर क्लिक कर भुगतान करने का प्रयास किया, लेकिन भुगतान सफल नहीं हुआ। कुछ दिनों बाद उन्होंने यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस की एक पॉलिसी के लिए 16 हजार 500 रुपए का यूपीआई भुगतान किया। इसके बाद उनके जीमेल पर लगातार बैंक ट्रांजेक्शन के संदेश आने लगे। जांच करने पर पता चला कि उनके और उनकी पत्नी के खातों से कुल 16 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 4 लाख 94 हजार 601 रुपए निकाल लिए गए।

### सतना और मऊगंज के खातों से हुई निकासी

राकेश गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनका खाता एक्सिस बैंक, सतना शाखा में है, जबकि उनकी पत्नी सविता गुप्ता का खाता केनरा बैंक, मऊगंज शाखा में संचालित है। साइबर ठगों ने दोनों खातों से कई किश्तों में रकम निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर गोरखपुर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि इंटरनेट पर मिले किसी भी नंबर या लिंक पर बिना सत्यापन के भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।

अब स्कूलों में संभालेंगे जिम्मेदारी

## शिक्षकों की अटैचमेंट व्यवस्था खत्म

**जबलपुर।** शिक्षा विभाग में वर्षों से चली आ रही अटैचमेंट व्यवस्था पर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों में संबद्ध सात शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर उनकी मूल पदस्थापना वाले विद्यालयों में भेज दिया है। यह कार्रवाई भोपाल में 13 जुलाई को आयोजित समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव संजय गोयल द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद की गई। आदेश के तहत ऋषि परौहा को तहसीलदार कार्यालय से कुम्ही, मोहम्मद तारिक मंसूरी को तहसील पनागर से डुंगरिया, मनोज कुमार गुप्ता को बीईओ कार्यालय से अधारताल, विकास चौधरी को कलेक्ट्रेट से बेलबाग, सुरेश झारिया को तहसील गोरखपुर से गढ़ा, नीरजा द्विवेदी को छात्रावास नीमखेड़ा से पड़वार तथा मनोज कुमार पांडे को जिला पंचायत से सालीवाड़ा विद्यालय भेजा गया है।

शिक्षा विभाग का मानना है कि कार्यालयों में संबद्ध रहने के कारण कई शिक्षक लंबे समय से शिक्षण कार्य से दूर थे। अब सभी को अपने मूल विद्यालयों में जाकर नियमित रूप से अध्यापन करना होगा। शासन के निर्देश के बाद जिला स्तर पर तेजी से कार्रवाई करते हुए संबंधित शिक्षकों को कार्यमुक्त कर दिया गया।

### 24 घंटे में मूल पदस्थापना पर लौटने के निर्देश

प्रमुख सचिव संजय गोयल ने कलेक्टरों के साथ बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि कार्यालयों में संबद्ध सभी शिक्षकों को 24 घंटे के भीतर उनकी मूल पदस्थापना पर भेजा जाए। इसके बाद जिले में शिक्षा विभाग और प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आदेश का पालन कराया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शासन इस व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रहा है और निर्देशों के पालन में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

### शिक्षकों की उपलब्धता की उम्मीद

विभाग का मानना है कि इस निर्णय से उन स्कूलों को राहत मिलेगी जहां शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। मूल विद्यालयों में शिक्षकों की वापसी से शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत होगी और विद्यार्थियों को नियमित अध्यापन का लाभ मिलेगा। साथ ही कार्यालयों में अनावश्यक अटैचमेंट की व्यवस्था समाप्त होने से विभागीय कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश निरस्त, सेवा में बहाल करने के निर्देश

## दिव्यांग शिक्षक की सेवा समाप्ति पर हाईकोर्ट की रोक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने छतरपुर जिले के एक प्राथमिक शिक्षक की सेवा समाप्ति के आदेश पर रोक लगाते हुए उसे सेवा में बहाल करने तथा 90 दिनों के भीतर मेरिट के आधार पर उसकी श्रेणी (कैटेगरी) का परीक्षण कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

मामला छतरपुर निवासी सुरेंद्र पटेल की नियुक्ति से जुड़ा है। याचिका के अनुसार वर्ष 2023 की प्राथमिक शिक्षक भर्ती में उन्हें दिव्यांग श्रेणी में चयनित किया गया था, जबकि उनके अंक अनारक्षित वर्ग की कटऑफ के बराबर थे। बाद में मेडिकल परीक्षण में दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 2 जुलाई 2026 को उनकी सेवा समाप्त कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर और अधिवक्ता अभिलाषा सिंह



लोधी ने हाईकोर्ट में तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णयों के अनुसार क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल) आरक्षण के तहत चयनित अभ्यर्थी यदि सामान्य वर्ग की मेरिट में स्थान प्राप्त करता है, तो उसे सामान्य वर्ग में समायोजित किया जाना चाहिए, न कि आरक्षित श्रेणी की सीट पर। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया तर्कों को स्वीकार करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी का सेवा समाप्ति आदेश निरस्त कर दिया। साथ ही शिक्षक को सेवा में बहाल रखने और 90 दिनों के भीतर मेरिट के आधार पर श्रेणी परिवर्तन पर निर्णय लेने के निर्देश दिए।

2 दिन पहले दी थी धमकी, तड़के पेट्रोल छिड़ककर वारदात को दिया अंजाम

## पुरानी रंजिश पर दुकान में लगा दी आग, लाखों का माल खाक

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम चौकीताल में पुरानी रंजिश के चलते एक वेल्डिंग एवं टायर की दुकान में आग लगा दी गई। आगजनी में दुकान के अंदर खड़ा ई-रिक्शा, ग्राहक की बाइक, टायर-ट्यूब, ऑयल के डिब्बे, वेल्डिंग मशीन सहित लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, महेन्द्र अहिरवार और उनके भाई गणेश अहिरवार की चौकीताल दलपत मोड़ पर वेल्डिंग की दुकान है, जहां टायर, ट्यूब और ऑयल का भी कारोबार किया जाता है। पीड़ितों का आरोप है कि घटना से दो दिन पहले अर्पित उर्फ गोलू पटेल और संजू पटेल दुकान पर पहुंचे थे। दोनों ने गाली-गलौज करते हुए दुकान में आग लगाने की धमकी दी थी।

### तड़के पेट्रोल डालकर लगाई आग



बताया गया कि बुधवार तड़के करीब 4:30 बजे दोनों आरोपियों ने कथित रूप से दुकान पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और उसकी लपटें दूर तक दिखाई देने लगीं। सबसे पहले गणेश अहिरवार के ससुर सूरज चौधरी और सास अनिता चौधरी ने दुकान से उठती आग की लपटें देखीं। उन्होंने तत्काल परिजनों को सूचना दी। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग पूरी दुकान में फैल चुकी थी। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### ई-रिक्शा, बाइक, मशीनें जलकर खाक

आगजनी में दुकान के भीतर रखा ई-रिक्शा (एमपी-20-एक्सई-9249), एक ग्राहक की हीरो मोटरसाइकिल (एमपी-20-जेडसी-7609), कम्प्रेसर, वॉशिंग मशीन, 500 लीटर की पानी की टंकी, 18 पुराने टायर, वेल्डिंग मशीन, ग्राइंडर, हैमर मशीन, 72 ट्यूब, 80 ऑयल के डिब्बे और 72 पंचर रिपेयर किट समेत लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया।

### पुराने विवाद से जोड़ रहे घटना

पीड़ित महेन्द्र और गणेश अहिरवार ने पुलिस को बताया कि अर्पित उर्फ गोलू पटेल के साथ उनका पहले भी विवाद हो चुका था, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। उनका आरोप है कि उसी रंजिश के चलते आरोपियों ने दुकान में आग लगाकर भारी नुकसान पहुंचाया। ड़ाघाट थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

*मालवाहक वाहन में मजदूरों का परिवहन ...!*

# पिकअप पलटी, 23 मजदूर घायल, 4 गंभीर

**जबलपुर।** जिले की तहसील सिहोरा क्षेत्र में लमकना रोड पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर भारी पड़ गई। मजदूरों से भरी एक पिकअप ओवरटेक के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 23 मजदूर घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



### क्षमता से अधिक मजदूर भरे थे वाहन में

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक मजदूर सवार थे। मालवाहक वाहन में इस तरह लोगों को भरकर ले जाना न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की जान को भी गंभीर खतरे में डालता है।

### ओवरटेक के दौरान बिगड़ा संतुलन

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 8 बजे मजदूरों को लेकर जा रही पिकअप सिहोरा मार्ग पर तेज रफ्तार से दौड़ रही थी। आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और पिकअप सड़क पर पलट गई।

### हर हादसे के बाद कार्रवाई के दावे, फिर वही हालात

जिले में ओवरलोड पिकअप वाहनों के हादसे लगातार सामने आते रहे हैं। इसके बावजूद सड़कों पर मालवाहक वाहनों में मजदूरों का परिवहन खुलेआम जारी है। परिवहन विभाग और पुलिस की कार्रवाई अक्सर हादसे के बाद तक ही सीमित रह जाती है।

### ये हुए घायल

घायल मजदूरों में प्रियंका, कढ़ोरीलाल चौधरी, मनीषा बाई, जयंतो बाई, नंदकिशोर, राजकुमारी, सुदामा बाई, लली बाई, सुकन्या बाई, संतरा बाई, आशीष चौधरी, सविता, गोमती, सुलोचना, राजू चौधरी, दीपक चौधरी, मोनू, राजकुमार, सुमित्रा बाई, अर्चना, ज्योति, इमरती बाई और रितु चौधरी शामिल हैं। सभी घायल ग्राम कूड़ा अमाड़ी और चरागवां गांव के निवासी बताए गए हैं। अधिकांश घायलों को मामूली चोटें आई हैं और सभी का उपचार जारी है। घायलों को सिहोरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिहोरा थाना पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने और ओवरलोडिंग के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है।




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240